**सुविचार**

मनुष्य जितना चाहता है, उतनी ही उसकी प्राप्त करने की शक्ति बढ़ती जाती है। अभाव पर विजय पाना ही जीवन की सफलता है। उसे स्वीकार करके उसकी गुलामी करना ही कायरपन है।

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi



महाशिवरात्रि पर तमन्ना भाटिया ने साझा...

Ranchi ● Monday, 11 March 2024 ● Year : 02 ● Issue : 54 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 74,119.39 |
| निफ्टी | : | 22,493.55 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 6,235 |
| चांदी | : | 79.02 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### यूएनएससी में सुधार के लिए और कितना इंतजार : भारत

**NEW DELHI :** भारत ने एक बार फिर से यूएनएससी में बदलाव की मांग उठाई है। यूएन में भारत की परमानेंट प्रतिनिधि रुचिरा कम्बोज ने कहा– सुरक्षा परिषद में सुधारों पर चर्चा 1990 के दशक में शुरू हुई थी। दुनिया और हमारी आने वाली पीढ़ियों को अब और कितना इंतजार करना होगा? हम और इंतजार नहीं कर सकते। रुचिरा ने आगे कहा– साल 2000 में पहली बार मिलेनियल समिट में वर्ल्ड लीडर्स ने यूएनएससी में सुधार के लिए संकल्प लिया था। इस बात को करीब 25 साल बीत चुके हैं। अब भी अगर बदलाव नहीं हुए तो यूएनएससी एक ऐसा संगठन बन जाएगा जो गुमनामी की तरफ बढ़ रहा है। रुचिरा कम्बोज ने सुझाव दिया कि अगले साल यूएन की 80वीं सालगिरह है और सितंबर में एक अहम शिखर सम्मेलन होने वाला है। ऐसे मौकों पर इन जरूरी सुधारों को पेश किया जाना चाहिए।

### लालू के करीबी सुभाष गिरफ्तार, मिले ₹2 करोड़

**PATNA :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लालू यादव के करीबी बालू कारोबारी सुभाष यादव को गिरफ्तार कर लिया है। देर रात करीब 12 बजे सुभाष यादव को ईडी की टीम साथ में लेकर गई है। गिरफ्तारी के कुछ समय बाद ही उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। फिर रविवार सुबह राजद नेता को बेऊर जेल भेज दिया गया। ईडी ने शनिवार को सुभाष यादव के 6 ठिकानों पर 14 घंटे छापेमारी की थी। उनपर अवैध बालू कारोबार से जुड़े मामले में ये कार्रवाई हुई है। जानकारी के मुताबिक, छापेमारी के दौरान दानापुर स्थित आवास से 2 करोड़ कैश मिले। इसके अलावे संपत्ति से जुड़े कुछ दस्तावेज भी मिले हैं। वे ब्रॉडसन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर हैं। लालू प्रसाद यादव के करीबी रहे हैं।

### ट्रक ने कार को 100 मीटर घसीटा, 7 की मौत

**JAUNPUR :** जौनपुर में सड़क हादसे में एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत हो गई। यहां रविवार तड़के 2.30 बजे कार को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार ट्रक में फंस गई और करीब 100 मीटर तक घिसटती चली गई। जिसके कारण गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और कार सवार 6 लोगों की मौके पर मौत हो गई। जबकि 6 साल के बच्चे ने वाराणसी के बीएचयू में इलाज के दौरान दम तोड़ा। 2 की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि परिवार बिहार के सीतामढ़ी का रहने वाला था। सभी लोग बेटे के लिए लड़की का छेका लेकर प्रयागराज जा रहे थे। लेकिन जैसे ही कार गौरा बादशाहपुर के प्रसाद कॉलेज के पास पहुंची, तो सामने से आ रही ट्रक से भिड़ गई।

# झामुमो के डॉ सरफराज अहमद इंडिया के साझा उम्मीदवार, आज 12 बजे दाखिल करेंगे नामांकन

## सीएम आवास में हुई सत्ताधारी दल की बैठक में फैसला, हरिहर महापात्रा को नहीं मिला प्रस्तावक

**PHOTON NEWS RANCHI :** झामुमो के पूर्व विधायक डॉ सरफराज अहमद राज्यसभा चुनाव के लिए झारखंड से इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के साझा उम्मीदवार बनाए गए हैं। वह सोमवार को 12 बजे नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। रविवार की रात को मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के आवास पर सत्ताधारी दल की बैठक हुई। बैठक में राज्यसभा चुनाव के लिए झारखंड से डॉ सरफराज अहमद के नाम पर मुहर लगा दी गई। वह झामुमो के उम्मीदवार होंगे। गठबंधन के घटक दलों ने उनको अपना समर्थन देने का ऐलान किया। झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का गठबंधन है। ये तीनों ही पार्टियां केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ बने ग्रांड अलायंस इंडिया का हिस्सा हैं। बता दें कि किसी भी उम्मीदवार के राज्यसभा चुनाव लड़ने के लिए जरूरी है कि उनके नामांकन पत्र पर कम से कम 10 विधायकों के हस्ताक्षर हों। यानी 10 विधायक जब तक प्रस्तावक नहीं बनेंगे, कोई भी व्यक्ति राज्यसभा का चुनाव नहीं लड़ सकता है। झारखंड में हरिहर महापात्रा को एक भी प्रस्तावक नहीं मिला है। दूसरी तरफ, भाजपा ने सत्ताधारी दल से आग्रह किया है



डॉ सरफराज अहमद

### कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने की थी चर्चा

चर्चा थी कि डॉ सरफराज अहमद कांग्रेस के टिकट पर राज्यसभा का चुनाव लड़ेंगे। लेकिन, सीएम आवास में हुई बैठक में तय हुआ कि वह झामुमो के चुनाव चिह्न पर ही राज्यसभा का चुनाव लड़ेंगे। डॉ सरफराज के अलावा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से प्रदीप वर्मा को मैदान में उतारा गया है। मुंबई के एक बिजनेसमैन हरिहर महापात्रा ने राज्यसभा चुनाव के लिए झारखंड से टिकट खरीदा था, लेकिन अब तक कोई उनका प्रस्तावक नहीं बना है। अगर सत्ताधारी गठबंधन की ओर से कोई दूसरा उम्मीदवार मैदान में नहीं आता है, तो झारखंड में राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान की नौबत नहीं आएगी। दोनों ही दलों के एक-एक सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए जाएंगे। । बता दें कि झारखंड की 2 राज्यसभा सीटों के लिए 21 मार्च को द्विवार्षिक चुनाव होना है। डॉ सरफराज अहमद ने इंडिया उम्मीदवार के रूप में 7 मार्च को ही नामांकन परचा खरीद लिया था।

## बराकर नदी पर सबसे बड़े 4 लेन पुल का शिलान्यास

# उत्थान के लिए भाजपा ने कुछ नहीं किया : चम्पाई

**PHOTON NEWS JAMTARA :** झारखंड के संताल परगना स्थित जामताड़ा में बराकर नदी पर झारखंड के सबसे बड़े वीरग्राम-बरबेंदिया 4 लेन पीएससी ब्रिज का शिलान्यास मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने किया। झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा इस पुल का निर्माण किया जाएगा। इससे जामताड़ा और निरसा की दूरी न केवल कम होगी, बल्कि बंगाल से भी जामताड़ा की सीधी कनेक्टिविटी सुलभ हो जाएगी। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने रविवार को जामताड़ा के वीरग्राम फुटबॉल मैदान में आयोजित जामताड़ा-निरसा पथ पर उच्चस्तरीय पुल के निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व की भाजपा सरकार पर हमला बोला। कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद उनकी सरकार थी। उन्होंने आदिवासियों-मूलवासियों के दुख-दर्द को नहीं समझा। सिर्फ दुष्प्रचार किया। झारखंड की जनता के उत्थान के लिए उन्होंने कुछ नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की नजर सिर्फ यहां की खनिज संपदा पर थी। उन्होंने कहा कि झारखंड कभी गरीब नहीं रहा। यह राज्य अमीर है, लेकिन यहां के आदिवासियों को उस संपत्ति से दूर रखा गया। वे आज भी गरीब हैं। उन्होंने कोरोना काल का भी जिक्र किया। कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 5 साल के लिए जनादेश मिला, लेकिन भाजपा ने सरकार बनने के बाद से ही इसे गिराने की साजिश रचनी शुरू कर दी। चम्पाई सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने अपने राज्य के लोगों को उनके पैरों पर खड़ा करने वाली नीतियां बनाईं। हमारी सरकार ने लोगों को रोटी, कपड़ा और मकान देने का निश्चय किया। हमने 50 साल की उम्र के लोगों के लिए पेंशन योजना लागू कर दी है। कहा कि झारखंड को विकास करना है, तो शिक्षा जरूरी है। लेकिन, भाजपा की सरकार ने 5000 से अधिक स्कूलों को बंद कर दिया, ताकि आदिवासियों के बच्चे शिक्षित न हो सकें। लेकिन, हेमंत सरकार ने मॉडल स्कूल बनाना शुरू किया।

- जामताड़ा से निरसा की दूरी हो जाएगी कम
- भाजपा की नजर झारखंड की खनिज संपदा पर
- भाजपा ने स्कूल बंद किए, हेमंत ने बनाए मॉडल स्कूल



जामताड़ा में एक लाभुक को अबुआ आवास योजना की स्वीकृति पत्र सौंपते सीएम चम्पाई सोरेन।

### जनविरोधी पार्टी है भाजपा : मुख्यमंत्री

झामुमो नेता और झारखंड के सीएम चम्पाई सोरेन ने कहा भाजपा पर झारखंड के साथ भेदभाव का भी आरोप लगाया। कहा कि प्रधानमंत्री कहते थे कि 2022 तक सभी को अपना पक्का मकान देंगे। लेकिन, झारखंड को पक्का मकान नहीं दिया। तब हेमंत सोरेन ने अपने दम पर अबुआ आवास योजना की शुरुआत की। हमारी सरकार जनता की हितैषी सरकार है। भाजपा वाले जनविरोधी हैं। हमारी सरकार झारखंडियों की सरकार है। आपकी सरकार है। इसलिए हम किसानों के हित में काम करते हैं। विद्यार्थियों के हित में काम करते हैं। गरीबों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों और विधवा के बारे में सोचते हैं। मुख्यमंत्री ने अबुआ आवास योजना स्वीकृति पत्र, सर्वजन पेंशन योजना के तहत प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा हरित ग्राम बागवानी योजना के तहत परिसंपत्तियों के वितरण के साथ-साथ हाथियों के हमले में घायल लोगों को मुआवजा राशि का भी वितरण किया गया।

### गिरिडीह को 639 करोड़ की मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना की सौगात

**GIRIDIH :** सीएम चम्पाई सोरेन ने गिरिडीह को 639 करोड़ की मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना की सौगात दी। वे रविवार को गिरिडीह जिले के मधुबन पहुंचे। पारसनाथ पर्वत स्थित मांझीथान में उन्होंने पूजा-अर्चना की। पूजा करने के बाद मांझी हड़ामों को सम्मानित किया गया। सीएम पूजा करने के बाद मधुबन के मकर संक्रांति मेला मैदान पहुंचे। उन्होंने 639 करोड़ की लागत से पीरटांड़ मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। सीएम चम्पाई सोरेन ने कहा कि झारखंड अलग होने के साथ ही बीजेपी के नेतृत्व की सरकार चली गयी। पीरटांड़ दिशोम गुरु शिबू सोरेन की संघर्ष भूमि रही है। बीजेपी की डबल इंजन की सरकार ने कभी भी ऐसी योजनाओं के बारे में नहीं सोचा। बीजेपी ने हमेशा झारखंड की जनता को गुमराह किया। बीजेपी की सरकार के विरोध में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हमलोगों ने लड़ाई लड़ी। झारखंड में गठबंधन की सरकार बनी। कोरोना के कारण काम करने का कम समय मिला। बावजूद हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड का विकास किया। पीरटांड़ के खेतों को हमेशा पानी देंगे। पीरटांड़ के किसानों को स्वावलंबी बनाएंगे। अब किसान एक फसल पर निर्भर नहीं रहेंगे। डीवीसी जैसी बड़ी कम्पनियों ने झारखंड की जमीन, पानी, कोयला आदि का उपयोग किया, लेकिन झारखंड के किसानों के बारे में किसी ने नहीं सोचा। गांव के इलाकों में आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय है। मधुबन की धरती पर बड़ी-बड़ी इमारत बन गयी, लेकिन यहां के लोगों की आर्थिक स्थिति नहीं सुधर सकी।

### तृणमूल के उम्मीदवारों का ऐलान, नुसरत जहां का पत्ता कटा

**KOLKATA :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों पर अपने कैंडिडेट्स की घोषणा कर दी। पार्टी ने बहरामपुर सीट से कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ क्रिकेटर यूसुफ पठान को उतारा है। इसके अलावा आसनसोल से अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा और दुर्गापुर से पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद का नाम शामिल है। टीएमसी ने बशीरहाट लोकसभा सीट से एक्ट्रेस नुसरत जहां और जादवपुर सीट से एक्ट्रेस मिमी चक्रवर्ती का टिकट काट दिया है। टीएमसी ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए 16 मौजूदा सांसदों को टिकट दिया है। इनमें 12 महिलाएं भी शामिल हैं। इसके अलावा बंगाली फिल्म इंडस्ट्री के दो बड़े चेहरे रचना बनर्जी को हुगली और दीपक अधिकारी देव को घाटल से टिकट दिया है। बैरकपुर से लोकसभा का टिकट नहीं मिलने पर टीएमसी नेता अर्जुन सिंह बीच में ही ममता का मंच छोड़ कर चले गए। 2019 के लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने के बाद अर्जुन ने भाजपा का दामन थाम लिया था। टीएमसी के दिग्गज नेता दिनेश त्रिवेदी ने इन्हें बैरकपुर सीट से हराया था। हालांकि, 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले त्रिवेदी भी भाजपा में शामिल हो गए थे, जिसके बाद यहां तृणमूल के पास कोई बड़ा चेहरा नहीं बच।

# प्रधानमंत्री मोदी ने रांची के लाइट हाउस प्रोजेक्ट का किया वर्चुअल उद्घाटन



ऑनलाइन उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद संजय सेठ।

**PHOTON NEWS RANCHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत रांची के धुर्वा स्थित पंचमुखी मंदिर के पास बने लाइट हाउस प्रोजेक्ट का रविवार को ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस कड़ी में राजधानी के मौसीबाड़ी मैदान पंचमुखी मंदिर के नजदीक कुल 1008 आवासों का उद्घाटन किया गया। ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज के तहत 3डी वॉल्यूमेट्रिक प्रीकास्ट विधि से 5.15 एकड़ में सात इमारत बनाए गए हैं। कुल 131 करोड़ की लागत से 18 महीनों में 1008 फ्लैट को नई तकनीक के साथ तैयार किया गया है। हरेक फ्लैट वन-बीएचके है, जो 315 स्क्वायर फीट में बना है। उद्घाटन के दौरान 10 लाभुकों को सांकेतिक रूप से फ्लैट की चाबी दी गई। लाभुकों में शोभा देवी-फ्लैट नंबर 316, केशरी देवी-फ्लैट नंबर 808, संजय कुमार कर्ण-फ्लैट नंबर 312, मनोज कुमार वर्मा-फ्लैट नंबर 606, राकेश कुमार दास-फ्लैट नंबर 607, पूनम देवी-फ्लैट नंबर 506, इंदू देवी-फ्लैट नंबर 215, मुन्नी देवी-फ्लैट नंबर 414, सबिता कुमारी-फ्लैट नंबर 610 और अजय कुमार ठाकुर-फ्लैट नंबर 306 के नाम शामिल हैं। लाभुकों ने घर मिलने की खुशी जताई और प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। उनका कहना था, अभी तक सभी किराए के मकान में रहते थे लेकिन अब उनका खुद का मकान होगा।

### मोदी दूसरी मिट्टी का बना : पीएम

**AZAMGARH :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रविवार को यूपी में दूसरा दिन था। आजमगढ़ से पीएम मोदी ने देशभर के 15 एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम ने कहा– मैं दूसरी मिट्टी का बना हूं, क्योंकि पहले चुनाव के मौसम में नेता पत्थर लगा देते थे। फिर पत्थर भी गायब और नेता भी गायब हो जाते थे। उन्होंने कहा कि मैं 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के लिए तेज गति से दौड़ रहा हूं और देश को तेज गति से दौड़ा रहा हूं। 2024 में किए जा रहे शिलान्यासों को कोई चुनावी चश्मे से न देखे। क्योंकि 2019 में हमने जो शिलान्यास किए थे, उनके उद्घाटन हो चुके हैं। आजमगढ़ में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री को स्मृति चिह्न दिया। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ पहले अपराध और माफियाओं का गढ़ था। मगर 10 साल में आजमगढ़ की पहचान बदल गई। इससे पहले सुबह वाराणसी में पीएम ने बीएलडब्ल्यू गेस्ट हाउस में 100 से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की थी। शनिवार देर शाम पीएम काशी पहुंचे थे। यहां उन्होंने बाबतपुर एयरपोर्ट से करीब 30 किलोमीटर का रोड शो किया। काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में बाबा का 30 मिनट तक पूजन किया। इसके बाद मंदिर से बाहर आकर पीएम ने त्रिशूल उठाया और हर-हर महादेव का जयघोष किया।

# हजारीबाग में पुलिस-उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़, एक उग्रवादी घायल

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH :** हजारीबाग में रविवार को पुलिस और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुईञ मुठभेड़ में एक उग्रवादी के घायल होने की भी खबर है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इसकी आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं की है। बड़कागांव थाना से 22 किलोमीटर दूर स्थित चरखा पत्थर के पास कथित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी एवं हजारीबाग पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ की शुरूआत पूर्वाह्न 11:00 हुई। बड़कागांव पुलिस ने मुठभेड़ की पुष्टि नहीं की है, लेकिन हजारीबाग एसपी के नेतृत्व में हजारीबाग एवं बड़कागांव की पुलिस ने चरकापत्थर जंगल के पास मोर्चा संभाल रखा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, टीएसपीसी कमांडर दिवाकर उर्फ प्रताप के दस्ते के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है। ज्ञात हो कि बड़कागांव क्षेत्र में इन दिनों अपराधियों व टीएसपीसी की गतिविधि तेज हो गईं हैं।



- टीएसपीसी के दिवाकर का दस्ता बड़ी घटना को अंजाम देने की बना रहा था योजना
- उग्रवादियों ने पुलिस को देखते ही शुरू कर दी फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में एक घायल

## एचएएल से पहले बैच में वायु सेना को मिलेंगे 2 तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान

# बढ़ेगी भारतीय वायुसेना की ताकत, थर-थर कांपेंगे दुश्मन

**AGENCY NEW DELHI :** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भारतीय वायु सेना को इसी महीने के अंत तक पहले बैच में दो तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान सौंप देगा, जो स्वदेशी एलसीए तेजस का एक बेहतर संस्करण है। रक्षा विमानन क्षेत्र में भारत का स्वर्ण युग इस महीने 4.5 पीढ़ी के इस फाइटर जेट की पहली उड़ान के साथ शुरू होने जा रहा है। पूरी तरह से तैयार दो एमके-1ए फाइटर जेट एलसीए डिवीजन के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगली बेंगलुरु यात्रा का इंतजार कर रहे हैं, इसलिए यह एक हाई प्रोफाइल कार्यक्रम हो सकता है। रक्षा मंत्रालय ने 83 एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट के लिए 03 फरवरी, 2021 को एचएएल के साथ डील फाइनल की थी। इसी सौदे का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर पिछले साल 04 अक्टूबर को एचएएल ने वायुसेना को सौंप दिया था। केंद्र सरकार ने लंबे इंतजार के बाद पिछले साल 30 नवंबर को 97 और तेजस एमके-1ए खरीदने को मंजूरी दे दी है। एचएएल के साथ अतिरिक्त 97 तेजस एमके-1ए के सौदे पर हस्ताक्षर होने के बाद कुल 180 विमानों का उत्पादन किया जाना है। एचएएल ने 83 विमानों का ऑर्डर मिलने पर प्रतिवर्ष 16 जेट तैयार करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन 97 विमानों का और ऑर्डर मिलने के बाद प्रति वर्ष 32 जेट का उत्पादन करने की तैयारी है। एचएएल से पहले बैच में मिलने वाले दोनों तेजस एमके-1ए को भारतीय वायुसेना अपने हवाई बेड़े में शामिल करने से पहले कठोर निरीक्षण और परीक्षण करेगी। आधुनिक वायु युद्ध के लिहाज से एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट में एवियोनिक्स, हथियार और रखरखाव में 43 तरह के सुधार किये गए हैं।

- हवाई बेड़े में शामिल करने से पहले कठोर निरीक्षण और परीक्षण करेगी सेना
- दोनों फाइटर जेट को प्रधानमंत्री मोदी की अगली बेंगलुरु यात्रा का इंतजार



### दुश्मन के विमानों की करेगा पहचान

तेजस एमके-1ए में अत्याधुनिक एईएसए रडार होगा, जो तेजस एमके-1 के इजरायली ईएल/एम-2032 राडार से बेहतर होगा। पहले बैच में इजरायली ईएल/एम-2052 राडार होगा, जबकि बाकी में स्वदेशी 'उत्तम' राडार होगा। तेजस एमके-1ए में इजरायली ईएलएल-8222 जैमर पॉड होगा, जो बीवीआर या एसएएम मिसाइलों के राडार सिग्नल को बाधित करेगा। एचएएल के मुताबिक तेजस एमके-1ए में एक नया डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर (डीएफसीसी) होगा, जो इसकी चपलता और कंप्यूटिंग शक्ति को बढ़ावा देगा। नया डीएफसीसी पावरवीसी आर्किटेक्चर का उपयोग करेगा, जिससे इसे हवा में ज्यादा समय तक बनाए रखना आसान हो जाएगा। विमान में लगा राडार चेतावनी रिसीवर (आरडब्ल्यूआर) दुश्मन के विमानों को ट्रैक और पहचान करेगा।

### पलामू टाइगर रिजर्व में फिर दिखा बाघ

**PLAMU :** झारखंड के एकमात्र टाइगर प्रोजेक्ट पलामू टाइगर रिजर्व (लातेहार) में फिर बाघ की एंट्री हुई है। बीती रात बाघ की तस्वीर कैमरा ट्रैप के माध्यम से कैद की गयी है। बाघ के स्ट्राइप्स के माध्यम से विशेषज्ञों ने यह पहचान की है कि पिछले वर्ष नवंबर महीने के तीसरे सप्ताह में जो बाघ दिखा था, वही फिर इस इलाके में अपनी गतिविधि बनाये हुए है, जिसकी स्पष्ट तस्वीर सामने आई है ।1129 वर्ग किलोमीटर में फैले पीटीआर में अलग-अलग जगह पर लगाये गये 50 से अधिक कैमरा ट्रैप लगाये गये हैं। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। बाघ की शारीरिक बनावट को आधार बनाकर विशेषज्ञों की टीम ने विश्लेषण के आधार पर यह बताया है कि पीटीआर के अलग-अलग जगहों पर चार बाघों की गतिविधियां लगातार बनी हुई हैं।

## गोड्डा में गरजीं कल्पना सोरेन, बोलीं

# आदिवासियों का आरक्षण छीनना चाहती है भाजपा

**PHOTON NEWS GODDA :** गोड्डा के सुंदरपहाड़ी प्रखंड के डमरू हाट के फुटबॉल मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने रविवार को लोगों को संबोधित किया। डमरूहाट में आयोजित एक कार्यक्रम में मंत्री हफीजुल हसन के साथ हेलीकॉप्टर से पहुंचीं कल्पना सोरेन ने आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुंदरपहाड़ी हेमंत सोरेन का विधानसभा क्षेत्र है। अपने पति हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र बरहेट के अंतर्गत आने वाले सुंदरपहाड़ी प्रखंड में उन्होंने कहा कि यहां 10 साल से विधायक रहे हेमंत सोरेन ने जो विकास किया है, इसके पहले किसी जनप्रतिनिधि ने इतना विकास नहीं किया।



BRIEF NEWS

### एसडीएम के नेतृत्व में धनबाद जेल में जिला प्रशासन का छापा

**DHANBAD :** जिला प्रशासन ने रविवार सुबह करीब आठ बजे धनबाद जेल में छापेमारी करने पहुंची। टीम का नेतृत्व धनबाद एसडीएम उदय रजक कर रहे थे। उनके साथ ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी अजीत कुमार एवं डीएसपी सहित भारी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद थे। टीम ने जेल के भीतर अमन सिंह हत्याकांड के आरोपियों के साथ-साथ महिला एवं पुरुष वार्ड को लगभग दो घंटे तक खंगाला। इस दौरान टीम को वहाँ से नेल कटर, कैंची, चिलम, खैनी, चुनौटी के अलावा अन्य किसी भी तरह की आपत्तिजनक चीजें नहीं मिली।

### राजधानी डेंटल क्लिनिक का उद्घाटन, डेंटल से जुड़ी सारी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध

**RANCHI :** मेजर दयाल कंपलेक्स निकट नेशनल टाइल्स एंड मार्बल्स, कांटाटोली चौक रांची में राजधानी डेंटल क्लिनिक का डॉक्टर जसीम आजाद फिजिशियन एवं चर्म रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर मोहम्मद जियाउद्दीन चाइल्ड स्पेशलिस्ट, डॉक्टर अजहर वरिष्ठ अधिकारी एएसआई भारत सरकार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर संचालक डेंटल सर्जन डॉक्टर अब्दुल्लाह जफर ने कहा कि इसका खोलने का मेरा उद्देश्य है कि आसपास के लोगों में दांतों की इलाज की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो, उन्होंने कहा कि दांत शरीर की एक प्रमुख हिस्सा है जो न सिर्फ सुंदरता के लिए जरूरी है बल्कि खाद्य पदार्थों को सही रूप से चबाने के लिए भी जरूरी है ।डॉक्टर अब्दुल्लाह ने कहा कि हमारे यहां दांत से संबंधित सभी बीमारियों का इलाज किया जाता है, इनप्लांट की भी सुविधा यहां उपलब्ध है।

### कांके प्रखंड झामुमो संगठन के पदाधिकारियों का किया गया चयन



**RANCHI :** झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी की अध्यक्षता में रविवार को संगठन विस्तार को लेकर बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मिति से युवा मोर्चा, किसान मोर्चा व महिला मोर्चा के पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें युवा मोर्चा के अध्यक्ष विनोद मुंडा, सचिव अशोक साहू, किसान मोर्चा के अध्यक्ष सहदेव मुंडा, सचिव प्रदीप महतो, महिला मोर्चा की अध्यक्ष लक्षण देवी, सचिव अनिता तिर्की को बनाया गया। मौके पर धमेंद्र सिंह, सोनू मुडा, झबूलाल महतो, सबीबुल रहमान, सज्जाद अंसारी, मो फरीद सहित दर्जनों थे।

### चार प्रतिबंधित पशु के साथ तस्कर गिरफ्तार

**HAZARIBAGH :** सदर थाना क्षेत्र के गांधी स्मारक पारनाला कुम्हार टोली के पास रविवार शाम स्थानीय लोगों ने तस्करी के लिए परिवहन कर ले जाते एक पिकअप वैन को पकड़ लिया। इसमें चार प्रतिबंधित पशु लदे हुए थे। इस संबंध में सदर थाना में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की पहचान कटकमदाग थाना क्षेत्र के कदमा निवासी राजेश साव के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि एसपी के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर सपन कुमार महथा घटनास्थल पर पहुंचे और चार पशुओं को बरामद कर लिया।

## केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन

# किसानों के कल्याण के लिए बेहतर प्रयास कर रहा पूसा संस्थान : मुंडा



कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री अर्जून मुंडा व अन्य। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS SIMDEGA :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सह जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सिमडेगा जिले में पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन किया। अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित इस किसान मेला को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए पूसा संस्थान के द्वारा लगातार बेहतर प्रयास किया रहा है। उन्होंने किसानों से नई प्रौद्योगिकीय का उपयोग करके वैज्ञानिक नवाचारों का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

मुंडा ने कहा कि बीज में रोग ना लगे इसके लिए कृषि वैज्ञानिकों द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। धान की फसल में पानी की कम खपत हो और इसके लिए कैसे बीज तैयार किए जाएं, इसपर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के विभिन्न संस्थानों के माध्यम से रिसर्च किए जा रहे हैं। इस प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को फसलों में रोग से बचाव के बारे में भी जानकारी मिलेगी।

मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आज किसान कल्याण मंत्रालय का बजट 1.25 लाख करोड़ किया गया है जो कि पिछली सरकारों के मुकाबले काफी ज्यादा है। देशभर के किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 6000 रुपये, नमो ड्रोन दीदी और लखपति दीदी पहल, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के बीच आर्थिक सशक्तिकरण और वित्तीय स्वायत्तता को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार कृत संकल्प है। मुंडा ने कहा कि सिमडेगा को आदर्श जिला बनाना है। किसानों का डेटाबेस बनाया जा रहा है, जिससे वह सीधे कृषि मंत्रालय से जुड़कर नई तकनीकों का लाभ ले सकें।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा, नई दिल्ली के तत्वावधान में सिमडेगा में आयोजित मेले के दौरान देश भर से विभिन्न कृषि संस्थान, कृषि विश्वविद्यालय व कृषि विज्ञान केंद्र नवीन तकनीकी का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस मेले की मुख्य विषय कृषि उद्यमिता-समृद्ध किसान है। उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए मूल्य संवर्धन और फसल विविधता पर चर्चा की जाएगी। मेले में कृषक संगठन, महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉल भी लगाया गया है। पूसा संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा संगोष्ठी होगी, जिससे किसानों को नवीन तकनीकों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

## गिरिडीह में जैन समाज के आश्रम से अष्टधातु की सात मूर्तियां चोरी



मंदिर परिसर से प्राप्त अन्य मूर्तियां।

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र में दिगंबर जैन 20 पंथी कोठी के समीप स्थित श्री कृष्णा बाई उदासीन आश्रम में पार्श्वनाथ भगवान के मंदिर के गेट का ताला तोड़कर शनिवार रात चोरों ने अष्टधातु एवं पीतल की बनी 12 मूर्तियों सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली।

रविवार की सुबह जब आश्रम की कुसुम दीदी मंदिर पूजा करने पहुंची तो गेट का ताला टूटा देख समाज के अन्य लोगों को जानकारी दी। सूचना मिलते ही जैन समाज के लोग मंदिर पहुंचे और निमियाघाट पुलिस को चोरी की सूचना दी। सूचना पाते ही निमियाघाट थाना प्रभारी राणा जंग बाहदुर सिंह सदलबल मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली। इसके बाद जैन समाज व स्थानीय लोगों के साथ मंदिर परिसर का निरीक्षण करने लगे। इसी क्रम में सभी 12 मूर्तियां परिसर के भीतर ही एक स्थान पर रखी मिलीं, जिसे पुनः मंदिर में रख दिया गया। हालांकि, मंदिर के गेट का ताला काटते चोरों की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इस संबंध में जैन समाज के अशोक जैन ने कहा कि मंदिर में अष्टधातु और पीतल से बनी भगवान पार्श्वनाथ, आदिनाथ, शांति नाथ भगवान, महावीर स्वामी एवं 24 तीर्थंकर की छोटी-छोटी मूर्तियां तथा सात अष्ट प्रतिहार मंदिर में रखा गया था, जिसे चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर चुरा लिया था लेकिन खोजबीन के क्रम में मंदिर परिसर में ही सभी मूर्तियां एक स्थान पर मिल गयीं। इसमें सिर्फ सात अष्ट प्रतिहार चोर ले भागे। संभावना जतायी जा रही है कि चोरों ने पीतल की मूर्ति होने की वजह से ही मंदिर परिसर में छोड़ गया।

## इलेक्शन कमिश्नर गोयल के इस्तीफा का कारण बताए भाजपा : विजय शंकर



विजय शंकर नायक की फाइल फोटो।

**PHOTON NEWS RANCHI :** इलेक्शन कमिश्नर अरुण गोयल ने किस कारण इस्तीफा दे दिया है भाजपा के नेताओं को देश की जनता को बताना चाहिए। उक्त बातें संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, प्रभारी झारखंड छत्तीसगढ़ विजय शंकर नायक ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफा देने पर आज अपने प्रतिक्रिया में उक्त बातें कही। उन्होंने यह भी कहा की जब उनका कार्यकाल 2027 तक था तो अचानक इस्तीफा देना शंका पैदा करता है।

यह वही अरुण गोयल जी हैं जिसे भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव आयुक्त बनाया था और वह वॉलंटरी रिटायर होने से 24 घंटा के अंदर उन्हें चुनाव आयुक्त बनाया गया था। जब उनकी नियुक्ति का मामला सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज किया गया था तब सुप्रीम कोर्ट ने भी सवाल उठाए थे 24 घंटे के अंदर फाइल बन जाती और पुट अप भी हो जाती और नियुक्ति भी हो जाती है।

भारतीय जनता पार्टी ने अरुण गोयल के बचाव के लिए सुप्रीम कोर्ट तक दरवाजा खटखटाने का काम किया था और उनकी नियुक्ति को जायज ठहराया था जब उनका ही आदमी था । आज पूरा देश में यह सवाल उठ रहा है और देश की जनता यह जानना चाह रही है केंद्र सरकार ने अरुण गोयल को कौन सा ऐसा लोकसभा चुनाव मे हेराफेरी कार्य करने के लिए बाध्य किया गया कि उनका आदमी कर नही पाया और इस्तीफा देना ही बेहतर समझा।

नायक ने आगे कहा कि यह वही भारतीय जनता पार्टी है जिसने अनिल मसीह को चंडीगढ़ के मेयर इलेक्शन मे प्राइजेटिंग अफसर बनाया था जिसने सीसीटीवी कैमरा के सामने इंडिया एलाइंस के आठ वोट को जो इंडिया एलाइंस को वोट पड़े थे खुद कलम से डिफेक्ट किए थे। अनिल मसीह सुप्रीम कोर्ट में यह बात माना कि उसने वैलेट पेपर पर गलत तरीके से निशाना बनाए थे । जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ये लोकतंत्र की हत्या है अब सवाल यह उठ रहा है कि जिस तरह अनिल मसीह से भारतीय जनता पार्टी ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में इलेक्शन में चोरी का कार्य करवाने की कोशिश कराइ गई थी क्या ऐसा ही काम अरुण गोविल से भी करवाने का कोशिश किया गया। आज मैं भारतीय जनता पार्टी को चैलेंज कर रहा हूं कि वे पूरे देश को यह बात बताएं की अरुण गोयल जी ने इस्तीफा क्यों दिया ऐसे इलेक्शन कमिश्नर जो उनका आदमी था।

### राजद जिला कमेटी की बैठक संपन्न, मो. सलिल अंसारी बने उपाध्यक्ष



**RANCHI :** राष्ट्रीय जनता दल रांची जिला कमिटी की बैठक रविवार को राँची स्थित राजद प्रदेश कार्यालय में जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मौके पर राजद की जिला कमिटी और प्रखंड कमिटी का विस्तारीकरण किया गया। इस दौरान राजद के कांके प्रखंड अध्यक्ष पिरुटोला निवासी मोहम्मद सलिल अंसारी को राजद के रांची जिला उपाध्यक्ष पद पर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने मनोनीत किया। इसके अलावे कांके प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद मोतिउर रहमान, मोहम्मद शमीम अंसारी को जिला कोषाध्यक्ष पद पर मोनोनित किया गया। राजद के जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर मोहम्मद सलील अंसारी ने कहा कि मैं जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो सहित प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय जनता दल के सभी आला कमान नेताओ का आभार प्रकट करता हूं।

## परिसंपत्ति वितरण समारोह में पहुंचीं कल्पना सोरेन, बोलीं

# हमलोग कभी झुकेंगे नहीं, आपके बुढ़ापे का सहारा हेमंत आपके साथ



कल्पना सोरेन को माला पहनाकर स्वागत कार्यकर्ता। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS SAHIBGANJ :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरहेट प्रखंड के नवगछिया फुटबॉल मैदान व पतना प्रखंड के कुंवरपुर में परिसंपत्ति वितरण समारोह में मंत्री हफीजुल हसन के साथ पहुंचीं कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड हम सबों की मेहनत से बना है। हमलोग कभी झुकेंगे नहीं। आपके बुढ़ापे का सहारा आपके बेटे हेमंत सोरेन आप लोगों के साथ हमेशा रहेंगे। कल्पना सोरेन ने अपना संबोधन सिदो, कान्हू, चांद, भैरव, फूलो, झानो को नमन करते हुए संताली भाषा में शुरू किया और कहा कि आज महिलाएं काफी आगे बढ़ रही हैं। महिलाएं अगर शिक्षित हैं, तो अपने परिवार व अपने समाज को आगे बढ़ा सकती हैं। हम सब को अपने हक व अधिकार के लिए आगे आना होगा।

**हेमंत सोरेन ने किया राज्य का विकास :** कल्पना सोरेन ने कहा कि अगर आप सभी महिलाएं एक आवाज बनेंगी तो बदलाव निश्चित होगा। हम झारखंडी हैं, यह सम्मान गुरुजी ने दिलाया था। लड़ेंगे तो जी-जान से लड़ेंगे क्योंकि झारखंड कभी झुकता नहीं है, गोली खाता है तो सीने पर खाता है, पीठ नहीं दिखाता है। 20 वर्षों पर हमारे विपक्षियों ने झारखंड में शासन किया लेकिन चार वर्ष पूर्व जब आपके दादा हेमंत चुने गये और मूलवासियों और आदिवासियों की सरकार बनी तो उन्होंने अबुआ दिशोम अबुआ राज का प्रण लिया था, जिसे साकार किया। सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित कई योजनाओं का सपना साकार अब हमारे चंपाई चाचा कर रहे हैं।

## सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से नाराज लोगों ने किया सड़क जाम




**PHOTON NEWS RANCHI :** पूर्व आयोजित कार्यक्रम के अनुसार आज पुनदाग थाना के पास सड़क बनाओ आंदोलन के तहत कृष्णा नगर कॉलोनी और फोरेस्ट रिसर्च सेंटर रोड पर बसे हुए मोहल्ला के करीब दो सौ से ज्यादा लोगों ने शांतिपूर्वक ढंग से आज धरना दिया। इस आंदोलन को लालगुटवा पंचायत और कटहल मोड़ इलाका के विख्यात समाजसेवी प्रकाशलाल शाहदेव ने अपनी गरिमामय उपस्थित से न केवल लोगों का मनोबल बढ़ाया बल्कि अपनी ओर से भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। उपस्थित लोगों ने सड़क के जर्जर अवस्था की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया और अपनी बातें रखी। 'रोड नहीं तो वोट नहीं' , 'रास्ता नहीं तो सड़क नहीं' के नारे भी लगे। उन्होंने बड़ी ही गंभीरता से सबकी बातें सुनी और आश्वासन दिया कि सड़क निर्माण में जो भी अड़चनें आ रही है वह व्यक्तिगत तरीके से इसके निर्माण के लिए प्रयत्नशील होंगे। उन्होंने युवा वर्ग को इस तरह के आंदोलन से जुड़ने और समाज के विकास में भागीदारी बनने के लिए आवाहन किया।

आंदोलन में श्रीकांत चतुर्वेदी, विजय वर्मा, पी सिंह, एस के सिन्हा, एस सी माहातो, राजेश जायसवाल, अरुण कुमार सिंह, जनार्दन बैठा, सुधीर टोप्पो, भोला महतो समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा उम्मीदवार ने मां छिन्नमस्तिका में टेका मत्था, शुरू किया जनसंपर्क अभियान



जनसंपर्क अभियान में शामिल मनीष जायसवाल व अन्य। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने चुनावी बिगुल बजने से पहले ही जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। जिले के बाद रविवार को वे रामगढ़ पहुंचे और सबसे पहले रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका दरबार में मत्था टेका। इसके बाद उन्होंने रामगढ़ जिले में जनसंपर्क अभियान की शुरूआत कर दी है। पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने मां भगवती से क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

रक्षासूत्र बंधवाने के बाद उन्होंने मन्नत का धागा भी बांधा। मनीष जायसवाल ने कहा कि लोगों के सहयोग से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, वरीय जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, खिरोधर साहू, रंजीत पांडेय, युवा नेता राजीव जायसवाल, वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर चौधरी, विजय जायसवाल, छोटन सिंह, संजय प्रभाकर, पंचम चौधरी, दिलीप सिंह, रमेश वर्मा, गणेश स्वर्णकार, अर्जुन वर्मा, बबली सिंह सहित कई कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे।

रजरप्पा मंदिर में पूजा के बाद भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। इस दौरान गोला के रजरप्पा चौक एवं डीवीसी चौक उनका स्वागत किया गया। भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने गोला प्रखंड अंतर्गत कुसुमडीह, पूरबडीह, हारूबेड़ा, सोनडिमरा, सिल्ली मोड़, बरलंगा, कालीनाथ चौक, कामता एवं बरियातू गांव में लोगों से जनसंपर्क किया। इस दौरान जगह-जगह महिलाओं एवं क्षेत्र के लोगों द्वारा मनीष जायसवाल का स्वागत किया गया। गोला के बाद उनका काफिला दुलमी प्रखंड क्षेत्र पहुंचा। इस इलाके में भी वे लोगों से मिले और चुनाव में सहयोग करने की अपील की।

## 17 मार्च को रांची में होगा होली धमाल रशियन संग थिरकेंगे राजधानी के लोग



कार्यक्रम की जानकारी देते संस्थान के लोग। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** सन डाउनर इंटरटेनमेंट की ओर से प्री होली सेलिब्रेशन इट्स होली थिंग का आयोजन आगामी 17 मार्च को किया जा रहा है। यह आयोजन रांची के कार्निवाल पैलेस में किया जाएगा। यह जानकारी सन डाउनर इंटरटेनमेंट के सीईओ आदित्यय राज और फाउंडर ईशान कुमार सोनी ने दी। उन्होंने बताया कि रांची में होने वाला होली सेलिब्रेशन में यह कार्यक्रम सबसे अलग और सबसे ज्यादा शानदार होगा। कार्यक्रम में रशियन डांसर भी आ रही है जो अपनी अदाओं से जलवा बिखेरेंगी। इसके अलावा डीजे की धुन में यूथ के रंगभरी होली खेलेंगे। आदित्य ने बताया कि अबतक करीब 1000 से अधिक टिकट की बिक्री हो चुकी है। कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किए गए है । प्रशासन भी इसमे सहयोग कर रही है। होली खेलने के साथ साथ यूथ स्नेक्स और ड्रिंक की भी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीइओ आदित्य राज फाउंडर ईशान कुमार सोनी, मीडिया मैनेजर आयुष राज वर्मा व अन्य लोग सहयोग कर रहे है।

## महिला जनाधिकार मंच ने महिला दिवस पर किया कार्यक्रम का आयोजन, मुख्य अतिथि निशि पांडे बोलीं-

# पूरी दुनिया कर रही नारी शक्ति का आभास



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH :** शहर के फुटबॉल ग्राउंड में रविवार को महिला जनाधिकार मंच के तत्वधान में महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज में अहम भूमिका निभा रही महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर भी आवाज बुलंद की गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी निशि पांडे शामिल हुई। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में नारी शक्ति का डंका बज रहा है। हर कोई नारी शक्ति के पीछे ही दिखाई पड़ रहा है। लेकिन इसके बावजूद समाज का वह चेहरा भी है जहां महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। इसके लिए महिलाओं को संगठित होकर एक दूसरे का सहयोग करना होगा।

उन्होंने कहा कि अगर किसी महिला को परेशानी है तो उसके सहयोग में दूसरी महिला को सबसे पहले आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि मैं सभी के साथ खड़ी हूं और जब भी किसी को जरूरत लगे बेझिझक उनसे सहयोग मांगे। उन्होंने कहा कि आज इस मौके पर हम यह संकल्प लें कि महिलाएं मिलकर आगे बढ़ेंगी। समाजसेवी निशि पांडे को संगठन की अध्यक्ष मधु गुप्ता ने अंग वस्त्र और पुष्प देकर सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में रामगढ़ थाने में पद स्थापित महिला सब इंस्पेक्टर मालती कुमारी को सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूली छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पूरे जिले से आई महिलाओं ने इस कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। इस कार्यक्रम में शामिल व्यवसाई विजय मेवाड़ ने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। वैसे तो हर दिन महिलाओं को ही समर्पित है। लेकिन विश्व महिला दिवस इस लिए मनाया जाता है क्योंकि समाज को दिशा दिखाने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित किया जाए और उनसे प्रेरणा लेकर अन्य महिलाएं आगे बढ़े। इस कार्यक्रम में समाज सेवी अमित सिन्हा, नूतन ठाकुर, कुमारी नीलम, श्वेता लकड़ा, प्रतिमा सेन गुप्ता, अनीता देवी, नीलमणि, निशा सिन्हा, कोमल सोनी, रीना चौधरी, रुमा वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थीं।

## भाजपा के बूथ स्तरीय सम्मेलन में अबकी बार 400 पार का दिया नारा



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व अन्य। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS PALAMU :** भाजपा ने पलामू के शिवाजी मैदान में रविवार को बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी सहित अन्य सीनियर नेताओं की मौजूदगी में अबकी बार 400 पार का नारा दिया गया।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान झारखंड भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान विभिन्न संगठनों और सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों से मुलाकात की जा रही है। उन्होंने कहा कि वे तीन लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा के अभियान में शामिल रहेंगे। उन्होंने लोकसभा की सभी 14 सीटों पर जीत का भी दावा किया। एक सवाल के जवाब में वाजपेयी ने कहा कि चुनाव की घोषणा से पहले पार्टी ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। बाकी बची हुई सीटों पर जल्द ही प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जाएगी।

पलामू लोकसभा सीट से प्रत्याशी सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में कई कार्य हुए हैं। पलामू के इलाके में सिंचाई समेत कई क्षेत्र में कार्य हुए हैं। मोदी सरकार के तृतीय कार्यकाल में पलामू समेत पूरे देश की तस्वीर बदलेगी।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Monday, 11 March 2024

BRIEF NEWS

## अन्नपूर्णा भंडारे में 1100 भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**RANCHI :** परमहंस डॉ. संत सदानंद महाराज के शिष्यों ने रविवार को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी( राधा–कृष्ण) मंदिर (मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवा धाम आश्रम) के प्रांगण में 139 वें निश्शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया, जिसमें 1100 से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। अन्नपूर्णा भंडारे के यजमान सचिन दीपिका मोतिका को संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने अंगवस्त्र और अन्नापूर्णा भंडारे की राधा–कृष्ण भगवान की फोटो देकर सम्मानित किया। भंडारे की सेवा में निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, नव्या मोतिका, पूर्णमल सर्राफ, ओमप्रकाश सरावगी, सुरेश अग्रवाल, सुरेश भगत, चिरंजीलाल खंडेलवाल, विशाल जालान, ज्ञान प्रकाश शर्मा, विष्ण सोनी,मनीष सोनी,चंद्रदीप साहु, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहु, महेश वर्मा महिला समिति की विद्यादेवी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय युवा शक्ति का 12 मार्च को रांची बंद

**RANCHI :** राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव राजभवन के समक्ष चल रहे अनिश्चितकालीन धरना स्थल से बयान जारी करते हुए कहा है कि पिछले 15 दिनों से राजभवन के समक्ष धरना पर बैठा हूं लेकिन न ही प्रशासन और न ही सरकार कोई सुध ली। इसलिए मजबूरन 12 मार्च को रांची बंद बुलाया गया है। बंद सुबह से 1:00 बजे तक रहेगी, बंदी को सफल बनाने को लेकर 11 मार्च को शाम चार बजे पिस्का मोड़ से बाइक की रैली निकाली जाएगी बाइक रैली नगर भ्रमण करते हुए, जयपाल सिंह स्टेडियम पहुंचेगी, वहां से मशाल जुलूस में तब्दिल हो जायेगी। उन्होंने आगे बताया कि अगर बंद के बावजूद सरकार और प्रशासन की ओर से ध्यान नहीं दिया गया या भगत सिंह की प्रतिमा के लिए स्थान नहीं दिया गया तो 23 मार्च को शहीद ए आजम भगत सिंह के शहादत दिवस पर वे खुद को फांसी दे देंगे।

## जेएसएससी पेपर लीक मामले में कोचिंग संचालक गिरफ्तार

**RANCHI :** जेएसएससी पेपर लीक मामले में पुलिस ने कोचिंग संचालक को पलामू से गिरफ्तार किया है। रांची पुलिस ने कोचिंग इंस्टीट्यूट संचालक पवन किशोर को रविवार को गिरफ्तार किया है। पवन किशोर पलामू के मेदिनीनगर के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाता है। पवन का भाई रवि किशोर प्रश्न पत्र लीक मामले में मुख्य आरोपी में से एक है। रवि किशोर फरार है, जिसकी तलाश पुलिस की टीम कर रही है। जेएसएससी द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हुआ था और इसके पेपर सोशल मीडिया में वायरल हुए थे। पूरे मामले में रांची पुलिस ने एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी की टीम ने पलामू में छापेमारी की और पवन को गिरफ्तार किया है। पवन किशोर पर प्रश्न पत्र लीक में शामिल रहने का आरोप है। मुख्य आरोपी में से एक रवि किशोर को वित्तीय सहायता करने का भी पवन पर आरोप है।

## हरमू मैदान में ओबीसी समाज का महाजुटान

**RANCHI :** राजधानी रांची के हरमू मैदान में जातिगत जनगणना की मांग को लेकर ओबीसी मोर्चा का महाजुटान हुआ। इसमें ओबीसी को जनसंख्या के आधार पर आरक्षण देने की मांग उठी। पिछड़ा वर्ग एकता अधिकार मंच के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे थे। सभी ने कहा कि झारखंड में ओबीसी समाज 52 प्रतिशत है। ऐसे में ओबीसी को लोकसभा चुनाव में अच्छी भागीदारी दी जाये। मंच से नेताओं ने जातिगत जनगणना और बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। राज्य में 14 से बढ़ाकर ओबीसी आरक्षण 52 प्रतिशत होना चाहिए। इस मौके पर भोजपुरी के लोकप्रिय गायक और एक्टर खेसारी लाल यादव भी मंच पर मौजूद थे। उन्होंने उपस्थित लोगों को अपने गीतों से झुमाया।

atomy ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# घरवालों को बंधक बनाकर लाखों के सामान की डकैती

## रातू के आस्थापुरम की घटना, कई संदिग्ध हिरासत में

**CRIME REPORTER RANCHI :** अपराधियों ने घरवालों को बंधक बनाकर लाखों रुपये के सामान की डकैती कर फरार हो गये। घटना रातू थाना क्षेत्र के आस्थापुरम की है। यहां अपराधियों ने शनिवार की देर रात प्रमोद कुमार पांडेय नामक शख्स के घर भीषण डकैती की घटना को अंजाम दिया। अपराधियों ने परिजनों को बंधक बनाकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है। इस मामले में पुलिस कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अपराधी प्रमोद कुमार के घर का दरवाजा तोड़कर घुसे थे। फिर हथियार का भय दिखाकर घरवालों को बंधक बनाकर घटना को अंजाम दिया।



रातू थाना क्षेत्र के आस्थापुरम स्थित घर में डकैती के बाद बिखरा पड़ा सामान।

### तीन अपराधी घुसे थे घर के अंदर, 20 लाख से अधिक की संपत्ति लूटे

डकैती के इरादे से आए आधा दर्जन अपराधियों में से तीन घर के अंदर घुसे और घर के दूसरे माले पर सोई बुजुर्ग महिला माधुरी देवी को हथियार के बल पर अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद घर की अलमारी सहित दूसरे स्थान पर रखे गए गहने, मोबाइल और लैपटॉप सहित करीब 20 लाख से अधिक की संपत्ति ले कर फरार हो गए। इस संबंध में बुजुर्ग महिला माधुरी देवी ने बताया कि वह अपने घर में सोई हुई थी, इसी दौरान तीन की संख्या में अपराधी कमरे में आए और उन्हें उठाकर बांध दिया। अपराधियों ने महिला से पूछा कि घर में गहने और दूसरे कीमती चीज कहां पर रखे हुए हैं जल्दी बताओ, जब महिला ने अपराधियों को कुछ नहीं बताया, तब उनके साथ अपराधियों ने मारपीट की और यह बोला कि नीचे उसके बेटे की हत्या उन्होंने कर दी है, तुम्हारी भी अब हत्या कर देंगे। महिला को डराने धमकाने के बाद अपराधियों ने उनका मुंह भी कपड़े से बांध दिया था। अलमारी की चाबी निकाल कर सभी कीमती गहने और दूसरे सामान बोरे में रख लिया।

**डायल 100 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई**

डायल 100 के माध्यम से पुलिस को डकैती की घटना की सूचना दी गई। जिसके बाद रविवार की सुबह रातू पुलिस मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम से भी जांच करवायी गयी है, लेकिन फिलहाल किसी भी अपराधी का पुलिस सुराग नहीं लगा पाई है। हथियार के बल पर हुई डकैती की इस घटना से पूरा परिवार और आसपास के लोग दहशत में हैं।

# बालू लदे अनियंत्रित डंपर ने बस में मारी जोरदार टक्कर, मां-बेटी की मौत

## आधा दर्जन से ज्यादा यात्री घायल, चाईबासा जा रही थी बस

**CRIME REPORTER RANCHI :** राजधानी रांची के तुपुदाना ओपी क्षेत्र के तुपुदाना ओवरब्रिज के पास रविवार सुबह करीब पांच बजे एक यात्री बस और बालू लदे डंपर में हुई टक्कर में मां-बेटी की मौत हो गई। बस रांची से चाईबासा के लिए जा रही थी। इसी दौरान तुपुदाना ओवरब्रिज के पास अनियंत्रित डंपर ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में आधा दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार रांची से चाईबासा के लिए श्री हरिरथ नाम की बस रविवार सुबह निकली थी। बस जैसे ही तुपुदाना ओवरब्रिज के पास पहुंची, एक तेज रफ्तार डंपर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस और हाइवा दोनों ही ओवरब्रिज के पिलर में जा घुसे। टक्कर में बस का दाहिना हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में अगली सीट पर बैठे कोडरमा की रहने वाली मां और बेटी की मौत हो गई, वहीं आधा दर्जन से ज्यादा यात्री बुरी तरह से घायल हुए हैं। इस हादसे में कोडरमा की रहने वाली रीमा देवी (45) और उनकी बेटी सोनल कुमारी (7) की मौत हो गई। दोनों कोडरमा के फॉरेस्ट कॉलोनी के रहने वाले थे। रांची से दोनों खूंटी जाने के लिए चाईबासा जाने वाली बस में बैठे थे। हादसे की जानकारी मिलने के बाद तुपुदाना थाना पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। घायलों को बस से निकाल कर अस्पताल भेजा गया। तुपुदाना थाना प्रभारी मीरा सिंह मौके पर पहुंच घायलों को बस से निकालने में लगी रही। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को अस्पताल भिजवाया है।



अनियंत्रित डंपर से टक्कर के बाद दुर्घनाग्रस्त बस।

## फर्जी अधिकारी बनकर ठगी करने पहुंचे युवक-युवती की पिटाई

**RANCHI :** नामकुम थाना क्षेत्र के नामकुम बस्ती में शनिवार देर रात लोगों ने एक युवक–युवती जमकर पीटा। बताया जा रहा है कि दोनों ने लोगों को खुद को नारकोटिक्स विभाग का अधिकारी बताया। दोनों फर्जी अधिकारी बन कर पैसा वसूलने की नियत से वहां गए थे। लोगों को उन दोनों पर शक हुआ। पूछताछ के क्रम में सच्चाई सामने आ गई और फिर स्थानीय लोगों ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद दोनों युवक–युवती को पुलिस के हवाले कर दिया गया। दोनों को रिम्स में भर्ती कराया गया है। युवक–युवती के बारे में बताया जा रहा है कि दोनों फर्जी तरीके से लोगों से वसूली करने का काम करते हैं। दोनों खुद को कभी पत्रकार तो कभी कोई विभाग का अधिकारी बताकर लोगों से पैसे ठगते हैं।

# राज्य की 70 फीसदी नौकरियां बाहरियों को बेच रही राज्य सरकार : अमित मंडल

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा के विधायक और प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने आरोप लगाया है कि झारखंड सरकार राज्य की 70 फीसदी नौकरी बाहरियों को दे रही है। परीक्षा कराने वाली एजेंसियां पैसे लेकर 70 फीसदी से अधिक सीटें दूसरे राज्यों के युवाओं को बेच दे रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में नगर विकास विभाग में जेई पद पर नियुक्ति हुई। इसमें 70 फीसदी से ज्यादा बाहरी अभ्यर्थी नियुक्त हुए हैं। यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल के साथ-साथ तमिलनाडु के लोग झारखंड की नौकरियां ले गये। कहा कि पूर्व की हेमंत सरकार ने 60-40 की नीति के तहत राज्य की सरकारी नौकरियों में 40 फीसदी पद बाहरियों के लिए खोल दिया था। राज्य के युवा और भाजपा के विरोध के बाद सरकार को झुकना पड़ा था। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने विधानसभा में कहा था कि बाहरियों को थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरियां किसी हाल में नहीं देंगे, लेकिन यह सिर्फ आईवॉश था। आंदोलन खत्म होते ही झारखंड की सरकारी नौकरियां बाहरियों को बेच दी गई। अमित मंडल प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे।



**5 लाख नौकरी का वादा कर दिये सिर्फ 3000**

अमित मंडल ने कहा कि 2019 के चुनाव में झामुमो ने अपने घोषणापत्र में युवाओं को हर साल 5 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया था। लेकिन हकीकत यह है कि 4 साल में यह सरकार जेएसएससी और जेपीएससी के माध्यम से तीन हजार से अधिक नियुक्तियां नहीं कर पाई। इन चार सालों में एपीपी पद पर 107 नियुक्तियां हुई। 129 कृषि पदाधिकारी, 37 प्रयोगशाला सहायक, 217 आयुष चिकित्सक, 617 जेई और 32 पशु चिकित्सक नियुक्त हुए।

## राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा विधायक दल की हुई बैठक

# राज्य के प्रत्याशियों की निर्विरोध जीत सुनिश्चित कराए राज्य का सत्ताधारी गठबंधन : अमर बाउरी

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्यसभा चुनाव को लेकर प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा के विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें पार्टी के सभी विधायकों को एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी प्रदीप वर्मा के पक्ष में वोट डालने के निर्देश दिए गए। प्रदीप वर्मा राज्यसभा चुनाव के लिए सोमवार सुबह 11:30 बजे नामांकन करेंगे। विधायक दल की बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, मुख्य सचेतक बिरंची नारायण, सचेतक जेपी पटेल,विधायक सीपी सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, अनंत ओझा, राज सिन्हा, नीरा यादव, केदार हाजरा, कोचे मुंडा, नारायण दास, अमित मंडल, समरी लाल सहित राज्यसभा के घोषित प्रत्याशी एवं प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा उपस्थित थे। बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि भाजपा ने एक समर्पित कार्यकर्ता प्रदीप वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। कहा कि राज्य में खाली हुए दो राज्यसभा सीटों में एक भाजपा के खाते में है और दूसरा राज्य के सत्ताधारी गठबंधन के खाते में। दोनो पक्षों के पास एक एक उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित कराने का संख्या बल है। ऐसे में आदर्श स्थिति होगी कि सत्ता पक्ष भी अपना एक उम्मीदवार घोषित कर दोनों सीटों पर निर्विरोध जीत सुनिश्चित कराए। अमर बाउरी ने कहा कि झारखंड धनपशुओं के कारण राज्यसभा चुनाव में बदनाम होता रहा है। ऐसे में सत्ताधारी गठबंधन को झारखंड को कलंकित होने से बचाना चाहिए।



भाजपा विधायक दल की बैठक में बाबूलाल मरांडी, अमर बाउरी व अन्य।

# रियल इस्टेट मास्टरी का वर्कशॉप, जुटे व्यवसायी

**PHOTON NEWS RANCHI :** रियल इस्टेट आज दुनिया भर में रोजगार प्रदान करने के मामले में दूसरे नंबर का सेक्टर है। भारत में इस व्यवसाय के फलने-फूलने की अपार संभावनाएं हैं। जरूरत केवल इस बात की है कि लोग इस व्यवसाय की बारीकियों से परिचित हों। उक्त बातें सुनील तुलसियानी ने कही। वे रियल इस्टेट मास्टरी कार्यक्रम में बतौर मुख्य प्रशिक्षक प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। तुलसियानी भारतीय मूल के रहने वाले हैं। इनका व्यवसाय कनाडा में फैला हुआ है। ये मूलतः रियल स्टेट व्यवसायी, लेखक और प्रशिक्षक हैं। आचार्य अमरेश के बुलावे पर वे राची आए हैं। इस प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम के आयोजक आचार्य अमरेश हैं। आचार्य अमरेश अमीषा रीयल स्टेट के फाउंडर लेखक और कोच हैं। अमीषा रीयल स्टेट डेवलपर रांची की प्रमुख कंपनी है। आचार्य अमरेश रांची की धरती पर व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन और प्रशिक्षण के लिए जाने जाते हैं। उनका मानना है कि देश का का विकास तभी होगा जब हमारे युवा स्किल के साथ मोटिवेशन भी सिख लेंगे। हम लोगों में व्यवसायिक स्किल होनी ही चाहिए। बता दें कि यह कार्यक्रम 9 और10 मार्च को रांची में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए महाराष्ट्र, गुजरात छतीसगढ़, बिहार, झारखंड के साथ देश के बाहर से आए 200 लोग भाग ले रहे हैं। दोहा कतर से आए प्रतिभागी जीवन कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम देश के रियल स्टेट व्यवसायों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। महाराष्ट्र से आए जीमित कुमार ने कहा कि हमारे लिए यह एकेडमी और इसके कार्यक्रम हमें नए उत्साह और आइडिया से भरने वाले होते हैं। इनके अतिरिक्त अहमदाबाद से राधा, रांची के गौरव सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।



रियल स्टेट मास्टरी वर्कशॉप में जुटे देश-विदेश के व्यवसायी।

# समान कार्य का समान वेतन नहीं मिला तो लोस चुनाव में नोटा का बटन दबाएंगे होमगार्ड जवान

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की आम सभा धुर्वा गोल चक्कर स्थित मैदान में रविवार को हुई। इस आम सभा की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी और संचालन प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने किया। आम सभा में झारखंड के सभी जिलों से हजारों की संख्या में होमगार्ड के जवान पहुंचे थे। आम सभा की समाप्ति के बाद प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी के नेतृत्व में होमगार्ड के जवानों ने शपथ लिया कि यदि आचार संहिता लगने से पूर्व होमगार्ड जवानों को सर्वोच्च न्यायालय एवं झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश आलोक में पुलिस कर्मियों के अनुमान्य मूल्य वेतन एवं अन्य भत्ते के बराबर समान कार्य का समान वेतन का लाभ नहीं दिया जाता है तो झारखंड के होमगार्ड के जवान के साथ उनके परिवार के लोग लोकसभा चुनाव के दौरान अपने मत का प्रयोग नोटा पर करेंगे। यह भी निर्णय लिया गया कि लोकसभा चुनाव की समाप्ति के बाद झारखंड राज्य के होमगार्ड जवान जेल भरो आंदोलन करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय में चार अप्रैल को अवमानना याचिका की जो सुनवाई होने वाली है उसमें सर्वोच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता की अभयकांत मिश्रा बहस करेंगे। प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि जो आश्वासन उन्होंने प्रोजेक्ट भवन एवं अपने आवास पर होमगार्ड के प्रतिनिधि के साथ किया था उसके अनुसार होमगार्ड जवानों को यथाशीघ्र समान कार्य का समान वेतन का लाभ दिया जाए।



## कॉमरेड भुवनेश्वर प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में हुई बैठक, 16 मार्च के बाद होगी उम्मीदवारों की घोषणा

# झारखंड में आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी भाकपा

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची-भाकपा (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी) झारखंड राज्य कार्यकारिणी की बैठक रांची स्थित राज्य कार्यालय में कॉमरेड भुवनेश्वर प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में हुई। इसमें झारखंड में रांची, हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, पलामू, गिरिडीह, दुमका एवं जमशेदपुर सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला लिया गया। उम्मीदवारों के नाम की घोषणा 16 मार्च के बाद की जाएगी। चुनाव संचालन के लिए उम्मीदवार चयन समिति, घोषणा पत्र समिति, सोशल मीडिया समिति का गठन किया गया है। पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बेदखल करने के लिए कांग्रेस को महागठबंधन के तहत एकजुट होकर चुनाव लड़ना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है, लेकिन कांग्रेस एवं महागठबंधन ने अभी तक सीटों पर कोई बातचीत नहीं की है। इंडिया घटक दलों का इंतजार छोड़ कर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने उम्मीदवार खड़ा करने की घोषणा की। नेताओं ने कहा कि देश में बेरोजगारी एवं महंगाई चरम पर है। भारतीय जनता पार्टी अपने 10 वर्षों की नाकामी छुपाने के लिए उम्मीदवार बदल रही है। देश के कई नामचीन सांसदों का टिकट काट दिया गया। कांग्रेस पार्टी भी उम्मीदवार के चयन में देरी कर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाने में लगी है। इसलिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पूरे दमखम के साथ झारखंड की 8 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चुनाव संचालन के लिए विभिन्न समितियां बनाई गई हैं और आज कार्यकारिणी की नेताओं को जिम्मेवारी दी गयी है। भाकपा के अनुसार आठ लोकसभा क्षेत्र में पहले से ही चुनाव की तैयारी चल रही थी। इसलिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने घोषणा कर दी।



झारखंड राज्य कार्यकारिणी की बैठक में कॉमरेड भुवनेश्वर प्रसाद मेहता व अन्य।

- बीजेपी को सत्ता से बेदखल करना है, पहले से चल रही है चुनाव की तैयारी
- चुनाव संचालन के लिए उम्मीदवार चयन समिति, घोषणा पत्र समिति, सोशल मीडिया समिति का गठन
- कांग्रेस को महागठबंधन के तहत एकजुट होकर चुनाव लड़ना चाहिए : भाकपा

## राज्य में रोजगार के लिए वन विभाग की विशेष पहल

# राज्य के सभी डैम और झीलों में पर्यटक ले सकेंगे बोटिंग का आनंद

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य में ऐसे तो कई समस्याएं हैं लेकिन बेरोजगारी का दंश सबसे ज्यादा है। समय के साथ बेरोजगार नौजवानों की फौज बढ़ती ही चली जा रही है। यही कारण है कि राज्य से लाखों लोग दूसरे राज्यों में रोजगार के लिए पलायन को विवश रहते हैं। इसे देखते हुए वन विभाग ने पहल की है। वन विभाग झारखंड के विभिन्न डैम और झीलों में बोटिंग की व्यवस्था कर रहा है, ताकि डैम और झील घूमने आने वाले लोग बोटिंग कर झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता का लुत्फ उठा सकें। साथ ही स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिल सके। वन विभाग की ओर से तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसकी शुरूआत रांची के गेतलसूद डैम से की जा रही है। इस संबंध में जिला वन पदाधिकारी श्रीकांत वर्मा ने बताया कि इसकी शुरूआत रांची के गेतलसूद डैम से की जा रही है। आने वाले दिनों में अन्य झीलों और जलाशयों पर भी बोटिंग शुरू की जायेगी। स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सके, इसके लिए व्यवस्था शुरू की जा रही है। इसकी जिम्मेदारी लिटमस मरीन नामक संस्था को दी गई है। संस्था गेतलसूद डैम के आसपास रहने वाले लोगों को बोटिंग का प्रशिक्षण दे रही है।



BRIEF NEWS

### उद्योगपति एसके बेहरा बनाए गए सीआईआई ईस्टर्न रीजन के चेयरमैन



**JAMSHEDPUR :** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), पूर्वी क्षेत्र की बैठक शनिवार को कोलकाता में हुई, जिसमें जमशेदपुर के उद्योगपति आरएसबी ट्रांसमिशन (इंडिया) लिमिटेड के वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर शुभेंद्र कुमार बेहरा को वर्ष 2024-25 के लिए सीआईआई, ईस्टर्न रीजनल काउंसिल के चेयरमैन बनाया गया। बेहरा का सीआईआई के साथ लंबे समय से जुड़ाव रहा है, वे विभिन्न पदों पर रहे हैं।

### मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य हुआ शुरू



**ROURKELA :** राउरकेला वार्ड नंबर 27 में लगभग (32 लाख रुपये) की लागत से मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास रविवार सुबह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में राउरकेला विधायक व राज्य के श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक द्वारा दिए गए विधायक निधि से संतोषी मंदिर रु. 1.50 लाख और शिव मंदिर जीर्णोद्धार कार्य 1.70 लाख का कार्य प्रारंभ हुआ( सारदा प्रसाद नायक द्वारा दिए गए इस निधि के कारण मंदिर की सभी प्रकार छोटे बड़े कार्य किए जाएंगे।

### पुरुलिया के हुलहुली मैदान में जुटे कुड़मी



**JAMSHEDPUR :** पुरुलिया (बंगाल) के हुलहुली मैदान में रविवार को विशाल जनसभा हुई, जिसमें से हजारों लोग शामिल हुए। इस दौरान आदिवासी कुड़मी समाज के मूल मानता अजीत प्रसाद महतो ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, असम सहित जहां भी कुड़मी समाज के लोग हैं, उन्हें पार्टी के मोहमाया से हट कर समाजहित की बात करने वाला नेता चुनने की जरूरत है। इसमें पूर्वी सिंहभूम के बोड़ाम, चाकुलिया , पोटका, धालभूमगढ़, जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों से कुड़मी समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। जमशेदपुर से प्रणव महतो, सुमित महतो, लक्ष्मण महतो, संतोष महतो, जयप्रकाश महतो, विकास महतो, लाल महतो, प्रकाश महतो आदि उपस्थित थे।

### स्वदेशी मेला के लिए प्रचार रथ रवाना



**JAMSHEDPUR :** भारतीय विपणन विकास केंद्र एवं स्वदेशी जागरण मंच द्वारा 13-25 मार्च तक बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में 17वां स्वदेशी मेला लगेगा। इसके लिए रविवार को प्रचार वाहन (स्वदेशी रथ) रवाना किया गया। प्रचार रथ को सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के मानद महासचिव मानव केडिया, मेला संयोजक अशोक गोयल, स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह संघर्षवाहिनी प्रमुख बंदेशंकर सिंह व स्वदेशी जागरण मंच की जिला संयोजक राजपति देवी रवाना किया। यह रथ शहर और आसपास में भ्रमण करेगा और स्वदेशी के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाएगा।

### राउरकेला स्टील प्लांट के सीआरएम विभाग के ट्रांसफार्मर में लगी आग

**ROURKELA :** राउरकेला स्टील प्लांट के सीआरएम विभाग के ट्रांसफार्मर में आग लग गई /आग पर काबू पाने के लिए दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई है। नुकसान की कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। आग लगने की घटना शनिवार की रात को हुई।आग लगने का कारण पता नहीं चला है।4-5

### सीएम चम्पाई सोरेन 13 या 14 को आ सकते जमशेदपुर

**JAMSHEDPUR :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन 13 या 14 मार्च को एक बार फिर जमशेदपुर आ सकते हैं। बताया जाता है कि वे यहां मानगो के मुंशी मोहल्ला में लगभग 300 करोड़ की लागत से स्वर्णरेखा नदी पर साकची से मानगो रोड तक बनने वाले ब्रिज का भूमिपूजन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री सीएच एरिया स्थित जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के प्रांगण में जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल व वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने रविवार को स्थल निरीक्षण किया। इस मौके पर उपविकास आयुक्त मनीष कुमार, आईटीडीए निदेशक दीपांकर चौधरी, सिटी एसपी मुकेश लुणायत तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भाजमो के कार्यकर्ता सम्मेलन में विधायक सरयू राय ने किया प्रहार, बोले-

# हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार के तीन, तो रघुवर में थे 35 मामले, ईडी दोनों से करे पूछताछ

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** भारतीय जनतंत्र मोर्चा प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को सिदगोड़ा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल में हुआ। इसमें पार्टी के संरक्षक और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने भ्रष्टाचार करने वालों पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा-कि 2015-16 से 2019-20 तक किया गया भ्रष्टाचार, भ्रष्टाचार नहीं है लेकिन 2020 के बाद तीन भ्रष्टाचार के मामले भ्रष्टाचार कहलाते हैं। भ्रष्टाचार पर ऐसा दोहरा मापदंड नहीं चलेगा। हेमंत सोरेन सरकार में करप्शन के तीन मामले हुए, जबकि पिछली रघुवर सरकार में 35 मामले थे। ईडी दोनों से पूछताछ करे।

सरयू ने कहा कि दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बीएमडब्ल्यू कार पर सवारी कर ली तो वह भ्रष्टाचारी हो गए, जबकि वह बीएमडब्ल्यू धीरज साहू के नाम से है। लेकिन, जमशेदपुर में 1101 नंबर की इनोवा गाड़ी पर जब पूर्व मुख्यमंत्री, उनकी पत्नी, उनके अन्य रिश्तेदार घूमते रहे, तब यह भ्रष्टाचार का मामला नहीं बना। यह इनोवा भी प्रेम प्रकाश और उसके मित्र भार्गव ने खरीदी थी। यह भ्रष्टाचार के दोहरे मापदंड का ही उदाहरण है। जमशेदपुर के एग्रिको में यह गाड़ी एक गैराज में पाई गई, पति-पत्नी के कार में बैठे हुए तमाम फोटोग्राफ भी पाए गए थे। ईडी ने इनोवा वालों से कोई पूछताछ नहीं की, कमाल है। बीएमडब्ल्यू पर चढ़ने वाला करप्ट हो गया, लेकिन इनोवा पर चढ़ने वाला भ्रष्टाचारी नहीं है।




कार्यक्रम में सरयू राय का स्वागत करते भजमो के कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

सम्मेलन में 20 बिंदुओं का राजनीतिक व सामाजिक प्रस्ताव भी पारित किया गया। इस दौरान सरयू राय के जमशेदपुर व धनबाद से लोकसभा चुनाव लड़ने का प्रस्ताव भी रखा गया, जिस पर सरयू राय ने कहा कि फिलहाल मेरी प्राथमिकता जमशेदपुर पूर्वी है। सम्मेलन को केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष पीएन सिंह सहित कई पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इसमें रांची, जमशेदपुर, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, चतरा, गढ़वा, पलामू, हजारीबाग व चाईबासा के जिलाध्यक्ष ने भी अपने विचार रखे।

## मोदी सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर दिया पिछड़ा आयोग को संवैधानिक दर्जा : अरुण शंकर

**JAMSHEDPUR :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पिछड़ा वर्ग के लिए कई काम किए हैं। डॉ प्रदीप वर्मा को राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाकर ओबीसी समाज का मान बढ़ाया। यही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर दशकों पुरानी मांग को पूरा किया। यह ऐतिहासिक कदम था। ये बातें खजौली (मधुबनी, बिहार) के विधायक एवं ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश प्रभारी अरुण शंकर प्रसाद ने कहीं। भालूबासा के होटल मिष्टी इन में रविवार को प्रेस वार्ता में अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि मोदी सरकार ने गत दस वर्षों में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। पहली बार केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, विधि विश्वविद्यालयों और सैनिक स्कूलों में भी आरक्षण लागू किया जा रहा है। मछुआरों के लिए अलग मंत्रालय का गठन किया गया। क्रीमी लेयर का स्तर 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये किया गया। 1993 में मंडल आयोग की सिफारिश के बाद किसी सरकार ने पिछड़ा वर्ग पर इतना ध्यान नहीं दिया, जितना मोदी सरकार दे रही है। इस दौरान ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव एवं जमशेदपुर महानगर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद भी मौजूद थे।



जानकारी देते ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश प्रभारी अरुण शंकर। ● फोटोन न्यूज

### जमशेदपुर में आज से जुटेंगे देश के नामचीन कलाकार

**JAMSHEDPUR :** संगीत नाटक अकादमी (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा पुरस्कृत कलाकार 11 से 14 मार्च तक जमशेदपुर में अपनी प्रस्तुति देंगे। कदमा के फार्म एरिया स्थित डीबीएमएस हाई स्कूल स्थित कलाकृति ऑडिटोरियम में प्रतिदिन कार्यक्रम का समय संध्या 6.30 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक प्रस्तुति होगी, जबकि13 मार्च को शास्त्रीय नृत्य पर दो सत्र होंगे। इस कार्यक्रम में जो कलाकार प्रस्तुति देंगे, वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से 2019, 2020, और 2021 के संगीत नाटक अकादमी के फेलोशिप और पुरस्कार 2023 से सम्मानित हो चुके हैं। ये कलाकार कोलकाता, दिल्ली, तिरुवनंतपुरम, इंफाल, बेंगलुरु, मुंबई, भुवनेश्वर, पुणे, त्रिचूर, वाराणसी व पुरुलिया से जमशेदपुर आ रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश निशुल्क है। वैसे इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण संगीत नाटक अकादमी के फेसबुक और यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। यह कार्यक्रम संगीत नाटक अकादमी के चंदनक्यारी (झारखंड) स्थित छऊ केंद्र व डीबीएमएस (दक्षिण भारतीय महिला समाज) ट्रस्ट के साथ संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

## जयंती पर याद किए गए महादेवी वर्मा, भवानी प्रसाद मिश्र, फणीश्वर नाथ रेणु एवं अज्ञेय

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में रविवार को साहित्य समिति, तुलसी भवन द्वारा मासिक 'कथा मंजरी' के दौरान महादेवी वर्मा, सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन अज्ञेय, फणीश्वर नाथ रेणु एवं भवानी प्रसाद मिश्र की जयंती मनाई गई। चारों साहित्यकारों का विस्तृत साहित्यिक परिचय क्रमशः डॉ वीणा पांडेय 'भारती', पूनम महानंदा व सुरेश चंद्र झा ने प्रस्तुत किया। कथा मंजरी में कुल 10 कहानीकारों ने अपनी कहानियों का पाठ किया, उनमें अनिता निधि (प्यार का तोहफा), शकुंतला शर्मा (वृद्धाश्रम में ताला), पूनम सिंह (काव्या का संघर्ष), सुरेश चंद्र झा (लॉस्ट एट द सी), माधुरी मिश्रा (नयी दिशा), रीना सिन्हा सलोनी (अलविदा), अरुणा झा (बेटी विदाई), नीता सागर चौधरी (अर्द्धनारी), कन्हैया लाल अग्रवाल (परम गौभक्त पाबूजी राठौर) व लक्ष्मी सिंह 'रुबी' (गुण नीम के पेड़ की) शामिल थे।




कार्यक्रम में उपस्थित लोग। ● फोटोन न्यूज

इससे पूर्व नगर के तीन साहित्यकार वसंत जमशेदपुरी व शीतल प्रसाद दूबे को राजस्थान की साहित्यिक संस्था 'साहित्य मंडल' द्वारा पिछले दिनों श्रीनाथद्वारा में तथा नीता सागर चौधरी को पिछले दिनों नेपाल में मिले साहित्यिक सम्मान के लिए पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के न्यासी अरुण कुमार तिवारी तथा संचालन साहित्य समिति के सह सचिव अरुणा भूषण शास्त्री ने की। स्वागत वक्तव्य संस्थान के मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी व धन्यवाद ज्ञापन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ यमुना तिवारी 'व्यथित' ने किया।

इस अवसर पर सुभाष चंद्र मुनका, डॉ अजय ओझा, डॉ रागिनी भूषण, डॉ संजय पाठक 'सनेही', जितेश कुमार तिवारी, नीलिमा पांडेय, भंजदेव देवेंद्र कुमार व्यथित, बलविंदर सिंह, ममता कर्ण एवं अन्य उपस्थित थे।

## हुलास दिवस पर हुई हिंदी-मैथिली वासंती काव्य संध्या, अरविंद विद्रोही सम्मानित

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** शहर की साहित्यिक संस्था हुलास ने रविवार को हुलास दिवस समारोह किया, जिसमें हिंदी-मैथिली वासंती संध्या हुई, तो शहर के व्यंग्यकार अरविंद विद्रोही को हुलास सम्मान से विभूषित किया गया। बिष्टुपुर के खरकई लिंक रोड स्थित परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी समिति के सभागार में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी समिति के अध्यक्ष मानस मिश्रा व विशिष्ट अतिथि महासचिव चंद्रशेखर झा थे। कार्यक्रम का आरंभ डॉ लता मानकर के सरस्वती वंदना से हुआ। हुलास के संस्थापक अध्यक्ष हरिकिशन चावला ने हुलास का परिचय तथा वर्तमान अध्यक्ष श्यामल सुमन ने स्वागत भाषण दिया। डॉ संध्या सिन्हा ने अरविंद विद्रोही का प्रशस्तिपत्र पढ़ा। दूसरे सत्र में हिंदी-मैथिली वासंती काव्य संध्या हुई, जिसका संचालन नवीन अग्रवाल व डॉ लता मानकर ने किया। इस दौरान श्यामल सुमन, अजय मुस्कान, रजनी रंजन, दीपक वर्मा दीप, जयप्रकाश पांडे, शोभा किरण,डॉ संध्या सिन्हा, हरिकिशन चावला, संतोष कुमार चौबे आदि ने अपनी प्रस्तुति दी।




व्यंगकार अरविंद विद्रोही को सम्मानित करते संस्था के लोग। ● फोटोन न्यूज

## ईव नदी में एक ही परिवार के तीन लोग डूबे, नदी से तीनों शव बरामद

**PHOTON NEWS ROURKELA :** सुंदरगढ़ ईव नदी में एक ही परिवार के तीन सदस्यों के डूबने के मामले में फायर ब्रिगेड ने रविवार को सुबह दो भतीजों के शव बरामद किए। बाद में चाचा मोहम्मद शाहिद का शव बरामद हुआ। शनिवार को रीजेंट मार्केट के पास रहने वाला एक परिवार पार्टी मनाने सुंदरगढ़ सेमिना के पास ईव नदी के किनारे गया था। जबकि परिवार के अन्य सदस्य किनारे पर थे, तीन लोग नदी में डूब गए और लापता हो गए। फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाश की लेकिन कल उन्हें बचाया नहीं जा सका। दो भतीजों मुहम्मद फरहान और मुहम्मद रिजवान तथा चाचा मुहम्मद शाहिद के शव आज बरामद किये गये। शव मिलने के बाद सुंदरगढ़ में मातम छा गया।



घटना स्थल पर जुटी पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम। ● फोटोन न्यूज

### मानगो के मधुसूदन विहार के बंद फ्लैट में मिला शव

**JAMSHEDPUR :** मानगो के उलीडीह थाना अंतर्गत मधुसूदन विहार सोसाइटी में दो दिन से बंद पड़े फ्लैट नंबर 402 में अकेले रहने वाले 75 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। सोसाइटी के रहने वाले धर्मेंद्र गुप्ता ने भाजपा नेता विकास सिंह को दूरभाष पर बताया कि उनकी सोसाइटी का एक फ्लैट दो दिन से बंद है। सुरक्षाकर्मी का कहना है कि फ्लैट में रहने वाले विजय कांत पाठक दो दिन से नजर नहीं आ रहे हैं। दरवाजा पीटने तथा बेल बजने में कुछ आवाज नहीं आ रही है। पाठकजी उपरोक्त फ्लैट में अकेले रहते थे। उनका बेटा संजय पाठक अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहता है। सोसाइटी के लोगों ने बेटे संजय पाठक से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। सूचना मिलते ही भाजपा नेता विकास सिंह ने उलीडीह थाने को मामले की जानकारी देते हुए शव को शीतगृह में रखवाने की बात कही।

## मंगल ओराम के हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने के सामने किया प्रदर्शन

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला से लापता किसान मंगल ओराम का शव झारखंड के जलडेगा में मिलने के बाद घटना ने अलग मोड़ ले लिया है। परिजनों द्वारा मंगल ओराम का हत्या का आरोप लगाने के बाद झिरिपानी पुलिस ने हत्या और अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। शनिवार की शाम तेंतेरकेला पंचायत के लोगों ने हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग को लेकर झिरीपानी थाने के समक्ष प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में बीरमित्रपुर विधायक शंकर ओराम और पूर्व विधायक हलु मुंडारी शामिल थे। पुलिस ने कहा कि हत्यारे को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि मंगल ओराम 29 तारीख को लापता हो गये थे और एक मार्च को उनका शव झारखंड के जलडेगा थाना क्षेत्र में मिला था। जलडेगा पुलिस ने शव को 5 दिनों तक अपने पास रखा और फिर दफना दिया।आज 9 दिनों के बाद शव को जलडेगा पुलिस ने मिट्टी से निकालकर राउरकेला पुलिस को सौंप दिया। शव परिवार को सौंपने के बाद आज उनका अंतिम संस्कार किया गया।



थाने के सामने प्रदर्शन करते लोग। ● फोटोन न्यूज

## भालूबासा स्थित मिष्टी इन होटल में मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# 65 महिलाओं को किया गया सम्मानित



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** महिलाओं द्वारा संचालित संस्था नारी शक्ति ने भालूबासा स्थित मिष्टी इन होटल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया, जिसमें शहर की 65 स्वावलंबी महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी, समाजसेवी मंजीत आनंद, मिताली बोस, तरुण दे, सामंतो कुमार, गोरा दा, शुभांकर चटर्जी, मनोज सरकार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत त्रियाशा सरकार ने गणेश वंदना से की। शिल्पी लोध ने सुस्वागतम गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण संस्था की अध्यक्ष अपर्णा गुहा ने दिया। इसी क्रम में पियाली चक्रवर्ती व तापती सिन्हा ने बड़ी मुश्किल बाबा बड़ी मुश्किल गाने पर नृत्य किए। पियाली चक्रवर्ती, शुक्ला बनर्जी आदि ने गीत प्रस्तुत किए। बांग्ला भाषा को विधानसभा सत्र में रखने के लिए विधायक मंगल कालिंदी को बंग समाज द्वारा सम्मानित किया गया। बुलबुल घोष ने फनगेम कराया। इस अवसर पर सोनाली मित्र, सुजाता भौमिक, रत्ना पात्र, राजश्री चटर्जी, नीता सरकार, पिंकी मुखर्जी, कोयल बनर्जी, शर्मिष्ठा सरकार, मीता घोष, जुली सरकार, दीपाली सरकार, सुष्मिता गांगुली, अर्पिता कर आदि उपस्थित थीं।

## राउरकेला : मानबिकता परिवार द्वारा मनाया गया महिला दिवस



**ROURKELA :** मानबिकता परिवार की ओर से रविवार को भंजभवन थिएटर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में रघुनाथपाली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं, जबकि भंजभवन में क्षमता से अधिक महिलाएं थीं। संस्था के मुखिया प्रशांत सेठी को शहर में काफी सराहना मिली । मुख्य अतिथि शर्मिष्ठा कवि शतपथी और मुख्य वक्ता मोनालिसा मिश्रा के साथ-साथ अतिथि निरुपमा स्वाई ने इस अवसर पर उपस्थित महिला मण्डली को माँ के सम्मान, महिला सशक्तिकरण और महिलाओं की सच्ची पहचान और आत्मनिर्भरता पर अपने विचारशील विचार दिए।

### मौर्य एक्सप्रेस के आगमन पर भव्य स्वागत, सांसद ने झंडा दिखाकर किया रवाना



**ROURKELA :** बहुप्रतीक्षित हटिया-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस के संबलपुर तक विस्तार के बाद उत्तर भारत के लोगों के मन में काफी खुशी है। रविवार को राउरकेला रेलवे स्टेशन पहुंचने पर ट्रेन का भव्य स्वागत किया गया। सुंदरगढ़ के सांसद जोएल ओराम ने हरी झंडी दिखाई और ट्रेन को रवाना किया। इस दौरान भाजपा नेता निहार राय, धीरेन सेनापति, भाजपा अध्यक्षा लतिका पटनायक मौजूद थे। अन्य लोगों में राउरकेला डेवलप इस्टयरिंग कमिटी के अध्यक्ष सुब्रत पटनायक, कांग्रेस अध्यक्ष रवि राय, मर्चेंट्स एसोसिएशन के गुरुमीत सिंह और बिहार सांस्कृतिक परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित थे। लंबे समय से विभिन्न संगठनों द्वारा मोरया एक्सप्रेस को राउरकेला तक विस्तारित करने की मांग की जा रही थी।आज मांगें पूरी होने पर खासकर बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों ने खुशी जाहिर की। विभिन्न संगठनों द्वारा ट्रेन का स्वागत किया गया।

## निर्माण श्रमिक सहायता वितरण शिविर आयोजित, 800 श्रमिकों को मिला लाभ



कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित करते मंत्री शारदा प्रसाद। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** निर्माण श्रमिक कल्याण योजना सहायता शिविर का आयोजन आज ईदगाह मैदान, राउरकेला प्लांटसाइट रोड कब्रिस्तान के सामने किया गया। इसमें विभिन्न योजनाओं के तहत निर्माण श्रमिकों को कार्ड वितरित किया गया। विशेष रूप से, निर्माण श्रमिकों की बेटियों की शादी के लिए कार्ड, निर्माण श्रमिकों के इलाज के लिए कार्ड, नए निर्माण श्रमिकों के लिए कार्ड, निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए कार्ड और निर्माण श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति कार्ड वितरित किए गए। सुंदरगढ़ जिले में 800 से अधिक निर्माण श्रमिकों विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आज के शिविर में 6 करोड़ 97 लाख रुपये से ज्यादा डीबीटी के माध्यम से वितरित किए गए। इस दौरान ओडिशा के श्रम एवं ईएसआई विभाग के मंत्री एवं राउरकेला विधायक शारदा प्रसाद नायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और कार्ड वितरण किए। इस अवसर पर राउरकेला श्रम विभाग के डीएलओ दिव्य ज्योत नयाक, जसवन्त अमात, प्रशांत समासी, श्रमिक नेता बैद्यनाथ दास, दिगंबर मोहंती, प्रद्युम त्रिपाठी, सुनंदा नाथ, गगन बिहारी, प्रशांत माझी, बिजुशा माझी थे। इस कार्यक्रम में बीजू जनता दल के नगर अध्यक्ष गगन पांडा और अन्य श्रमिक नेता और हजारों निर्माण श्रमिक उपस्थित थे।

# 12 मार्च को पीएम करेंगे उद्घाटन, नरकटियागंज में 50 करोड़ की लागत बनेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स



**पटना।** पटना से लखनऊ और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी। 12 मार्च को पीएम नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इसका उद्घाटन करेंगे। पूर्व मध्य रेलवे के तरूण प्रकाश ने प्रेस वार्ता के दौरान ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में 10 नई वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी। पूर्व मध्य रेलवे के तरूण प्रकाश ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 12 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 नए सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत का उद्घाटन करेंगे। अहमदाबाद से हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना करेंगे। इसमें पटना-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस है जो गोमती नगर तक जाएगी। दूसरी न्यू जलपाईगुड़ी से पटना के बीच चलेगी और तीसरी पूर्व मध्य रेलवे के गया और सासाराम के रास्ते रांची से वाराणसी के बीच चलेगी। देश में अलग-अलग रूटों पर पहले से चल रही 4 वंदे भारत एक्सप्रेस के रूट को बढ़ाया भी जाएगा। इसमें अहमदाबाद-जामनगर, अजमेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला, गोरखपुर-लखनऊ और तिरुवनंतपुरम-कासरगोड वंदे भारत शामिल है। देश में अभी तक कुल 41 वंदे भारत एक्सप्रेस चल रही है। जो 24 राज्यों से होकर गुजरती है। पटना-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस के स्वागत में आरा और बक्सर स्टेशन पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आरा में केंद्रीय मंत्री आरके सिंह मौजूद रहेंगे, जबकि बक्सर के कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी चौबे रहेंगे। बुकिंग 18 मार्च से शुरू होगी। इसमें कुल 8 कोच होंगे और सप्ताह में 6 दिन चलेगी। नरकटियागंज में बनेगा नया कोचिंग कॉम्प्लेक्स इसके अलावा दो नई ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। जेनेरिक दवा की शॉप भी पूर्व मध्य रेलवे के पटना जंक्शन, दरभंगा और पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन पर खोली जाएगी। समस्तीपुर रेल डिवीजन के नरकटियागंज को 50 करोड़ की लागत से नए कोचिंग कॉम्प्लेक्स की सौगात मिलेगी। आरा और मुजफ्फरपुर में नई वॉशिंग पिट लाइन भी बनाई जाएगी। 16 नए गुडशेड पूर्व मध्य रेलवे के अलग-अलग स्टेशनों पर बनेंगे। 4 गतिशक्ति गुडशेड टर्मिनल बनाए जाएंगे। इनका शिलान्यास होगा। पटना और राजेंद्र नगर टर्मिनल पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट के स्टॉल का उद्घाटन भी उस दिन किया जाएगा। 6558 करोड़ की योजनाओं का होगा शिलान्यास व उद्घाटन तरूण प्रकाश ने बताया कि प्रधानमंत्री रेलवे के कुल 85 हजार करोड़ से अधिक के परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इसमें 6 हजार 558 करोड़ रुपए की लागत से 19 रेलवे वर्कशॉप, लोको शेड, पिटलाइन, कोचिंग डिपो, फ्लटर-बारामती नई रेल लाइन व अन्य योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा दो नए रेलखंड का उद्घाटन होगा।

## नकाबपोश बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाकर की लूटपाट, विरोध करने पर दंपती को पीटा



**नालंदा।** नालंदा में नकाबपोश बदमाशों ने शनिवार रात किराना व्यवसाय के घर से 23 लाख रुपए की लूटपाट की। इस दौरान घर में मौजूद दंपती ने जब इसका विरोध किया तो उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। फिर बंदूक दिखाकर पति-पत्नी और उनके बच्चों को बंधक बना लिया। डकैती कमलेश कुमार के घर स्थित दुकान में भी हुई है। बताया जा रहा है कि देर रात करीब 12.15 बजे 7 से 8 की संख्या में बदमाश दुकान का ताला काटकर घर में घुस गए। फिर बंदूक दिखाकर पेटी-बक्सा की चाबी मांगी। डर से दंपती ने चाबी दे दिया। घटना के संबंध में पीड़िता रिंकू कुमारी ने बताया कि नकाबपोश बदमाशों ने घर में सवा घंटे तक लूटपाट मचाया। इस दौरान बदमाशों ने करीब 20 लाख के जेवरात और 3 लाख नगद लूट लिए। घटना रहुई थाना क्षेत्र के मोहद्दीनपुर स्थित कमरपुर मोड़ की है। पीड़ित परिवार का कहना है कि बदमाश 7 से 8 की संख्या में थे। घर में घुसते के साथ लूटपाट शुरू कर दी। दंपती ने जब इसका विरोध किया तो बंदूक दिखाकर मारपीट करने लगे। सभी को घर के एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद पेटी-बक्से का ताला खोला और गहने और नगद देकर आराम से भाग निकले। डकैतों के जाने के बाद कमरे का दरवाजा तोड़कर बाहर निकले। फिर घटना की सूचना पड़ोस में रहने वाले लोगों के साथ साथ पुलिस को दी। आसपास के लोगों ने घर की दी थी जानकारी पीड़िता की माने तो नकाबपोश डकैत लोकल भाषा में बातचीत कर रहे थे। वे हर-वे हथियार, रड और कटर से लैस थे। डकैतों का कहना था कि उन्हें गांव के ही लोगों ने घर में 50 लाख के करीब जेवरात रहने की बात बताई थी। दंपती घर में ही किराना दुकान चलाते हैं। पति-पत्नी के अलावा घर में दो बच्चे मौजूद थे। घटना के बाद पूरा परिवार डरा सहमा हुआ है रहुई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि मेन गेट का ताला तोड़ कर परिवार को बंधक बनाया। इसके बाद लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया। एफएसएल एवं डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## 17 फरवरी से थी लापता, बहाने से रोहतास ले गया;6 महीने पहले हुई थी मारपीट



**कैमूर।** कैमूर में बदला लेने के लिए प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी। युवती 17 फरवरी से लापता थी। आरोपी प्रेमी उसे घूमाने के लिए रोहतास के मांझर कुंड लेकर गया था। जहां उसे चाकू से गोद कर मार डाला। भभुआ डीएसपी शिव शंकर के अनुसार दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं। दोनों के बीच चार साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। छह माह पहले दोनों को गांव में एक साथ पकड़ा गया था। लड़की के परिजनों ने लड़के की पिटाई कर दी थी। उस समय मामला शांत हो गया था, पर प्रेमी ने बदला लेने की सोच ली थी। उसने लड़की से बात करना शुरू किया और उसे घूमाने ले गया और उसकी हत्या कर दी। युवती के परिजनों ने उसके लापता होने की शिकायत थाने में की थी। युवती के परिजनों ने लापता होने की प्राथमिकी भभुआ थाने में दर्ज कराई थी। तकनीकी जांच के आधार पर प्रेमी मोहम्मद जाकिर अंसारी के 21 साल के बेटे मोहम्मद शफीक अंसारी को कुदरा थाना क्षेत्र के गंगवलिया से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस उसे घटनास्थल पर ले गई। जहां उसकी बताई जगह से शव और कपड़े बरामद किए गए। साथ ही घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद हुआ है। भभुआ डीएसपी शिव शंकर कुमार ने कहा कि कुदरा थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की एएनएम देने के लिए भभुआ आई थी। 17 फरवरी को वह गायब हो गई थी। परिजनों ने खोजबीन के बाद भभुआ थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया था।

## साइबर ठगों की गाली-गलौज के बाद आई सदमे में, पुलिस बोली- इतने पैसे के लिए कोई सुसाइड नहीं करता



**भागलपुर।** तीन बच्चों की मां ने आत्महत्या कर ली है। उसका शव पंखे से लटका मिला। मृतका की पहचान पासी टोला निवासी कुंदन चौधरी की पत्नी रिंकी देवी (28) के रूप में की गई है। घटना बरारी थाना क्षेत्र के पासी टोला की है। मृतका के पति कुंदन चौधरी ने बताया कि शनिवार की दोपहर साइबर ठग ने रिंकी देवी के मोबाइल पर फोन किया था। एक हजार रुपए अकाउंट में भेजने का लालच दिया और मोबाइल पर एक एप्लीकेशन भेजा। उन्होंने एप्लीकेशन डाउनलोड किया। वैसे ही बैंक खाते से 24 सौ रुपए कट गए। इसके बाद दुबारा ठग ने फोन किया और कहा 100 रुपए भेजो, तब 24 सौ रुपए रिटर्न होगा। रिंकी ने मना किया तो ठग गाली-गलौज करने लगा, जिसके बाद रिंकी डिप्रेशन में आ गई। इसके बाद उसने ऐसा कदम उठाया। कुंदन का कहना है कि घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। कुंदन ने बताया कि पुलिस से शिकायत की तो कहा- इतने पैसे के लिए कोई सुसाइड नहीं करता है। इसके बाद बिना शिकायत लिए वापस लौटा दिया। कुंदन के बड़े भाई पंकज ने बताया कि मृतका के बेटे गौरव ने सबसे पहले कमरे में फंदे से लटका देखा तो शोर मचा कर सबको घटना की जानकारी दी। हम लोग आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में रिंकी का फोन चेक किया तो ठग और मृतका के बीच हुई बातचीत का रिकॉर्डिंग मिला। फिर मामला स्पष्ट हुआ। सिटी रढ राज ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, ऋछ की टीम भी जांच कर ही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मुदार्बाद के नारे भी लगे, केंद्रीय मंत्री बोले- राजनीति में विरोध होता रहता है



**बेगूसराय।** बेगूसराय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को लोगों ने काला झंडा दिखाया। इस दौरान मुर्दाबाद के नारे भी लगे। विरोध कर रहे लोगों के हाथों में काले झंडा के साथ बीजेपी का झंडा भी था। विरोध की वजह से गिरिराज सिंह का काफिला कुछ देर तक रुका रहा। सुरक्षाबलों ने आक्रोशित लोगों को साइड किया। इसके बाद गिरिराज का काफिला आगे निकला। मामला बछवाड़ा थाना क्षेत्र के रानी गांव के समीप एनएच- 28 का है, जहां भाजपा का झंडा लेकर दर्जनों की संख्या में लोगों ने जमकर नारेबाजी की। वहीं इस मामले पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि विरोध जिताना करना है करो, लेकिन नरेंद्र मोदी का विरोध कर देश का नुकसान नहीं करो। राजनीति में विरोध होता रहता है। इधर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुमित सन्नी ने कहा कि विरोध करने वाले उदंड समर्थित कुछ असामाजिक तत्व थे। दरअसल, गिरिराज सिंह बरौनी डेयरी में शिलान्यास कार्यक्रम के बाद बछवाड़ा में उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे। इसी दौरान रानी गांव के समीप एनएच-28 के किनारे खड़े लोगों ने काला झंडा दिखाया। लोगों ने गिरिराज सिंह मुर्दाबाद और गिरिराज सिंह वापस जाओ के नारे भी लगाए। काला झंडा दिखा रहे विनोद राय ने कहा कि बेगूसराय में लगाए गए पेप्सी प्लांट में जिले के एक भी आदमी को काम नहीं मिला। काम सिर्फ उसी को मिला है, जिसने गिरिराज सिंह को पांच-पांच लाख रुपए दिया। बीजेपी कार्यकर्ता स्वागत में खड़े थे इस मामले में भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुमित सन्नी का कहना है कि भाजपा के कार्यकर्ता सड़क किनारे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के स्वागत में खड़े थे। इसी दौरान उदंड समर्थित कुछ असामाजिक तत्व आ गए। उन्होंने ही काला झंडा दिखाया है।

## बोलीं-दिनभर स्कूल का काम करती, पति कभी-कभी शराब पीते; 3 कमरे में होती आठवीं तक पढ़ाई



**जमुई।** जमुई में क्लास रूम को बेडरूम में बदल कर एक महिला टीचर अपने पति के साथ वहां रह रही हैं। प्रभारी प्रधानाचार्य के पति स्कूल में ही रहते हैं और अक्सर शराब भी पीते हैं। पूरा मामला जिले के खैरा प्रखंड के गरही पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरदीन का है। जहां महज तीन कमरों में क्लास 1 से लेकर 8 तक की पढ़ाई होती है, जबकि एक कमरा टीचर का आशियाना बना हुआ है। स्कूल के जिस कमरे में ऑफिस होना चाहिए था, उसे प्रधान शिक्षिका के तौर पर कार्यरत शिक्षिका शीला हेंब्रम ने अपना घर बना लिया है। कमरे में ऐशो-आराम की सारी सुविधाएं हैं। जिसमें बिस्तर से लेकर फ्रिज,गोदरेज,टीवी,अलमारी, टेबल और रसोई का सारा सामान शामिल है। कुछ दिन पहले इसी स्कूल का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें प्रधान शिक्षिका बच्चों को पढ़ाने की बजाय उनसे अपने घर का काम करवा रही हैं। बच्चों से घर के निर्माण कार्य में लगने वाले छड़, सीमेंट और गिट्टी उठवा रही थी।

## लालमोहन गुप्ता बोले- 51 साल से पार्टी की सेवा कर रहा हूं; शादी भी नहीं की



**मुंगेर।** भारतीय जनता पार्टी ने बिहार में होने जा रहे विधान परिषद चुनाव के लिए तीन कार्यकर्ताओं के नाम की घोषणा कर दी है। इस सूची में मुंगेर के जमालपुर विधानसभा क्षेत्र के आशिकपुर के रहने वाले स्वर्गीय डॉ. राम प्रसाद गुप्ता के बड़े बेटे लाल मोहन गुप्ता तांती का नाम भी शामिल है। लाल मोहन मुंगेर के पूर्व जिलाध्यक्ष के पद पर 2016-19 तक रह चुके है। लाल मोहन गुप्ता ने बताया कि उन्हें विश्वास नहीं हुआ, पार्टी ने विधान परिषद सदस्य की उम्मीदवारी के लिए मेरे नाम का ऐलान किया। हम घर में टीवी देख रहे थे, इसी दौरान अचानक टीवी पर मेरा नाम चलने लगा। भाजपा के मुंगेर जिला के नेता फोन कर बधाई देने लगे। बाद में प्रदेश सचिव का फोन आया, फिर उन्हें विश्वास हुआ की पार्टी ने उनकी उम्मीदवारी पर सहमति जताई है। लाल मोहन गुप्ता के पास कोई बैंक अकाउंट नंबर नहीं उन्होंने दैनिक भास्कर से बातचीत में बताया कि हम काफी गरीब परिवार से आते हैं। मेरे पास अचल संपत्ति के नाम पर महज चार कट्ठा जमीन है। जिसमें सात भाइयों का बंटवारा है। उन्होंने यह भी बताया कि मेरे पास कोई बैंक अकाउंट भी नहीं है। हम अपने जीवन का 51 साल पार्टी के लिए समर्पित किए है। हमने शादी भी नहीं की है।

# संजय जायसवाल लगा चुके हैं जीत की हैट्रिक, प्रकाश झा ने भी आजमाई थी किस्मत



**गोलू शुक्ला।** बेतिया लोकसभा चुनाव का ऐलान कभी भी हो सकता है। पार्टियों ने भी कमर कस ली है, हर सीट पर आकलन हो रहा है। बात बिहार के पश्चिम चंपारण लोकसभा सीट की करें तो फिलहाल यहां बीजेपी का कब्जा है। आजादी के बाद से 1977 तक इस लोकसभा सीट को कांग्रेस का गढ़ माना जाता रहा। लेकिन साल 1977 में जनता पार्टी की लहर में फजलुल रहमान ने कांग्रेस के किले को भेद दिया। इसके बाद फिर कांग्रेस अच्छे दिन नहीं लौटे। कभी लालू की पार्टी ने भी इस सीट पर जीत दर्ज की लेकिन पकड़ ज्यादा दिनों तक मजबूत नहीं रह सकी। बॉलीवुड फिल्म निदेशक प्रकाश झा ने भी दो बार इस सीट से दावेदारी ठोकी, लेकिन यहां जनता को बॉलीवुड का तामझाम पसंद नहीं। लिहाजा, प्रकाश झा को दोनों बार हार का सामना करना पड़ा। फिलहाल पिछले तीन बार से भाजपा के डॉ. संजय जायसवाल अपने पिता डॉ. मदन जायसवाल की तरह हैट्रिक लगा चुके हैं। कयास तेज है कि इस बार भी वो चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगे। 1977 के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस के केदार पाण्डेय ने जनता पार्टी ने यह सीट छीन ली। हालांकि 1984 में एक बार फिर से पूर्व मुख्यमंत्री केदार पाण्डेय ने जीत दर्ज की, लेकिन इसी साल उनके निधन के बाद उपचुनाव हुए। उप चुनाव में सीपीआई के पीतांबर सिंह ने जीत दर्ज की। उन्होंने केदार पाण्डेय के बेटे मनोज पाण्डेय को हराया था। एक साल बाद हुए चुनाव में मनोज पाण्डेय ने हार का बदला लिया और पीतांबर सिंह को शिकस्त दी। 1989 में जनता दल के धर्मेश प्रसाद वर्मा ने मनोज पाण्डेय और 1991 में इसी पार्टी के फैयाजुल आजम ने भाजपा के डॉ. मदन जायसवाल को हराया था। 1996 में डॉ. मदन जायसवाल ने पहली बार पश्चिम चंपारण सीट पर जीत दर्ज की। उन्होंने राजद के नसीम अहमद को हराया। 13 महीने की अटल सरकार के गिरने के बाद 1998 में फिर से चुनाव हुए और मदन जायसवाल ने बाजी मारी। 1999 में राजद के मोतिउर रहमान को हराकर मदन जायसवाल ने जीत की हैट्रिक लगाई। 2004 के लोकसभा चुनाव में राजद के रघुनाथ झा ने मदन जायसवाल के रथ को रोक दिया। इसके बाद मदन जायसवाल का निधन हो गया। उनकी जगह डॉ. संजय जायसवाल ने 2009 में चुनाव लड़ा। उन्होंने एलजेपी के उम्मीदवार फिल्म निमार्ता-निर्देशक प्रकाश झा को 47 हजार से अधिक वोटों से हराया। इस चुनाव में रघुनाथ झा तीसरे नंबर पर रहे। 2014 के चुनाव का परिणाम यही रहा, बस जीत का अंतर बढ़ गया। डॉ. संजय जायसवाल ने प्रकाश झा को 1.10 लाख से अधिक वोटों से हराया। हालांकि 2019 में डॉ. संजय जायसवाल मुकाबला करने राष्ट्रीय लोक समता पार्टी से बृजेश कुशवाहा मैदान में उतरे लेकिन वो भी संजय जायसवाल ने उन्हें 3 लाख से अधिक वोट से हरा दिया। बॉलीवुड की चकाचौंध पश्चिम चंपारण को नहीं आयी रास 2009 और 2014 में फिल्म निर्देशक प्रकाश झा पश्चिम चंपारण सीट से उम्मीदवार थे। उन्हें जिताने के लिए बॉलीवुड उतरा था, लेकिन उसकी चकाचौंध यहां के लोगों को नहीं आई। उनके उतरने से यह वीआईपी सीट बन गई थी। देशभर के लोगों की निगाहें यहां के चुनाव पर थी। दो बार चुनाव में पटखनी खाने के बाद 2019 में प्रकाश झा ने चुनाव लड़ने का इरादा ही छोड़ दिया।

## संक्षिप्त डायरी

### पूर्व मध्य रेलवे ने लिया फैसला; लहेरियासराय, भगवानपुर और गढ़हरा स्टेशन पर रुकेगी ट्रेन



**मुजफ्फरपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा यात्रियों की सुविधा की बढ़ोतरी को लेकर सतत प्रयास जारी है। इसी के मद्देनजर रेलवे द्वारा सोनपुर रेल मंडल और समस्तीपुर रेल मंडल के लहेरियासराय, भगवानपुर तथा गढ़हरा स्टेशनों पर 1-1 जोड़ी ट्रेनों का प्रायोगिक तौर पर 2 मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है। जिससे इस रूट से यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। 1. गाड़ी सं. 15553/15554 भागलपुर-जयनगर-भागलपुर एक्सप्रेस का लहेरियासराय स्टेशन पर ठहराव - दिनांक 10.03.2024 से गाड़ी सं. 15553 भागलपुर-जयनगर एक्सप्रेस लहेरियासराय स्टेशन 13.28 बजे पहुंचकर 13.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी सं. 15554 जयनगर-भागलपुर एक्सप्रेस लहेरियासराय स्टेशन 21.53 बजे पहुंचकर 21.55 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 2. गाड़ी सं. 15527/15528 जयनगर-पटना-जयनगर कमला गंगा एक्सप्रेस का गढ़हरा स्टेशन पर ठहराव - दिनांक 10.03.2024 से गाड़ी सं. 15527 जयनगर-पटना कमला गंगा एक्सप्रेस गढ़हरा स्टेशन 8.25 बजे पहुंचकर 08.27 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी सं. 15528 पटना-जयनगर कमला गंगा एक्सप्रेस गढ़हरा स्टेशन 20.47 बजे पहुंचकर 20.49 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 3. गाड़ी सं. 15515/15516 रक्सौल-दानापुर-रक्सौल एक्सप्रेस का भगवानपुर स्टेशन पर ठहराव - दिनांक 11.03.2024 से गाड़ी सं. 15515 रक्सौल-दानापुर एक्सप्रेस भगवानपुर स्टेशन 10.19 बजे पहुंचकर 10.21 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी सं. 15516 दानापुर-रक्सौल एक्सप्रेस भगवानपुर स्टेशन 15.49 बजे पहुंचकर 15.51 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

### दुकान बंद कर घर लौट रहे थे; विरोध करने पर फायरिंग, कैश-गहने लेकर भागे अपराधी



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में लूटपाट के दौरान एक स्वर्ण कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शहर के के जैतपुर ओपी के गिजास के पास बाइक सवार अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया। लूट का विरोध करने पर फायरिंग की गई। जिसके बाद जख्मी कारोबारी को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज लाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई है। इस घटना के बाद मृतक स्वर्ण कारोबारी के परिजन सदमे की हालत में है। कारोबारी शनिवार रात करीब 9 बजे अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, तभी वारदात को अंजाम दिया गया। अपराधी कैश और गहने वाला बैग लूटकर भाग निकले। पूरा मामला सरैया थाना क्षेत्र के जैतपुर ओपी क्षेत्र के गिजास की बताई जा रही है। जहां, बखरा चौक से अपने आभूषण की दुकान को बंद कर कारोबारी ओमप्रकाश वर्मा (40) बाइक से अपने घर रजवाड़ा लौट रहे थे। गिजास के पास कुछ हथियारबंद अपराधियों ने उनसे लूटपाट करने की कोशिश की। इसका विरोध करने पर अपराधियों ने आभूषण कारोबारी को गोली मार दी गई। जिसके बाद सभी अपराधी उसके कैश और गहनों को लेकर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोग मौके पर गोली की आवाज सुनकर पहुंचे। जिनके द्वारा इस मामले की जानकारी बखरा चौक के दुकानदारों और घायल आभूषण कारोबारी के परिजनों को दी गई। जिसके बाद कुछ स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल कारोबारी को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज लाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई। आभूषण कारोबारी के परिजन दीपक कुमार ने बताया कि रोज की तरह दीपक अपनी दुकान को बंद कर रात में बखरा चौक से अपने घर राजवाड़ा लौट रहे थे। जहां, बाइक सवार दो अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया गया। वारदात के वक्त दीपक कुमार अपनी बाइक से अकेले ही लौट रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि 4-5 राउंड गोली चली थी जिसमें एक गोली कंधे में लगी। इस घटना के संबंध में मृतक के परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी एसकेएमसीएच मेडिकल कालेज के ओपी को दे दी गई है। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया गया है। अभी मृतक के परिजनों के द्वारा अभी कोई आवेदन नहीं दिया गया है।

### बैग लेकर भाग गया था ऑटो चालक, ढूंढ़ने के नाम पर पुलिसकर्मियों ने खाया खाना

**पटना।** डीआईजी सह पटना एसएसपी राजीव मिश्रा ने दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। दोनों ने ही कनाडा के कार शोरूम संचालक एनआरआई रवि उर्फ रितेश बात्रा की मदद के बदले पटना में उनसे खर्चा पानी मांगने और खाना का बिल पे करवाया था। यह जानकारी रविवार को सिटी एसपी चंद्र प्रकाश ने दी। साथ ही एनआरआई के बैग लूट मामले पर एफआईआर दर्ज करने में टालमटोल करने के मामले में कोतवाली थानाध्यक्ष से स्पष्टीकरण मांगा गया है। क्या था पूरा मामला रवि उर्फ रितेश बात्रा, पत्नी और बच्चे के साथ पटना घूमने आए हैं। फ्रेजर रोड स्थित एक होटल में ठहरे हैं। शुक्रवार को पटना जंक्शन से गुरुद्वारा जाने के लिए ऑटो लिया था। ऑटो चालक जेपी गंगा पथ लेकर चला गया। वहां उतार दिया और ऑटो लेकर भाग गया। ऑटो पर बैग था, जिसमें 27 हजार कैश, स्मार्ट घड़ी, पत्नी और बच्चे के कपड़े समेत कई सामान थे। कोतवाली थाने में केस दर्ज हुआ, पर उसमें घटनास्थल बुद्धा कॉलोनी होने की बात लिखी। अगर आरोप सही तो जाएगी दोनों सिपाहियों की नौकरी पटना के सिटी एसपी चंद्र प्रकाश ने बताया कि पीड़ित रवि ने पुलिस पर पैसा मांगने और खाना का बिल दिलाने का आरोप लगाया था।

## नकली दवा पर वार

देश में आए दिन नकली दवाइयों का भंडाफोड़ होना समाज के नजरिये से सुखद, पर प्रशासन के नजरिये से शर्मनाक है। सबसे दुखद है, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में फिर एक नकली दवा कंपनी का पकड़ा जाना। नकली दवाओं का निर्माण जिस गति से गाजियाबाद में हो रहा था, उसकी निंदा के लिए शब्द कम पड़ जाएंगे। यह न केवल लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़, बल्कि देश के साथ शत्रुता के समान है। गाजियाबाद में पता नहीं कब से यह नकली दवा फैक्टरी चल रही थी, जहां रक्तचाप, मधुमेह और गैस की नकली दवाएं बनाई जा रही थीं। जाहिर है, यह कंपनी अपने बाजार प्रतिनिधियों के जोर पर अनेक चिकित्सकों को लुभावने प्रस्ताव देकर अपनी दवाओं को बेचती होगी। औषधि विभाग, क्राइम ब्रांच और पुलिस के हाथ तो महज 1.10 करोड़ रुपये की नकली दवाएं आई हैं, पर वास्तव में न जाने कितनी नकली दवाइयों की बिक्री यह कंपनी कर चुकी होगी। खैर, नकली दवा बनाने वाले फैक्टरी संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे ऐसी सजा मिलनी चाहिए कि दूसरों के लिए नजीर बन जाए। इसमें कोई शक नहीं है कि मिलावटखोरों या नकली उत्पाद बनाने वाले उद्यमियों के साथ हमारे देश में ढिलाई या उदारता बरती जाती है, इसलिए अपराधियों के हौसले बुलंद रहते हैं। किसी न किसी रसूखदार का सहारा लेकर ऐसे उद्यमी-अपराधी बचने के रास्ते निकाल लेते हैं। चूंकि भारत में आबादी ज्यादा है और उसी अनुपात में बीमारियां भी हैं, तो दवाओं की मांग यहां लगातार बनी रहती है। ऐसे में, कुछ दवा निमार्ता कंपनियों का काम ही यही है कि ब्रांडेड दवाओं के नाम का लाभ उठाया जाए। दवा कारोबार में लाभ भी बहुत होता है, यह लाभ भी अपराधियों को दवा निर्माण के व्यवसाय में खींच लाता है। नकली दवाओं का मामला केवल एक राज्य या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। तेलंगाना का ताजा मामला गौर करने लायक है। तेलंगाना सरकार ने मेग लाइफ साइंसेज द्वारा निर्मित 33 लाख रुपये से ज्यादा की तीन दवाओं की जांच की है और उनमें दवा का कोई भी तत्व नहीं पाया है। राज्य के औषधि नियंत्रण प्रशासन ने कहा है कि इन तीनों नकली दवाओं में केवल चॉक पाउडर और स्टार्च मिला है। तेलंगाना में पकड़ में आई कंपनी ने कागज पर हिमाचल प्रदेश में मुख्यालय होने का दावा किया है, पर वास्तव में हिमाचल में ऐसी कोई कंपनी नहीं है। पता नहीं, ऐसी कितनी कंपनियां देश में चल रही हैं? पिछले सप्ताह ही तेलंगाना डीसीए और हैदराबाद पुलिस के संयुक्त अभियान के बाद उत्तराखंड में इसी तरह के एक नकली दवा रैकेट का भंडाफोड़ किया गया था, जिसमें चॉक पाउडर वाली नकली दवाओं को सिप्ला जैसी प्रतिष्ठित फार्मा कंपनियों की दवा के रूप में पेश किया जा रहा था। नकली दवाओं से शायद ही कोई राज्य अछूता है। पिछले महीने महाराष्ट्र में भी भारी मात्रा में नकली एंटीबायोटिक दवाओं को जब्त किया गया था। ऐसी कंपनियां अक्सर भ्रष्टाचार का सहारा लेकर सरकारी अस्पतालों में भी आपूर्ति करने में कामयाब हो जाती हैं।

## रिश्वत विशेषाधिकार नहीं

यह एक ऐसा फैसला था, जो सालों से अखर रहा था। लगभग 25 साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने बदनाम झामुमो रिश्वत कांड में रिश्वत देनेवालों और रिश्वत लेनेवालों के बीच जो कृत्रिम अंतर स्थापित किया उससे बहुत से लोग भौंचक रह गये थे: जिन्होंने एक अविश्वास प्रस्ताव में पी.वी. नरसिंह राव सरकार के पक्ष में मतदान के लिए सांसदों को करोड़ों रुपये दिये उन पर भ्रष्टाचार के लिए मुकदमा चलाया जाना था, लेकिन जिन्होंने यह धन लिया वे मुकदमे से छूट पाये हुए (इम्यून) थे। इसकी वजह यह थी कि जिन्होंने वोट के लिए धन लिया उन्हें यह संवैधानिक विशेषाधिकार हासिल था कि संसद में कुछ कहने या वोट देने का कोई कानूनी खामियाजा उन्हें नहीं भुगतना होगा। रिश्वत लेनेवालों में एकमात्र अपवाद अजित सिंह थे जिन पर मुकदमा चलाया जाना था क्योंकि वह मतदान के दौरान गैरहाजिर थे, और इस प्रकार उन्हें वह बचाव हासिल नहीं था जो रिश्वत के बदले वाकई वोट देने वालों को हासिल था। शीर्ष अदालत ने संसदीय विशेषाधिकारों से जुड़े कानून में यह विसंगति दुरुस्त कर दी है। उसने फैसला दिया है कि संसद या राज्य विधानमंडल के किसी सदस्य के लिए सदन में मतदान या भाषण के संबंध में रिश्वत के आरोपों के खिलाफ कोई छूट प्राप्त नहीं हो सकती। पी.वी. नरसिंह राव बनाम राज्य (सीबीआई/एसपीई) (1998) मामले में बहुमत के फैसले को पलटते हुए, सात-सदस्यीय संविधान पीठ ने संसदीय कामकाज के मुख्य पहलू के रूप में शुचिता पर सबसे ज्यादा जोर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह साफ किया है कि अनुच्छेद 105 (सांसदों के लिए) और अनुच्छेद 194 (राज्यों के विधायकों के लिए) में उल्लेखित संसदीय विशेषाधिकार का मकसद सदन में विधायिका के सदस्यों के बोलने की आजादी और उनके कामकाज की स्वतंत्रता का बचाव करना है और इसे रिश्वत लेने तक नहीं बढ़ाया जा सकता, क्योंकि यह वोट डालने या वोट डालने के तरीके को तय करने के लिए कोई आवश्यक चीज नहीं है। सन् 1998 में संविधान पीठ द्वारा विचार किया गया एक प्रमुख तर्क यह था कि सदन में कुछ कहने या कोई वोट डालने की खातिर सदस्यों के उत्पीड़न से बचाव के लिए संसदीय विशेषाधिकार आवश्यक है। पीठ के बहुमत को डर था कि इस विशेषाधिकार को सीमित करने के गंभीर नतीजे हो सकते हैं।

# रेलवे स्टेशनों का बेमिसाल कायाकल्प

ANALYSIS



डीजे नारायण

प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक भारतीय यात्री भारत के स्टेशनों से यात्रा करते हैं, फिर भी भारतीय बुनियादी ढांचे के इस आवश्यक हिस्से को आधुनिक बनाने और लाखों लोगों के दिन-प्रतिदिन के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ऐसा प्रयास पहले कभी नहीं किया गया, जैसा कि अब किया जा रहा है। जैसे-जैसे भारत कई ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था की दिशा में दृढ़ कदम उठा रहा है, रेलवे स्टेशनों के परिवर्तन का मिशन असाधारण है। स्टेशन जो पहले गंदगी और कचरे का भंडार होते थे, उनका अब आरामदायक यात्रा के स्वच्छ हलचल वाले केन्द्र, राष्ट्रीय गौरव और विरासत तथा विश्वस्तरीय सुविधाओं का प्रतीक बनना वास्तव में उल्लेखनीय है। मिशन ने पहले ही आश्चर्यजनक परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है। ये आधुनिकीकृत रेलवे स्टेशन एक ऐसे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हैं जो न केवल तेजी से आधुनिकीकरण कर रहा है बल्कि एक ऐसी शासन व्यवस्था भी बना रहा है जो अपने नागरिकों की परवाह करती है।

भारत में रेलवे स्टेशन देश के लगभग हर व्यक्ति की यादों का अभिन्न हिस्सा रहा है। वे देश के बुनियादी ढांचे और परिवहन के साधन केवल यात्रा लॉजिस्टिक्स के गौरव का महत्वपूर्ण संकेत हैं, बल्कि देश की वास्तुकला संबंधी तस्वीर का परिदृश्य दिखाने वाला एक महत्वपूर्ण तत्व भी हैं। प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक भारतीय यात्री भारत के स्टेशनों से यात्रा करते हैं, फिर भी भारतीय बुनियादी ढांचे के इस आवश्यक हिस्से को आधुनिक बनाने और लाखों लोगों के दिन-प्रतिदिन के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ऐसा प्रयास पहले कभी नहीं किया गया, जैसा कि अब किया जा रहा है। जैसे-जैसे भारत कई ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था की दिशा में दृढ़ कदम उठा रहा है, रेलवे स्टेशनों के परिवर्तन का मिशन असाधारण है। स्टेशन जो पहले गंदगी और कचरे का भंडार होते थे, उनका अब आरामदायक यात्रा के स्वच्छ हलचल वाले केन्द्र, राष्ट्रीय गौरव और विरासत तथा विश्वस्तरीय सुविधाओं का प्रतीक बनना वास्तव में उल्लेखनीय है। मिशन ने पहले ही आश्चर्यजनक परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है। ये आधुनिकीकृत रेलवे स्टेशन एक ऐसे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हैं जो न केवल तेजी से आधुनिकीकरण कर रहा है बल्कि एक ऐसी शासन व्यवस्था भी बना रहा है जो अपने नागरिकों की परवाह करती है। भारतीय रेलवे का अनुभव करने का अर्थ है, भारत को एक राष्ट्र के रूप में भी अनुभव करना। आधुनिकीकरण के नाम पर, 2014 से पहले, यात्री सुविधाओं में सुधार और बहुत कम दृश्यता वाले व्यस्त रेलवे स्टेशनों के आगे के हिस्से को बेहतर बनाने के लिए छिटपुट



प्रयास किए जाते रहे। 2014 के बाद, पूरे भारत में रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास रेल मंत्रालय का प्रमुख एजेंडा बन गया। इस एजेंडे को अब सरकार पूरी ताकत से आगे बढ़ा रही है। गुजरात में गांधी नगर रेलवे स्टेशन का 2021 में आधुनिकीकरण किया गया और यह पहला स्टेशन था जिसका आधुनिकीकरण किया गया। बाद में, इसी वर्ष, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (जिसे पहले हबीबगंज के नाम से जाना जाता था) भारतीय रेलवे का पहला रेलवे स्टेशन था जिसे पुनर्विकसित किया गया। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 2022 में लगभग 10,000 करोड़ के कुल निवेश के साथ 3 प्रमुख रेलवे स्टेशनों- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, अहमदाबाद रेलवे स्टेशन और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) मुंबई को पुनर्विकसित करने की मंजूरी दी। केन्द्र ने अब देश के 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों को 'अमृत भारत स्टेशन' के रूप में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। इस मिशन को तब गति मिली, जब अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। 24,470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित किए जा रहे ये 508 स्टेशन 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में फैले हुए हैं, जिनमें अन्य के अलावा उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 55-55, बिहार में 49, महाराष्ट्र में 44, पश्चिम बंगाल में 37, मध्य प्रदेश में 34, असम में 32, ओडिशा में 25, पंजाब में 22, गुजरात और तेलंगाना में 21-21, झारखंड में 20, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 18-18, हरियाणा में 15, कर्नाटक में 13 स्टेशन शामिल हैं। आज जो परिणाम देखे जा रहे हैं, वे विशेष रूप से 2019 के बाद से किए जा रहे प्रयासों और प्रबंधन पहलों का परिणाम हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री के पास स्टेशन पुनर्विकास के लिए व्यापक दूरदर्शिता है। जब हम मूल डिजाइन के साथ गए, तो उन्होंने डिजाइन को मंजूरी नहीं दी। उन्होंने हमसे 50 साल आगे के लिए स्टेशनों को डिजाइन करने को कहा। इसलिए, हमने दोबारा से डिजाइन तैयार किया और फिर निर्माण शुरू किया। आज हम दुनिया का सबसे बड़ा स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम कर रहे हैं। 1309 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। रेलवे स्टेशनों के विकास/पुनर्विकास की प्रकृति जटिल है, जिसमें यात्रियों और ट्रेनों की सुरक्षा शामिल है और इसके लिए दमकल की मंजूरी, विरासत, पेड़ काटने, हवाई अड्डे की मंजूरी आदि जैसी विभिन्न वैधानिक मंजूरियों की आवश्यकता होती है। छोड़ी हुई भूमि से संबंधित चुनौतियों जैसे जनोपयोगी वस्तुओं के स्थानांतरण, अतिक्रमण, यात्रियों की आवाजाही में बाधा डाले बिना ट्रेनों के संचालन, उच्च वोल्टेज बिजली लाइनों के निकट किए जा रहे कार्यों की वजह से प्रतिबंध के कारण भी प्रगति प्रभावित होती है। स्टेशन विकास कार्य के लिए संबंधित अधिकारियों की आवश्यक मंजूरी के लिए शहरी/स्थानीय निकायों और अन्य हितधारकों, विशेषज्ञों, अधिकारियों के साथ व्यापक परामर्श किया जा रहा है। 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण एक बहुत बड़ा काम है और गति एवं पैमाने के साथ इन स्टेशनों के वैज्ञानिक पुनर्विकास के पीछे एक सर्व-समावेशी गहन प्रक्रिया चल रही है। टेंडर जारी करने से पहले विभिन्न स्तरों पर चर्चा के साथ समग्र रूप से डिजाइनिंग की गई है। इसके अलावा, एक मानक निविदा दस्तावेज तैयार किया गया और सभी के साथ साझा किया गया ताकि एक निश्चित समय पर काम पूरा करना सुनिश्चित किया जा सके। भारतीय रेलवे ने पुनर्विकास कार्य हरसंभव तरीके से बेहतर करने के लिए भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम का विलय कर दिया। सभी प्रभागों और क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा उपयुक्त उपयोग के लिए विभिन्न शीर्ष क्षेत्र विशेषज्ञों, आर्किटेक्ट्स, और पाइलिंग एजेंसियों को सूचीबद्ध किया गया। जोन और मुख्यालयों में गतिशक्ति निदेशालयों के निर्माण के अलावा, इसके लिए 9000 से अधिक कर्मियों को प्रशिक्षित करने से प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और तेज करने में भी मदद मिली है। इस योजना में स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणों में उनका कार्यान्वयन शामिल है, जैसे प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए स्टेशन तक पहुंच, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, लिफ्ट/एस्केलेटर आवश्यक, स्वच्छता, मुफ्त वाईफाई, 'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एग्जीक्यूकटिव लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामांकित स्थान, लैंडस्केपिंग आदि। इस योजना में भवन में सुधार, स्टेशन को शहर के दोनों किनारों के साथ जोड़ना, मल्टी मॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल समाधान की भी परिकल्पना की गई है। प्रत्येक स्टेशन पर एक विशाल छत प्लाजा होगा, जिसमें खुदरा, कैफेटेरिया, मनोरंजन सुविधाओं के साथ-साथ सभी यात्री सुविधाएं एक ही स्थान पर होंगी। पर्याप्त पार्किंग सुविधाओं के साथ यातायात की सुचारु आवाजाही के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया है और इसे मेट्रो, बस आदि जैसे परिवहन के अन्य साधनों के साथ जोड़ना सुनिश्चित किया जाएगा। सौर ऊर्जा, जल संरक्षण/पुनर्चक्रण और बेहतर वृक्ष आवरण के साथ ग्रीन बिल्डिंग तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। आगमन/प्रस्थान को अलग-अलग किया जाएगा, अव्यवस्था मुक्त प्लेटफार्म, बेहतर सतह, पूरी तरह से ढके हुए प्लेटफार्म होंगे। भारतीय रेलवे स्टेशनों का बेमिसाल कायाकल्प हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाला है और जिस गति से बदलाव हुआ है उससे हर पर्यटक आश्चर्यचकित होगा।

**लेखक, कलाक्लैप टेक्नोलॉजीज के अध्यक्ष हैं।**

# आजादी के बाद विमानन क्षेत्र में बड़ी 'उड़ान'

यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि "उड़ान" योजना स्वतंत्रता के बाद भारत में विमानन क्षेत्र में लाई गई अब तक की सबसे नवीन और समझदारी से तैयार की गई योजना है। उड़ान का जमीनी स्तर पर जो असर दिख रहा है, वह भले ही दिल्ली में स्पष्ट रूप से दिखाई न दे, लेकिन यह देश के कुछ दूरदराज और सुदूरवर्ती इलाकों में क्रांति ला रहा है। उड़ान की सफलता की कहानियां पूरे भारत के अनेक टियर 2 और टियर 3 शहरों में फैली हुई हैं। दरभंगा का उदाहरण लें, जो पटना के बाद बिहार में विमान परिचालन शुरू करने वाला दूसरा हवाई अड्डा है। यह उड़ान की एक बड़ी सफलता की कहानी है और आज दरभंगा प्रतिदिन 1500 से अधिक यात्रियों का आवागमन संभालता है। यही कहानी प्रयागराज और कानपुर की भी है, जहां उड़ान के अंतर्गत इंडिगो ने2018-19 के आसपास प्रयागराज-बेंगलुरु और स्पाइसजेट ने कानपुर-दिल्ली शुरू की जहां इससे पहले इन शहरों के लिए शायद ही कोई विमान सेवा संचालित होती थीं। आज महज 4-5 साल में ये दोनों हवाई अड्डे रोजाना 1000-1500 यात्रियों को संभाल रहे हैं। उड़ान की सफलता की कहानियों के कई अन्य उदाहरण हैं जैसे कि बरेली, शिमोगा, कन्नूर आदि। ये टियर 2 और टियर 3 शहर अचानक वाणिज्यिक विमानन के लिए विकास के अग्रदूत बन गए हैं। एयरलाइंस को न केवल अच्छा ट्रैफिक मिल रहा है, बल्कि मेट्रो शहरों के बीच संचालित होने वाली उड़ानों की तुलना में इन टियर 2 टियर 3 शहरों मेंउनका औसत प्रति सीट किमी राजस्व भी अधिक है। उड़ान योजना की इन उड़ानों से प्राप्त प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर, एयरलाइंस अब टियर 2/3 शहरों में नए उड़ान मार्ग शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। ये तो बस अधूरी कहानी ही है। उड़ान की बड़ी कहानी भारत के कुछ सुदूरवर्ती और ऐसे शहरों से विमानों और हेलीकॉप्टरों का संचालन करने वाले अनेक छोटे उद्योगपतियों के उभरने से है जहां अब तक हवाई सम्पर्क नहीं था। यह बहुत आश्चर्य की बात है कि उड़ान योजना के सामने आने से पहले भारत जैसे बड़े देश के पास 80 सीट से कम श्रेणी वाला केवल 1 विमान था, जो शिमला मार्ग पर एलायंस एयर द्वारा संचालित एटीआर 42 था। कई कस्बों और शहरों में 9-19 सीटर वाले विमानों के संचालन की संभावना हमेशा मौजूद थी, लेकिन उड़ान योजना के तहत दिए जाने वाले प्रोत्साहन के अभाव में, छोटे ऑपरेटर कभी भी इसमें उतरने की हिम्मत नहीं कर सके। विमानन एक बहुत ही पेचीदा व्यवसाय है और छोटे उद्योगपतियों के लिए निर्धारित उड़ानें संचालित करना आसान नहीं है (यहां तक कि बड़े उद्योगपति भी विफल हो रहे हैं)। ऐसी अनेक समस्याएं हैं जिनका सामना छोटे ऑपरेटरों को करना पड़ रहा है। सबसे पहले जोखिम उठाने की क्षमता बहुत कम है जो विमानन व्यवसाय में प्रवेश करने के लिए एक बुनियादी आवश्यकता है। दूसरे, भारत में इको सिस्टोम में पूंजी लगाने की संरचना मौजूद नहीं है और कुछ बड़ी एयरलाइनों के साथ पिछले खराब अनुभवों के कारण कोई भी बैंक विमानन कंपनियों को पूंजी नहीं देना चाहता है। यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय पूंजी लगाने या पट्टे पर देने वाली संस्थाएं भी छोटी एयरलाइनों का सहयोग करने में झिझक रही हैं। इतनी सारी बाधाओं के बावजूद, अगर लगभग आधा दर्जन नए उद्योगपतियों ने छोटे विमानों पर क्षेत्रीय कनेक्टिविटी उड़ानें शुरू की हैं तो यह केवल उड़ान योजना के कारण संभव हुआ है। उड़ान योजना के प्रोत्साहन के बिना इन सभी छोटे ऑपरेटरों के पास कभी भी निर्धारित उड़ानें शुरू करने का साहस नहीं होता। छोटे ऑपरेटरों में उल्लेखनीय नाम स्टार एयर है जिसने 50 सीटों वाले एम्ब्रेयर 145 विमानों का परिचालन शुरू किया और 4-5 वर्षों के भीतर इस छोटी एयरलाइन ने अपना विस्तािर कर 9 विमानों का बेड़ा तैयार कर लिया और अब वे 18 हवाई अड्डों से उड़ान भर रहे हैं जिनमें से अधिकांश में पहले कभी उड़ानें नहीं थीं। उड़ान के परिणामस्वरूप यह विमान भी भारतीय विमानन में एक नया संकलन था। उड़ान के कारण पेश किए गए कुछ अन्य छोटे विमानों में एयर टैक्सी द्वारा 3-सीटर पिस्टन इंजन टेकनाम विमान, इंडियावन का 9-सीटर सेसना कैरावान और एलायंस एयर का 19-सीटर डोर्नियर 228 और फ्लाईबिग एयरलाइंस द्वारा ट्विन ओटर शामिल हैं। भारत में 19 सीटों वाले विमानों का आना एक बहुत ही महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इसमें काफी संभावनाएं हैं। छोटे विमान छोटे रन-वे पर चल सकते हैं और उन्हें हवाई अड्डे के महंगे बुनियादी ढांचे की आवश्यकता नहीं होती है। जिन हवाईअड्डों पर ये छोटे विमान चल रहे हैं उनमें से कुछ में न्यूनतम बुनियादी ढांचा है जैसे पश्चिम बंगाल में कूच बिहार, अरुणाचल प्रदेश में जीरो, उत्तराखंड में पिथौरागढ़ आदि। देहरादून से पिथौरागढ़ तक सड़क यात्रा में 18 घंटे लगते हैं और उड़ान में केवल 1 घंटा लगता है। कूच बिहार से कोलकाता पहुंचने में सड़क मार्ग से 17-18 घंटे और ट्रेन से इतना ही समय लगता है, लेकिन अब लोग उड़ान फ्लाइट का उपयोग कर सकते हैं और एक घंटे में कोलकाता पहुंच सकते हैं। उड़ान में रियायती हवाई किराया ने इन दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के जीवन को आसान बना दिया है। उड़ान योजना हेलीकॉप्टरों के लिए भी निर्णायक बदलाव साबित हो रही है। हेरिटेज एविएशन ने शुरूआत से ही उड़ान योजना की संभावना को पहचाना और यह फरवरी 2020 में हेलीकॉप्टरों पर उड़ान फ्लाइट शुरू करने वाली पहली निजी हेलीकॉप्टर कंपनी थी। यह देहरादून से उत्तराखंड के दूरदराज के सीमावर्ती जिलों चमोली और उत्तरकाशी तक दैनिक कनेक्टिविटी संचालित कर रही है।

# रामलला के दर्शन की सुखानुभूति

अयोध्या में नवनिर्मित भव्य राम मंदिर में संपूर्ण विधि-विधान से रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद से ही प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ अयोध्या पहुंच रही है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल के हम सभी सदस्य गत दिवस रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम पहुंचे। इस अवसर पर मोहन यादव सरकार के हम सभी मंत्रियों ने नवनिर्मित मंदिर का अवलोकन भी किया। रामलला की भव्य प्रतिमा और नवनिर्मित मंदिर की भव्यता ने हमें मंत्रमुग्ध कर दिया। हम मंत्रीगण मात्र एक दिवसीय प्रवास पर अयोध्या पहुंचे थे, लेकिन मंदिर का अद्भुत सौंदर्य देखकर हम लोगों को ऐसा महसूस हुआ कि रामलला की मनोहारी प्रतिमा और मंदिर की भव्यता को निहारने के लिए एक दिन का समय अपर्याप्त है। मैं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों के साथ जब पारंपरिक नागर शैली में निर्मित नव्य भव्य मंदिर के सभी स्तंभों और दीवारों पर अंकित हिंदू देवी-देवताओं के मनोहारी चित्रों का अवलोकन कर रही थी, तो मेरे सहयोगियों की वहां से आगे बढ़ने की इच्छा ही नहीं हो रही थी। सभी मंत्रियों की बस यही राय थी कि अयोध्या में रामलला की भव्य प्रतिमा के दर्शन और मंदिर की भव्यता देखकर उन्हें जो अनुभूति हुई वैसी अनुभूति उन्हें अपने जीवन में पहले कभी नहीं हुई। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रामलला की प्रतिमा को सपरिवार साष्टांग दंडवत प्रणाम करने के बाद कहा, ह्लप्रभु श्री राम के दर्शन कई जन्मों के पुण्य का प्रताप है। ऐसा लगा जैसे प्रभु राम अपने बाल रूप में साक्षात विद्यमान हैं। उनके दर्शन से जीवन धन्य हो गया।ह्व मंदिर के अंदर रामलला के दर्शन के बाद हम सभी सहयोगियों ने भाव विभोर होकर संपूर्ण भक्ति भाव के साथ कुछ देर भजन भी किया। ईश्वर भक्ति के उन पलों में हुए अपार आनंद की अनुभूति को शब्दों में व्यक्त करना मुश्किल है। मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने रामलला से एक ही प्रार्थना की कि उन्हें जीवन में बार-बार अयोध्या आकर अपने आराध्य के दर्शन लाभ का सौभाग्य मिलता रहे। मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के नेतृत्व में हम सभी मंत्रियों ने भगवान श्री राम से मध्यप्रदेश सहित समस्त देशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। मोहन यादव सरकार के हम सभी सदस्य अयोध्या की यात्रा के दौरान भजन पूजन में इतने लीन हो गए थे कि यह अहसास ही नहीं हुआ कि पूरा समय कैसे बीत गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री यादव के नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों के अयोध्या प्रवास के पूर्व आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया है कि राज्य सरकार अयोध्या धाम में एक सर्वसुविधायुक्त धर्मशाला का निर्माण करवाएगी। इसके अलावा मध्यप्रदेश के सभी महत्वपूर्ण देव स्थलों पर भी धर्मशालाओं के निर्माण की पहल करेगी। राज्य सरकार अन्य प्रदेशों की सरकारों को मध्यप्रदेश के देवालयों में उनकी ओर से धर्मशालाओं के निर्माण के लिए प्रोत्साहित करेगी और इस कार्य में राज्य सरकार की ओर से उन्हें पर्याप्त सहयोग प्रदान किया जाएगा। सरकार मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक पूजन सामग्री, वस्त्र व श्रंगार सामग्री के निर्माण को कुटीर उद्योग के रूप में विकसित करेगी। बैठक में लिए गए फैसलों और संकल्पों के क्रियान्वयन के लिए एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति का गठन किया जाएगा जिसमें राजस्व, धर्मस्व और संस्कृति विभाग भी शामिल होगा। सरकार यह भी सुनिश्चित करेगी कि मंदिर देवस्थान के साथ-साथ सामाजिक चेतना और समरसता के केंद्र भी बनें।

## Social Media Corner

सच के हक में...



उत्तर प्रदेश में बढ़ती हुई कनेक्टिविटी पूर्वांचल के हमारे किसानों, नौजवानों और उद्यमियों के लिए भी एक सुनहरा भविष्य लिखने जा रही है। डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों का हजारों करोड़ का बकाया खत्म कराया है, जबकि पहले की सरकारों ने उन्हें पाई-पाई के लिए तरसाने का काम किया।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



जामताड़ा में बराकर नदी पर बरबेंदिया- वीरग्राम के बीच बनने जा रहे उच्चस्तरीय फोर लेन पुल का शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। इस पुल के बन जाने पर जामताड़ा से निरसा/ धनबाद की दूरी काफी कम हो जायेगी। इस क्षेत्र के लिए लाइफ लाइन के तौर पर बन रहे पुल से क्षेत्र के किसानों, छात्रों एवं आम लोगों के लिए बंगाल समेत झारखंड के बाकी शहरों की कनेक्टिविटी आसान हो जायेगी।

**(सीएम चम्पाई सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)**

## कानून और अव्यवस्था

किसी कार्यशील एवं आधुनिक लोकतंत्र का एक बुनियादी सिद्धांत यह है कि सिर्फ जनता द्वारा चुनी गई सरकार की अगुवाई वाले राज्य को ही वास्तविक रूप से बल प्रयोग करने या इसके प्रयोग के लिए अधिकृत करने का वैध अधिकार है। लेकिन जब नागरिक समूह बिना कोई नतीजा भुगते राज्य के कारिंदों के खिलाफ हिंसा का सहारा लेने लग जायें, तो मणिपुर जैसे राज्य में कानून एवं व्यवस्था की बहाली पर सवाल उठना लाजिमी है। फरवरी के आखिर में, मैतेई उग्र राष्ट्रवादी समूह, अरामबई तेंगगोल के कैडरों ने कथित तौर पर एक पुलिस अधिकारी का अपहरण कर लिया, उसके साथ मारपीट की और उसके घर में तोड़फोड़ की। पुलिस अधिकारियों ने इस समूह के खिलाफ कार्रवाई करने में अपनी असमर्थता को कोसते हुए, इस हमले का विरोध किया। यह और बात है कि यह समूह पिछले मई में भड़की नस्लीय हिंसा की आग के बाद घाटी में पुलिस स्टेशनों की लूटपाट से अपने लिए हथियार जुटाने में कामयाब रहा है। सरकार की अपील के बावजूद कई हथियार अभी तक जब्त या वापस नहीं किए गए हैं। घाटी में पुलिस बहुत ज्यादा नस्लीय हो चुकी है और कुकी-जो अल्पसंख्यक समुदाय का उसमें बमुश्किल कोई प्रतिनिधित्व है। फिर भी, जिस निर्भयता के साथ अरामबई तेंगगोल ने एक पुलिस अधिकारी के साथ हरकत की है और यहां तक कि हाल के दिनों में घाटी के विधायकों को अपने बहुसंख्यकवादी उद्देश्य के लिए शपथ दिलाने के अलावा विपक्ष के एक नेता पर हमला भी किया है, उससे यह पता चलता है कि इस किस्म की हरकतों को या तो राज्य सरकार के नेतृत्व की मंजूरी मिली हुई है या फिर उनकी जानबूझकर अनदेखी की गई है। घाटी और पहाड़ियों में हुए भयंकर नस्लीयकरण ने अरामबई तेंगगोल और पहाड़ियों में इसी किस्म के समूहों को एक हदतक लोकप्रियता प्रदान की है, जिससे कानून को अमल कराना खासा मुश्किल हो गया है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com



## मालदीव में पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट

**माले ।** टापू देश की एक वेबसाइट ने हाल ही में मालदीव पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि मालदीव जाने वाले भारतीय टूरिस्टों की संख्या में पिछले साल की तुलना में 33 प्रतिशत की गिरावट आई है। पर्यटन मंत्रालय के 2023 के आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल 4 मार्च तक 41,054 भारतीय टूरिस्ट मालदीव पहुंचे थे। इस साल 2 मार्च तक भारतीय टूरिस्टों की संख्या 27,224 दर्ज की गई। मालदीव स्थित वेबसाइट ने बताया कि यह पिछले साल की तुलना में 13,830 कम था। पिछले वर्ष की समान अवधि में भारत 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ मालदीव में टूरिस्टों के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बाजार था, हालांकि भारत अब 6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ सूची में छठे स्थान पर पहुंच गया है। दोनों देशों के बीच विवाद तब शुरू हुआ जब नवनिर्वाचित मालदीव सरकार के तीन उपमंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा की तस्वीरों पर उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कीं। पीएम मोदी ने भारतीय द्वीप समूह को समुद्र तट पर्यटन और घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक गंतव्य के रूप में विकसित करने का आह्वान किया था। यह मामला एक बड़े राजनयिक विवाद का रूप ले लिया और नई दिल्ली ने मालदीव के दूत को तलब किया और वायरल पोस्ट के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। मालदीव ने तीनों उपमंत्रियों को निलंबित कर दिया गया और वे वेतन सहित निलंबित रहेंगे। इस साल की शुरुआत में, मालदीव पर्यटन उद्योग के हितधारकों ने चिंता व्यक्त की क्योंकि भारत में बहिष्कार अभियान में तेजी आई और लोकप्रिय भारतीय फिल्म एक्टरों का भी समर्थन मिला।

## अदाणी पोर्ट के शेयर ने 2008 की मंदी के बाद 980 फीसदी रिटर्न दिया

### - अदाणी पोर्ट के शेयर ने अब तक 20 बार डिविडेंट दिया

**नई दिल्ली।** अडानी ग्रुप के कई शेयरों ने निवेशकों को शानदार कमाई कराई है। लांग टर्म में अच्छा मुनाफा देने वाले शेयरों में अडानी पोट्र्स के स्टॉक का नाम भी शामिल है। खास बात यह है कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद जब अडानी ग्रुप बाकी शेयरों में तो तेज गिरावट आई थी, लेकिन अडानी पोट्र्स का शेयर इस झटके को आसानी से सह गया और इसमें ज्यादा गिरावट नहीं आई। शेयर ने 2008 की मंदी के बाद से 980 फीसदी से अधिक रिटर्न अपने निवेशकों को दिया है। इसके साथ ही डिविडेंड देने के मामले में भी शेयर आगे रहा है और अब तक 20 बार डिविडेंट दिया है। अडानी पोट्र्स शेयर एक बार स्प्लिट भी हुआ है। 23 सितंबर, 2010 को यह 1:5 के अनुपात में 10 रुपये से 2 रुपये में विभाजित हो गया था। अडानी पोट्र्स को लेकर 7 ब्रोकरेज हाउसेज बुलिश है। ब्रोकरेज मोतीलाल ओसवाल, एचएसबीसी, मॉर्गन स्टेनली, सीएलएसए और जेएम फाइनेंशिनेंयल का उम्मीद है कि आने वाले समय में अडानी पोट्र्स का शेयर निवेशकों को खूब कमाई कराएगा। अदाणी पोट्र्स अधिकतम प्राइस 1,500 रुपये दिया गया है। ब्रोकरेज हाउस मोतीलाल ओसवाल अदाणी पोर्ट पर बीयूवाय रेटिंग बनाए हुए है और इस पर 1,470 रुपये का लक्ष्य दिया गया है। अडानी पोट्र्स के शेयर में पिछले कारोबारी सत्र में एनएसई पर यह शेयर तेजी के साथ 1,329.55 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। पिछले एक महीने में यह शेयर 6.42 फीसदी चढ चुका है। वहीं पिछले छह महीनों में अडानी पोट्र्स शेयर ने निवेशकों को 50 फीसदी मुनाफा दिया है। एक साल में शेयर 90 फीसदी चढ चुका है। वहीं पांच साल में अडानी ग्रुप के इस शेयर ने निवेशको को 262 फीसदी रिटर्न दिया है। एनएसई पर 52 वीक हाई 1356.55 रुपये है और इसका एनएसई पर 52 वीक लो 571.55 रुपये है।




# वृहद आर्थिक आंकड़े और वैश्विक रुख तय करेंगे बाजार की चाल: विश्लेषक

**मुंबई ।**
इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की चाल घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक रुझानों से तय होगी। सप्ताह के दौरान घरेलू मोर्चे पर औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) और मुद्रास्फीति के आंकड़े आने हैं। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि ऊंचे मूल्यांकन से शेयर बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुए थे। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियां, वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपए का उतार-चढ़ाव भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण होगा। बाजार के जानकारों ने कहा कि इस सप्ताह बाजार का ध्यान मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगा। सप्ताह के दौरान मंगलवार को भारत और अमेरिका के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े आएंगे। गुरुवार को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूआईपी) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होंगे। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की खरीदारी गतिविधियां जारी रह सकती हैं। ऐसे में बड़ी कंपनियों के शेयर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। जनवरी के लिए औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और फरवरी के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े मंगलवार को आएंगे। थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े गुरुवार को जारी किए जाएंगे। अमेरिका, चीन और भारत के मुद्रास्फीति के आंकड़ों से निवेशकों को वैश्विक व्यापक आर्थिक परिदृश्य के बारे में जानकारी मिलेगी। बाजार के विश्लेषकों का अनुमान है कि ऊंचे मूल्यांकन की वजह से बाजार में उतार-चढ़ाव बरकरार रहेगा। उनका कहना है कि निर्धारित वृहद आर्थिक आंकड़ों के अलावा वैश्विक बाजारों का प्रदर्शन बाजार को दिशा देगा।




## यॉमाहा ने शुरु किए 300 ब्लू स्वॉयर आउटलेट

**मुंबई ।** यॉमाहा ने भारत में 300 ब्लू स्वॉयर आउटलेट खोलने की उपलब्धि हासिल कर ली है। ब्लू स्क्वायर कंपनी की हाई-लेवल डीलरशिप हैं, जो अपने ग्राहकों को एक प्रीमियम अनुभव देती हैं। यॉमाहा ने साल 2018 में कॉल आफ द ब्लू ब्रांड अभियान शुरू किया था और ब्लू स्क्वायर शोरूम उस अभियान का हिस्सा थे, जो 2019 में शुरू हुआ था। डीलरशिप में ब्लू थीम यामाहा का प्रतिनिधित्व करती है। ब्लू स्क्वायर डीलरशिप पर हाल ही में लॉन्च हुईं आर 3 और एमटी-03 बाइक्स बेची जाती हैं। भारत में 300 ब्लू स्क्वायर शोरूम में से यामाहा के दक्षिणी भारत में 129, पूर्वी भाग में 81, पश्चिमी क्षेत्र में 54 और उत्तरी भाग में 37 आउटलेट हैं।

## यूट्यूब और नेटफ्लिक्स को टक्कर देगा मस्क का एक्स टीवी ऐप

**वाशिंगटन ।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क अब गूगल के वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म यूट्यूब और ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स को टक्कर देने की तैयारी में हैं। मस्क खुद का एक स्ट्रीमिंग ऐप लांच करेंगे, जिससे आप स्मार्ट टीवी पर लंबे वीडियो देख पाएंगे। मस्क ने हाल ही में इसकी घोषणा की। दरअसल, एक एक्स यूजर ने अपने पोस्ट में लिखा कि आप जल्द ही अपने पसंदीदा एक्स लांग फॉर्म वीडियो को सीधे अपने स्मार्ट टीवी पर देख पाएंगे, जिसके जवाब में मस्क ने कमिंग सून लिखा है। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ मस्क ने एक्स पर पोस्ट किया, लोग अपने फोन से टीवी पर वीडियो चलाने के लिए ऐपल एयरप्ले का उपयोग कर सकते हैं। इससे पहले एक्स ने आर्टिकल्स फीचर पेश किया। प्रीमियम यूजर्स और एक्स की सर्विसेज के लिए पेमेंट करने वाले अब इस प्लेटफॉर्म पर स्टाइलिस्ड टेक्स्ट, एम्बेडेड इमेज और वीडियो के साथ आर्टिकल्स पोस्ट कर सकते हैं। कंपनी के मुताबिक आर्टिकल एक्स पर लांच फॉर्म रिटेन कंटेंट को शेयर करने का एक नया तरीका है।




# सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 71,301 करोड़ बढ़ा

### - प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही

**नई दिल्ली ।**

बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) सामूहिक रूप से 71,301.34 करोड़ रुपए बढ़ा है। कम कारोबारी सत्रों के सप्ताह के दौरान सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत घट गई। सप्ताह के दौरान भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 38,726.67 करोड़ रुपए बढ़कर 6,77,448.44 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में 13,476.16 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई और यह 7,03,393.29 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 12,243.35 करोड़ रुपए बढ़कर 10,98,707.88 करोड़ रुपए पर और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 3,099.76 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 7,63,581.30 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 1,469.81 करोड़ रुपए बढ़कर 5,15,921.57 करोड़ रुपए और टीसीएस का मूल्यांकन 1,157.79 करोड़ रुपए बढ़कर 14,87,070.15 करोड़ रुपए रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 1,127.8 करोड़ रुपए बढ़कर 5,68,753.81 करोड़ रुपए हो गया। इस रुख के`` विपरीत इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 15,875.81 करोड़ रुपए घटकर 6,71,121.34 करोड़ रुपए पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 15,391.94 करोड़ रुपए घटकर 20,01,358.50 करोड़ रुपए रह गई। एलआईसी के मूल्यांकन में 6,166.87 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 6,48,596.89 करोड़ रुपए रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।




# एफपीआई ने मार्च में शेयर बाजार में 6,100 करोड़ निवेश किया

**नई दिल्ली ।**

पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने मार्च में अब तक भारतीय शेयर बाजारों में 6,139 करोड़ रुपए का` निवेश` किया है। बाजार के जानकारों ने कहा है` कि मजबूत आर्थिक वृद्धि, बाजार की मजबूती तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के चलते एफपीआई के बीच भारतीय शेयरों का आकर्षण बना हुआ है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार इससे पहले फरवरी में उन्होंने शेयरों में 1,539 करोड़ रुपए डाले थे। वहीं जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। बाजार के जानकारों ने कहा` कि पिछले महीने की तुलना में मार्च में एफपीआई का रुख अधिक सकारात्मक दिखाई दे रहा है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत पर रही है। इसके अलावा भारत की बड़ी कंपनियों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। इस वजह से एफपीआई के बीच भारतीय शेयर बाजार का आकर्षण बना हुआ है। उन्होंने कहा` कि तीन कारणों से एफपीआई भारतीय बाजार में रुचि दिखा रहे हैं। इनमें बाजार की मजबूती और अमेरिकी में बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के अलावा जीडीपी की वृद्धि दर के उम्मीद से बेहतर आंकड़े शामिल हैं। शेयरों के अलावा एफपीआई ने समीक्षाधीन अवधि में ऋण या बॉन्ड बाजार में 1,025 करोड़ रुपए का निवेश किया है। ऋण या बॉन्ड बाजार की बात की जाए तो एफपीआई पिछले कुछ महीनों से जेपी मॉर्गन सूचकांक में भारत




सरकार के बॉन्ड को शामिल करने की घोषणा से प्रभावित होकर ऋण बाजार में पैसा लगा रहे हैं। उन्होंने बॉन्ड बाजार में फरवरी में 22,419 करोड़ रुपए, जनवरी में 19,836 करोड़ रुपए, दिसंबर में 18,302 करोड़ रुपए डाले थे। कुल मिलाकर इस साल अब तक एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से 18,000 करोड़ रुपए निकाले हैं। इस दौरान उन्होंने ऋण बाजार में 43,280 करोड़ रुपए डाले हैं।

## रिलायंस के साथ विलय से कंपनी का मुनाफा बढ़ेगा: बॉब इगर

**वाशिंगटन ।** वॉल्ट डिज्नी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बॉब इगर का कहना है कि भारतीय कारोबार के विलय के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ संयुक्त उद्यम से कंपनी को लाभ होगा। उनका कहना है` कि` विलय के बाद भारतीय बाजार में कंपनी के कारोबार का खतरा कम होगा। इस सप्ताह की शुरुआत में मॉर्गन स्टेनली निवेशक सम्मेलन में इगर ने कहा कि विलय सौदे से एक बड़ी इकाई बनेगी और उसे बाजार में महत्वपूर्ण स्तर पर बने रहने में मदद मिलेगी। इगर ने कहा` कि हमें रिलायंस के साथ जुड़ने का अवसर मिला, जाहिर तौर पर यह वह कंपनी है जिसने वहां बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और जिसका हम सम्मान करते हैं। और ऐसा करने के साथ हम एक बड़ी मीडिया कंपनी में हिस्सेदार बन गए हैं। हमारा मानना है कि, न केवल इससे हमारा लाभ बढ़ेगा, बल्कि हमारा कारोबारी जोखिम भी कम होगा। पिछले महीने वॉल्ट डिज्नी कंपनी और रिलायंस इंडस्ट्रीज ने भारत में अपने मीडिया परिचालन के विलय के लिए पक्के समझौते पर हस्ताक्षर की घोषणा की थी। इस सौदे के तहत रिलायंस और उसकी सहयोगी इकाइयों के पास संयुक्त उद्यम में 63.16 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। डिज्नी के पास 36.84 प्रतिशत हिस्सेदारी रहेगी। इससे देश में बड़ी मीडिया कंपनी अस्तित्व में आएगी, जिसके पास दो स्ट्रीमिंग सेवाएं और लगभग 120 टेलीविजन चैनल होंगे।

# बीते सप्ताह मांग बढ़ने से अधिकांश तेल-तिलहन में सुधार हुआ

### - ऊंचे भाव पर लिवाली कमजोर रहने से मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट देखी गई

**नई दिल्ली ।**

आयातित खाने के तेलों की आपूर्ति कम होने के बीच त्योहारों और शादी-विवाह के मौसम की मांग बढ़ने से बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन में आई गिरावट को छोड़कर लगभग सभी तेल-तिलहन कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि ऊंचे भाव पर लिवाली कमजोर रहने की वजह से मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट देखी गई। सूत्रों ने कहा कि इस बार जो दुर्गति मूंगफली की हुई है उससे कोई अच्छा संकेत नहीं मिलता और इस बात की आशंका पैदा होती है कि कहीं इसका हाल भी सूरजमुखी जैसा न हो जाये जिसका न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) काफी बढ़ाये जाने के बाद भी किसान उत्पादन बढ़ाने को तैयार नहीं हैं। जो आज मूंगफली के साथ हो रहा है वह बेहद चिंताजनक है। इसका कारण यह है कि इस तेल को सीधा खाने में उपयोग किया जाता है। दूसरी बात सूरजमुखी तेल की कमी को आयात करके पूरा किया जा सकता है पर मूंगफली तेल के मामले में ऐसा करना असंभव है। पिछले सप्ताहांत के मुकाबले बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 50 रुपए की तेजी के साथ 5,400-5,440 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 200 रुपए बढ़कर 10,325 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 25-25 रुपए की तेजी के साथ क्रमशः 1,745-1,845 रुपए और 1,745-1,850 रुपए टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। सोयाबीन दाने और लूज का भाव क्रमशः 20-20 रुपए की तेजी के साथ क्रमशः 4,610-4,630 रुपए प्रति क्विंटल और 4,410-4,450 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

इसी तरह सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम तेल का भाव क्रमशः 225 रुपए, 375 रुपए और 325 रुपए की तेजी के साथ क्रमशः 10,700 रुपए और 10,400 रुपए और 9,125 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। महंगे दाम पर लिवाल नदारद रहने के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तिलहन के दाम 100 रुपए की गिरावट के साथ 5,975-6,250 रुपए क्विंटल पर बंद हुए। मूंगफली गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल के भाव भी क्रमशः 350 रुपए और 45 रुपए की गिरावट के साथ क्रमशः 14,500 रुपए क्विंटल और 2,180-2,455 रुपए प्रति टिन पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चा पाम तेल (सीपीओ) 300 रुपए की मजबूती के साथ 8,900 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# पेट्रोल-डीजल लोगों को सस्ता देने पर सरकार को 2 करोड़ का घाटा: हरदीप पुरी

### - पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी घटाने से सरकारी खजाने को हुआ नुकसान

**नई दिल्ली ।**
केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने बताया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों को काबू में रखने के लिए सरकार ने जो कदम उठाए, उस वजह से सरकारी खजाने को नुकसान तक उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी घटाने से नवंबर 2021 से मई 2022 तक सरकारी खजाने को 2.2 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह बात कही। गौरतलब है कि उपरोक्त दी गई अवधि के दौरान पेट्रोल की एक्साइज ड्यूटी में 13 रुपये और डीजल में 16 रुपये की कटौती की गई थी। दरअसल, जब केंद्रीय मंत्री पुरी से सवाल किया गया कि क्या भविष्य में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती दिखेगी तब उन्होंने एक्साइज ड्यूटी मे कमी वाली बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती भू-राजनीतिक परिस्थितियों और कच्चे तेल की कीमतों पर निर्भर करेंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगर वैश्विक परिस्थितियां और कच्चे तेल की कीमत स्थिर रहती हैं, तब ही इस फैसले पर विचार किया जा सकता है। हालांकि वैश्विक संघर्ष इन फैसलों पर असर डाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण परेशानी हुई क्योंकि भारत अपनी जरूरत का 85 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। प्रतिबंधों के खतरे के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीद को बढ़ा दिया। हरदीप पुरी ने बताया कि जून 2020 से जून 2022 तक एलपीजी की कीमतों को संभालने के लिए भी सरकार ने कई कदम उठाए। उन्होंने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलपीजी की कीमतें 300 फीसदी से भी ज्यादा बढ़ गई थीं तब भारत ने इसका पूरा बोझ ग्राहकों पर ट्रांसफर नहीं किया।

## स्विगी ने बढ़त के बाद पार किया 12 बिलियन का आंकड़ा




**नई दिल्ली ।**

अमेरिका की एसेट मैनेजर बैरन कैपिटल ग्रुप ने आईपीओ-बाउंड फूड-डिलीवरी ऐप स्विगी के फेयर वैल्यू में वृद्धि की है, जिसके बाद 2022 में इसका मूल्यांकन 10.7 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन से 13 फीसदी बढ़कर 12.16 बिलियन डॉलर हो गया है। अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग की फाइलिंग में इसकी जानकारी मिली है। अमेरिका स्थित एसेट मैनेजर ने पहले जनवरी 2022 में 700 मिलियन के फंडिंग राउंड के दौरान स्विगी में निवेश किया था। 31 दिसंबर तक एसेट मैनेजर के फंड के पास स्विगी की मूल कंपनी बंडल टेक्नोलॉजीज में 87.2 मिलियन की हिस्सेदारी थी, जो 74.4 मिलियन से 17 फीसदी अधिक थी। 2022 में स्विगी ने इनवेस्को के नेतृत्व में अपने सीरीज़ के राउंड में 700 मिलियन जुटाए। इस दौर में इसका मूल्यांकन दोगुना होकर 10.7 बिलियन डॉलर हो गया। 2023 में जुलाई-सितंबर तिमाही में इनवेस्को ने स्विगी का वैल्यूएशन बढ़ाकर 7.85 अरब डॉलर कर दिया। एक अलग फाइलिंग में बैरन कैपिटल ने कहा कि स्विगी भारतीय फूड डिस्ट्रीब्यूशन एरिया में लगभग 45 फीसदी बाजार हिस्सेदारी रखती है। बेंगलूरु की यह कंपनी इसी साल शेयर बाजार में कदम रखना चाहती है और आईपीओ के जरिये 1 अरब डॉलर जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास दरख्वास्त डालेगी। कंपनी का इरादा आईपीओ में 10-11 अरब डॉलर का मूल्यांकन हासिल करने का है। स्विगी ने आईपीओ की योजना पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। मगर मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि पिछले चरणों में जुटाई गई रकम में से कंपनी के पास तकरीबन 80 करोड़ डॉलर की नकदी रखी हुई है।

## फ्रांसीसी कंपनी से सुपरकम्प्यूटर की आपूर्ति में देरी को लेकर रीजीजू हुए निराश

### - पिछले साल कंपनी से 10 करोड़ डॉलर के दो सुपरकम्प्यूटर खरीदने का फैसला किया था

**नई दिल्ली ।**

पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रीजीजू फ्रांस की एक कंपनी द्वारा भारतीय मौसम पूर्वानुमान संस्थानों को दो सुपरकम्प्यूटर की आपूर्ति में देरी को लेकर निराश हैं और उन्होंने उम्मीद जताई कि फ्रांस सरकार इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कदम उठाएगी। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने अपने संस्थानों राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र (एनसीएमआरडब्ल्यूएफ) और भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) की कम्प्यूटिंग क्षमताओं को बेहतर बनाने के लिए पिछले साल फ्रांस की कंपनी एविडेन से 10 करोड़ डॉलर के दो सुपरकम्प्यूटर खरीदने का फैसला किया था। रीजीजू ने एक साक्षात्कार में कहा` कि मैं इसलिए ज्यादा निराश हूं क्योंकि हमने दिसंबर का लक्ष्य तय किया था। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पहले ही सुपरकम्प्यूटर खरीदने को मंजूरी दे दी थी। हमारे पास मौसम की सटीक भविष्यवाणी के लिए केवल चार पेटाफ्लॉप हैं। हम 18 पेटाफ्लॉप की क्षमता स्थापित करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि फ्रांसीसी कंपनी कुछ वित्तीय संकट में फंस गयी थी और



चाहती थी कि सरकार उसकी सहायक कंपनी को कुछ भुगतान करे। रीजीजू ने बताया कि इस देरी ने उन्हें काफी चिंतित कर दिया है क्योंकि कंपनी की समयसीमा बीत गयी है। लेकिन मुझे लगता है कि हम इसे जल्द ही हल कर लेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार कानूनी रूप से सही कदम उठाना चाहती है। हम पैसा देने के लिए तैयार हैं क्योंकि हम तुरंत यह मशीन चाहते हैं। दिक्कत यह है कि धनराशि कोई छोटी नहीं है। इसलिए अगर हम अभी भुगतान करते हैं और यदि कंपनी दिवालिया हो गयी या कुछ होता है तो कौन बचाएगा। रीजीजू ने कहा कि सरकार सुपरकम्प्यूटर की आपूर्ति में तेजी लाने के लिए कुछ कदम उठा रही है लेकिन उन्होंने इसकी विस्तृत जानकारी नहीं दी। उन्होंने कहा लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि फ्रांस सरकार भी हस्तक्षेप करेगी क्योंकि हमारे बीच अच्छी समझ है और फ्रांस सरकार से बहुत अच्छे रिश्ते हैं।

# अस्मिता खेलो इंडिया राष्ट्रीय स्तरीय वूमेंस लीग योगासन प्रतियोगिता के समापन समारोह का आयोजन






**अमरोहा।** अस्मिता खेलो इंडिया राष्ट्रीय स्तरीय वूमेंस लीग योगासन प्रतियोगिता के समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी राजस्व सुरेंद्र सिंह उपस्थित रहे एवं मुख्य अतिथि द्वारा अनेकों प्रांत से आए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए अमरोहा प्रशासन की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। 10 एकड़ के अछूते हरियाली क्षेत्र में स्थित, गुरुकुल शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक आदर्श वातावरण प्रदान करता है। योगासन भारत के माननीय महासचिव डॉ. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन में आयोजित महिला चैंपियनशिप में दो आयु वर्गों में प्रतिस्पर्धा - 18 वर्ष से कम (12 से 18 वर्ष) और 18 वर्ष से अधिक (18+ से 55 वर्ष) ), आयोजनों में पारंपरिक योगासन, कलात्मक योगासन एकल, कलात्मक योगासन जोड़ी, लयबद्ध योगासन जोड़ी और कलात्मक योगासन समूह शामिल हैं। यह लीग कौशल, समर्पण और योग की भावना का उत्सव मनाने का वादा करती है, जो महिलाओं के बीच शारीरिक और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने में योगदान देती है। आयोजक इस भव्य आयोजन को देखने के लिए उत्साही लोगों और मीडिया को आमंत्रित करते हैं जो उत्कृष्टता की खोज में परंपरा को आधुनिकता के साथ जोड़ता है।अस्मिता खेलो इंडिया प्रतियोगिता के दौरान आर्टिस्टिक योगासन पेयर सीनियर ग्रुप प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश राज्य से सारिका चौधरी ने 117.55 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। पंजाब प्रांत से अंकिता शर्मा व तनु सैनी ने 112.68 अंकों के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं पांडिचेरी से रेवतिश्री व विष्णु महालक्ष्मी ऐस 107.02 अंकों के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। रिधमिक योगासन पेयर प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश राज्य से इंदु मथुरिया व कनिका 117.22 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। तमिलनाडू राज्य से अबिरामी व निवेथा ने 117.06 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राजस्थान राज्य से शिवानी जांगीड व वंदना शर्मा ने 95.62 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर कब्जा किया। रिथमिक योगासन पेयर जूनियर कैटेगरी के अंतर्गत गुजरात राज्य से पटेल प्राची व व्यास जील 100.24 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

हरियाणा राज्य से रिया शर्मा व धराना रावत ने 98.03 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहीं एवं गोवा से दीपाली नैनव व लक्ष्मी ने 85.77 अंकों के साथ तीसरे स्थान प्राप्त किया। ट्रेडिशनल योगासन जूनियर कैटेगरी में वेस्ट बंगाल से साठी मोंडल ने 63.5 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने राज्य का गौरव बढ़ाया। उत्तरप्रदेश राज्य से अर्यांशी स्वामी ने 62.50 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाराष्ट्र राज्य से गार्गी योगेश भट्ट 62.83 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। आर्टिस्टिक योगासना पेयर जूनियर कैटेगरी में तमिलनाडु राज्य से शक्ति संजना व धक्षाया ने 112.04 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

राजस्थान राज्य से अनुष्का व टीशा पटेल ने द्वितीय स्थान पर रहीं एवं उत्तरप्रदेश राज्य से माही सैनी व रितिका तृतीय स्थान पर रहीं। आर्टिस्टिक योगासना ग्रुप सीनियर कैटेगरी में राजस्थान से योगिता रावत, तमन्ना, पायल, शिवानी, वंदना शर्मा संयुक्त रूप से 118.88 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने प्रांत का मान बढ़ाया। तमिलनाडू राज्य से निवेता, वैष्णवी, सरवाना, गीथिगा, अबिरामी व मणिवन्नन ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया।उत्तर ब्रेड राज्य से अंजली, इंदु, कनिका, सरिता, सिमरन ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर कब्जा किया।आर्टिस्टिक योगासन ग्रुप जूनियर कैटेगरी में उत्तर प्रदेश राज्य से अर्यांशि स्वामी,रौनक, प्रज्ञा, उर्विका, यशस्वी चौधरी ने संयुक्त रूप से 126.32 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। तमिलनाडू राज्य से हेमामालिनी, शिवानी लोकावर्षिणी देवानंद्धना ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हरियाणा से मानवी, प्रिया,रिया राणा, सेजल, सृष्टि ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर योगासन भारत के कोषाध्यक्ष रचित कौशिक, योगासन भारत की संयुक्त सचिव और अस्मिता महिला लीग की राष्ट्रीय निदेशक डॉ. आरती पाल, मेजबान उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य सचिव रोहित कौशिक,योगासन भारत से पीयूषकान्त मिश्रा, सुरेंद्र सिंह ढिल्लो,

जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जोगिन्द्र सिंह, सचिव नौबहार सिंह और उपाध्यक्ष पुरुजीत सिंह तथा दीक्षा शर्मा, संयुक्त सचिव सचिन चौधरी व पूनम शर्मा,डॉक्टर संतोष पैसल, जितेंद्र सिंह,उमेश सिद्धू, पूजा रवि, प्रियंका प्रजापति, गौरव धारीवाल, नमामि गंगे के गंगा दूत लोकेश कुमार,महेश कुमार, रूबी, सोनम,उमेश तथा राजकुमार सिंह भी मौजूद रहे।

# अमरोहा महोत्सव का पहला अधिकारी सम्मान समारोह का आयोजन






**अमरोहा।** अमरोहा वासियो के लिए बैहद खुशी का दिन था जब अमरोहा को ज़िले का दर्जा दिया गया था। उनकी बरसो पुरानी मुराद पूरी हुई थी वेसे ही इस साल फरवरी मे ज़िले के आला अधिकारियो की सरपसरसती मे पहला अमरोहा महोत्सव शुरू किया गया जिसमे मनोरंजन का तड़का , शायरी , कॉमेडी और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट के साथ बच्चो के मनोरंजन के सभी साधन मोजूद थे। तब अमरोहा के मशहूर समाज सेवी फिरोज कमाल अब्बासी साहब ने लायंस क्लब के बैनर के साथ ज़िले के उन अधिकारियो को सम्मानित कराने की सोची जो प्रथम अमरोहा महोत्सव के कराने वाले बने, लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा आयोजित प्रशासनिक अधिकारी सम्मान समारोह बेहद शानदार और सफल रहा जिसमें जिला प्रशासन के आला अधिकारियों को फिरोज अब्बासी अध्यक्ष लायंस क्लब, नायब अब्बासी पी जी कॉलेज द्वारा श्रीमती शशि जैन चेयरपर्सन नगर पालिका परिषद सुरेंद्र सिंह अपर जिलाधिकारी राजीव कुमार अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर सतपाल सिंह मुख्य सचिव चिकित्सा अधिकारी, सुधीर सिंह उप जिलाधिकारी, विभा श्रीवास्तव उप जिलाधिकारी, डॉक्टर बृजेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, लकी सिंह तहसीलदार नौगांवा , योगेश सिंह नायब तहसीलदार , अनिल कुमार इंस्पेक्टर डीसीआरबी , सुनील वर्मा इंस्पेक्टर के साथ सभी लोगों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि नायाब अब्बासी रही विशिष्ट अतिथि आदित्य गुप्ता रहे। सम्मान समारोह के आखिर मे ए डी एम सुरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन मे कहा की आज जिस शिक्षा के केंद्र मे पहले अमरोहा महोत्सव को सम्मानित किया जा रहा है वह हमेशा रोशन रहे और इस रोशनी के लिए कभी तेल और घी कम नही पड़ने देना , उन्होने फिरोज कमाल अबबासी के कोरोना के वर्ष मे अमरोहा के लोगो और जिला प्रशासन की , की गई मदद को भी सराहा और कहा की ज़िला प्रशासन हमेशा अपने ज़िले के बाशिंदो के साथ खड़ा मिलेगा और पूरी कोशिश होगी की आम आदमी के हर काम को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, इस मौके पर राजेंद्र सिंह छाबड़ा,अरविंद यादव, डॉक्टर के एस सैनी, विमल यादव, कसीम अशरफ, फैजुद्दीन सिद्दीकी, नदीम खान, योगेश जैन, कुंवर विनीत अग्रवाल, विशाल गोयल, एडवोकेट मोहम्मद अहमद जैदी, अंकित बंसल, अदनान मसरूर, खुर्रम खान, दानिश इंजीनियर, अभिनव सक्सेना, मंसूर अहमद एड, खुर्शीद अनवर, तारिक अजीम,इकबाल खान, शाहरुख खान, अतहर रिजवी, कॉलेज प्राचार्य लुबना हामिद और समस्त स्टाफ, अरमान सिद्दीकी, रेशमा जैदी, नदीम सिद्दीकी, इदरीस शाह खान, मसरूर हसन खान, वसीम बेग, खालिद नईम आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे

## संक्षिप्त डायरी

### वॉलीबॉल टूनार्मेंट मे पहुंचे पूर्व जज मनोज कुमार

नीरज कुमार



**कोतवाली।** लोकसभा नगीना की विधानसभा नगीना क्षेत्र के ग्राम करौंदा पचदू में एक दिवसीय चल रहे वॉलीबॉल टूनार्मेंट में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व जज मनोज कुमार वॉलीबॉल टूनार्मेंट में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा पूर्व जज मनोज कुमार का ढोल नगाड़ों एवं फूलमालाएं डालकर स्वागत किया गया। तथा पूर्व जज मनोज कुमार द्वारा वॉलीबॉल टूनार्मेंट का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। तथा वॉलीबॉल टूनार्मेंट में उपस्थित सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर एवं परिचय कर उनका उत्साहवर्धन किया। पूर्व जज मनोज कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हम लोगों को कराते रहने चाहिए क्योंकि हमारे खिलाड़ीयों का मनोबल बढ़ता है। और आज ग्रामीण स्तर पर खेलने वाले बच्चे आगे बढ़कर हमारे देश के लिए अगर खेलेंगे तो हमारे लिए गौरव की बात होगी और इन्हीं खिलाड़ियों में से ही कोई ना कोई खिलाड़ी देश के लिए आगे चलकर खेलेगा इसलिए मेरा सभी से निवेदन है कि खेलों को प्रथम वीरता दें इस मौके पर वॉलीबॉल टूनार्मेंट कमेटी ने पूर्व जज मनोज कुमार का धन्यवाद किया इस अवसर पर शहजाद साहब, सुहेल इकबाल, सुहेल अंसारी ,उस्मान कुरैशी, सुलेमान, साहब, दानिश अहमद ,शाकिर अहमद ,मोहम्मद सुल्तान , उस्मानी, जावेद अख्तर, अदनान अहमद, विजेंद्र कुमार ,रोहित कुमार, सुरेश कुमार ,कपिल कुमार, रोहित कुमार , आरिफ अहमद, जावेद, नौशाद अहमद,आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भव्य और दिव्य मना पत्रकारों का होली मिलन समारोह फाग गीतों पर झूमते नजर आए जनप्रतिनिधि



**मथुरा।** ब्रज प्रेस क्लब द्वारा डेम्पीयर नगर स्थित होटल हीरा क्रिस्टल में पत्रकारों का होलीमिलन समारोह मनाया गया। जिसमें दिल्ली से आए प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा राधाकृष्ण के स्वरूपों के मध्य मनभावन फूलों की होली की प्रस्तुति से सभी आनंदोल्लासित हो उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ` विधायक पूरन प्रकाश, विधायक राजेश चौधरी, जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय द्वारा राधाकृष्ण के स्वरूपों की आरती कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि ब्रज की होली की अनौखी छटा और परम्परा दूर-दूर तक फैली हुई है। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने कहा कि फागुन में ब्रज की होली का अलग ही महत्व है। विधायक राजेश चौधरी ने कहा कि यहां की लठामार होली देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी प्रसिद्ध है। विधायक पूरन प्रकाश ने कहा कि होली आपसी भाई चारे का पर्व है। राज्यसभा सांसद चौ.तेजवीर सिंह ने कहा कि आज भी ब्रजभूमि ने होली की प्राचीन परम्पराओं को संजोए रखा है। पूर्व मंत्री व मथुरा के विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि मथुरा-वृन्दावन में सबसे अनूठा उत्सव होली ही मनाया जाता है। यह होली अनूठी परम्पराओं के चलते विश्व में प्रसिद्ध है। एमएलसी ठा.ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि होली मस्ती से भरा त्यौहार है और ब्रजभूमि में होली को मनाने की बात ही अलग है। विधायक ठा. मेघश्याम सिंह ने कहा कि होली का पर्व सामूहिकता और आनन्दित जीवन जीने का संदेश देता है।

### रमणरेती में होली के साथ गोपाल जयंती महोत्सव शुरू



**मथुरा।** महावन रमणरेती आश्रम में 14 मार्च को संत रंग, गुलाल, एवं फूलों श्रृद्धालुओं के साथ होली खेलेंगे जिसकी आश्रम में तैयारियां शुरू की जा रही हैं। आज सोमवार से श्री कार्ष्णि गोपाल जयंती का 93 वां वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ किया जायेगा जिसमें सुबह 7:30 बजे गणेशादि पूजन एवं कलश स्थापना, 8 बजे से अखण्ड श्रीमद् गोपाल विलास 8:30 बजे से श्रीमद् गोपाल विलास संकीर्तन एवं कथा 9:00 से 9:30 बजे तक श्रीमद् गोपाल विलास की कथा 9:30 से दोपहर 1:30 तक, शाम 3:00 से 5:00 तक महापुरुषों के सदुपदेश होंगे। 12 मार्च मंगलवार सुबह 6:00 बजे से श्री सदगुरुदेव का अभिषेक 8:30 बजे से श्रीमद् गोपाल विलास संकीर्तन एवं कथा 9:00 बजे से द्विजातीय बालकों के उपनयन संस्कार का आरंभ 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक एवं शाम 3:00 बजे से 6:00 बजे तक महापुरुषों के सदुपदेश होंगे। 13 मार्च बुधवार सुबह 6:00 बजे से श्री गुरु कार्ष्णि कलापाचार्य जी का अभिषेक 8:00 से 9:00 बजे तक श्रीमद् गोपाल विलास संकीर्तन एवं कथा 9:00 से दोपहर 12:00 तक एवं शाम 3:00 से 5:00 बजे तक महापुरुषों के सदुपदेश शाम 5:00 बजे पाठ विसर्जन झांकी एवं संकीर्तन आश्रम परिक्रमा । 14 मार्च गुरुवार होली महोत्सव प्रातः 10:00 बजे से होली खेली जायेगी। रमणरेती आश्रम के व्यवस्थापक कार्ष्णि हरदेवानंद महाराज ने बताया रमणरेती आश्रम में पूरे भारतवर्ष के महामंडलेश्वर साधु संते` भगवान रमणबिहारी के साथ फूलों से गुलाल एवं टेसू के फूलों द्वारा बनाए गए रंगों से सराबोर हो कर होली खेलेंगे। फूलों की होली के लिए इंदौर मध्यप्रदेश की मंडी से गुलाब, गेंदा, कमल, डेजी, चंपा, चमेली, लिली, डाहलिया, हिबिस्कुस, सूरजमुखी, मैगनोलिया, बहुलिया, कचनार, कनेर, गुलमोहर, आदि प्रकार के 11 कुंतल फूल मंगाए जायेंगे। टेसू के फूलों का रंग जयपुर से लाया जाता है जो 11 हजार लीटर पानी में घोलकर पिचकारियों से श्रृद्धालु पर बोछार की जायेगी।

# बिजली विभाग के अधिकारियों ने चलाया चैकिंग अभियान

**मथुरा।** महानगर के मसानी के डीग गेट क्षेत्र में लाइन लॉस को देखते हुए बिजली अधिकारियों ने सुबह तड़के बिजली चोरी चैकिंग अभियान चलाया जिसमे 10 लोगों को पकड़ा गया है। टीम ने कार्यवाही की वीडियो एवं फोटोग्राफी की है ।लाइन लॉस को लेकर लगातार मुख्यालय द्वारा निर्देश दिए जा रहे हैं कि लाइन लॉस कम करते हुए राजस्व वसूली बढ़ाएं। इसी क्रम में बिजली विभाग की टीम ने तड़के अभियान चलाया। सुबह एसडीओ मसानी मानवेन्द्र गौतम के निर्देशन में जेई प्रतीक गुप्ता दिनेश यादव अनिल आदि कर्मचारियों ने इस क्षेत्र में चेकिंग करते हुए करीब 10 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा। सी पैनल से अतिरिक्त केबिल डालकर बिजली उपयोग किया जा रहा था। टीम ने वीडियो एवं फोटोग्राफी की। कार्रवाई से अफरा-तफरी का माहौल रहा। कुछ ने केबिल हटाने का प्रयास भी किया लेकिन सफलता नहीं मिली। कार्रवाई से चीफ इंजीनियर संजय कुमार जैन, एसई शहरी सुरेश चन्द्र रावत एवं एक्सईएन अनिल कुमार पाल को अवगत कराया गया है। एसडीओ मसानी के अनुसार अभियान जारी रहेगा। लोगों से अपील की जा रही है कि वह मीटर से ही बिजली का उपयोग करें।

# जिला समाज कल्याण अधिकारी के फर्जी पत्र से किया लाखों का घोटाला




**बरेली ।** सीबीगंज में जिला समाज कल्याण अधिकारी का फर्जी पत्र बैंक को भेजकर निष्क्रिय खातों में वृद्धावस्था पेंशन की रकम भिजवाकर हड़प ली गई। बैंक ऑफ बड़ौदा की परसाखेड़ा शाखा प्रबंधक आदित्य अग्रवाल की शिकायत पर सीबीगंज पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रेमनगर के गांधीनगर निवासी आदित्य अग्रवाल ने बताया कि वह परसाखेड़ा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में शाखा प्रबंधक हैं। बैंक में साल 2022 से करीब 14 खाते निष्क्रिय थे। उनकी शाखा को स्पीड पोस्ट के माध्यम से जिला समाज कल्याण अधिकारी के नाम से एक पत्र प्राप्त हुआ था। इस पत्र में निर्देशित किया गया था कि बैंक में निष्क्रिय खातों को सक्रिय कर उनमें वृद्धावस्था पेंशन हस्तांतरित कर दी जाए। इसके बाद इन खातों को सक्रिय कर उनमें वृद्धावस्था पेंशन के रुपये भेज दिए गए। उन्होंने बताया कि यह पत्र सभी बैंकों को भेजा गया था। ऐसे सामने आया घोटाला आदित्य अग्रवाल ने बताया कि अग्रणी बैंक के प्रबंधक की ओर से उन्हें 24 मार्च 2023 को पत्र मिला तो वह अन्य बैंकों के कर्मचारियों के साथ जिला समाज कल्याण अधिकारी के पास पहुंचे तो पता चला कि यह पत्र सभी बैंकों को भेजा गया था। इस पर उन्होंने सभी खाता धारकों को नोटिस जारी कर बैंक में रुपये जमा करने के निर्देश दिए, लेकिन 17 दिसंबर तक किसी ने खाते में रुपये वापस नहीं किए। तब उन्होंने आरोपियों के खिलाफ एसएसपी को शिकायती पत्र दिया। एसएसपी के निर्देश पर सीबीगंज पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। धोखाधड़ी का मास्टरमाइंड है विभागीय जांच कराने पर पता चला कि किसी यासीन नाम व्यक्ति ने जिला समाज कल्याण अधिकारी के नाम से फर्जी पत्र तैयार कर सभी बैंकों को स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज दिया। इस प्रकरण में अभी भी जांच जारी है। पता किया जा रहा है कि किन-किन बैंकों में इस तरह का घोटाला किया गया है। अग्रणी बैंक के प्रबंधक ने सभी बैंकों से जानकारी मांगी है। शाखा प्रबंधक की शिकायत पर जावित्री देवी, इतवारी हुसैन, चुन्नी देवी, कल्लन शाह, गंगा देवी, मुस्तरी, मिड़िया, देविका, रामकली, रसीतन, अशमिलन, हमीदन, नन्ही, मो. यासीन, इसरायल के खिलाफ धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बताया जाता है कि पूरे जिले में लाखों रुपये अपात्रों के खाते में चले गए हैं।

# शिवपुरी घाट पर रामगंगा पुल तैयार, जल्द होगा लोकार्पण पुल चालू होने पर घट जाएगी मीरगंज-सिरौली और कई अन्य शहरों की दूरी, एप्रोच रोड पर चल रहा काम



बरेली। रामगंगा के मदनापुर शिवपुरी घाट पर रामगंगा का पुल बनकर तैयार हो गया है। अप्रोच रोड बनाने का काम चल रहा है। अप्रोच रोड बनने के बाद पुल चालू होने पर शिवपुरी सिरौली से मीरगंज तहसील के गांवों और आसपास के कई शहरों की दूरी भी काफी हो जाएगी। मीरगंज एवं आंवला तहसीलों के गांवों को आपस में जोड़ने के लिए रामगंगा नदी के शिवपुरी घाट पर पुल का निर्माण हो रहा है। पुल लगभग तैयार है। रेलिंग लग चुकी है। फिनिशिंग का काम चल रहा है। पुल के ऊपर सड़क बिछाने का काम शेष रह गया है। एप्रोच रोड बनने के बाद पुल के ऊपर सड़क बनाने का काम भी कराया जाएगा। सेतु निगम पुल से शिवपुरी की ओर एक किलोमीटर एवं मदनापुर की ओर तीन किलोमीटर एप्रोच रोड बना रहा है। एप्रोच रोड पर मिट्टी कार्य हो चुका है। मदनापुर की ओर पत्थर बिछाए जा रहे हैं। कपूरपुर के प्रधान हरीश कुमार राजपूत ने बताया कि एप्रोच रोड पर पत्थर बिछाने का काम लगभग 70 प्रतिशत पूरा हो गया है। पुल चालू होने से सिरौली और मीरगंज आपस में सड़क मार्ग से जुड़ जायेंगे। पुल बनने पर मीरगंज से सिरौली की दूरी 18 किमी रह जायेगी। बताते चलें कि अभी सिरौली जाने के लिए मीरगंज के लोगों को बरेली-आंवला-रामनगर होते हुए 65 किमी की दूरी तय करनी होती है। कपूरपुर के ग्रामीणों ने बताया कि पुल बनने पर क्षेत्र के लोग सिरौली होकर बिसौली, चंदौसी, अलीगढ़ आसानी से जा सकेंगे। मदनापुर-शिवपुरी घाट पर बन रहे पुल के पूर्व में गोरा लोकनाथपुर बसंतपुर घाट व पश्चिमी में शाहबाद में रामगंगा पर पुल बने हैं। सेतु निगम के जेई ने बताया कि पुल लगभग तैयार हो चुका है। कुछ काम शेष रह गया है। विधायक डा. डीसी वर्मा ने बताया कि सेतु निगम को मार्च के अंत तक पुल और एप्रोच रोड बनाने के निर्देश थे। शीघ्र ही वह पुल का निरीक्षण करेंगे। शीघ्र लोकार्पण के लिए रेडी होगा पुल पुल लगभग तैयार है अभी एप्रोच बनाने का शुरू कर दिया गया है। यह कार्य भी जल्दी ही पूरा हो जाएगा। -वीके मौर्य, उप परियोजना प्रबंधक सेतु निगम-1 बरेली, शाहजहांपुर।

# महिला शिक्षिका, समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि की अर्पित



**अमरोहा।** जनपद अमरोहा में मुन्नी देवी एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा ग्राम- बरखेड़ा सादात द्वारा संस्था के प्रबन्धक नरदेव सिंह व भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष करतार सिंह सैनी ने देश की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया व एक विचार गोष्टी की जिसमें संस्था के प्रबन्धक नरदेव सिंह ने कहा कि उनका निधन 10 मार्च 1897 में हुआ था । इस दिन हर वर्ष देश उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित करता है । वह नारि सशक्तिकरण की प्रतीक हैं । उन्होंने आगे बढ़कर महिला शिक्षा से लेकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी। सावित्रीबाई फुले लड़कियों और महिलाओं के लिए प्रदर्शक और प्रेरणा हैं, लड़कियों और महिलाओं की शिक्षा में सावित्रीबाई फुले की विशेष भूमिका रही है 'सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर समाजसेवी श्रीमती मीनू सैनी ने कहा सावित्रीबाई फुले ने समाज सुधारक ज्योतिराव फुले के साथ महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष किया ' भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष श्री करतार सिंह सैनी ने कहा कि फुले दंपति ने 1848 में महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थित भिड़ेवाड़ा में महिलाओं के लिए देश का पहला स्कूल खोला ' सावित्रीबाई फुले को भारत में नारी आन्दोलन की जननी भी कहा जाता है इस अवसर पर श्री महिपाल सिंह, मुन्नी देवी, उर्मिला देवी, मीनू सैनी, देव सैनी, रवि कुमार, अक्षय कुमार, रिन्कू कुमार, प्रशान्त कुमार, शारूख,व दीपान्शु, सुबहान, आँचल, मोनू, अमित, तुषार यादव आदि बच्चे भी उपस्थिते रहें '

# छात्रों के बाद भिड़े कुलपति और रजिस्ट्रार रुहेलखंड विश्वविद्यालय बना जंग का अखाड़ा



**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय इन दिनों जंग का अखाड़ा बना हुआ है। कैंपस से लेकर हास्टल तक छात्रों के झगड़े शांत नहीं हुए थे कि कुलपति प्रो. केपी सिंह और रजिस्ट्रार अजय कृष्ण यादव आपस में भिड़ गए हैं। गुस्साये कुलपति ने कुलसचिव की ओर से जारी तीनों आदेशों को रद्द कर दिया। इसकी रिपोर्ट शासन और गवर्नर को भेजी गई है। पूरे विश्वविद्यालय में इन दिनों उथलपुथल का माहौल है। जिसका सीधा असर विश्वविद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों पर पड़ रहा है। विश्वविद्यालय में चल रहा था शीतयुद्ध अब खुलकर सामने आया एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह और कुलसचिव अजय कृष्ण यादव के बीच शुरूआत से ही सामंजस्य नहीं है। कुलपति अपनी तानाशाही चलाना चाहते हैं तो कुलसचिव उनसे किसी मामले में दबने को तैयार नहीं है। सेवा विस्तार मिलने के बाद से कुलपति और कुलसचिव के बीच विरोधाभाष और बढ़ते जा रहे हैं। कुलसचिव की गैर मौजूदगी में की गई कुछ जांच समिति गठन का मामला हो या अन्य शासकीय पत्राचार वाद-विवाद के विषय बनते रहे हैं। इन सभी के बीच कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह ने कुलसचिव की ओर से शासन को लिखे गए तीन पत्रों को प्रभावहीन कर निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया है। कुलपति ने कहा है कि कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने कुलपति के बिना अनुमोदन अनुशंसा के 19 दिसंबर 2023, 23 दिसंबर 2023 और 29 फरवरी 2024 को लिखे पत्रों को अनुचित बताया है। कुलपति बोले मेरे बिना अनुमोदन लिखे गए पत्र का कोई वजूद नहीं कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुछ शिक्षक, अधिकारी नीतिगत एवं वित्तीय निर्णय संबंधी कुछ ऐसे आदेश जोकि बिना मेरे संज्ञान में लाए सीधे निर्गत कर रहे हैं। जबकि राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत कुलसचिव को विश्वविद्यालय के अधीन अभिलेखों को अभिप्रमाणित करने की शक्ति प्राप्त होती है। वह न्यायालय, शासन विभिन्न आयोग, समितियों के प्रति जवाबदेह है। इसके बाद भी कोई गलत आदेश निर्गत होता है तो इसकी जिम्मेदारी उनकी नहीं है। वहीं कुलपति का कहना है कि उन्होंने 29 नवंबर 2023 को पत्र जारी करके पहले भी निर्देशित किया है कि पत्राचार करने से पहले पत्रावली पर कुलपति का अनुमोदन जरूरी है। कुलपति ने कुलसचिव के द्वारा बिना अनुशंसा व अनुमोदन के लिखे सभी पत्रों को निरस्त कर दिया है। चेतावनी दी है कि बिना अनुशंसा और अनुमोदन के लिखे पत्र अब प्रभावहीन व विधि शून्य माने जाएंगे।

# कालोनियों के हालात पर उपराज्यपाल का तंज, लाख सोने के फ्रेम में मढ़ दो! आईना झूठ बोलता ही नहीं!!



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल लगातार राजधानी के अलग-अलग इलाकों में घूमकर वस्तु स्थिति को लेकर दिल्ली सरकार को नसीहत दे रहे हैं। इसी क्रम में उपराज्यपाल ने ओखला का दौरा किया और मुख्यमंत्री पर परोक्ष रूप से कटाक्ष किया, 'लाख सोने के फ्रेम में मढ़ दो! आईना झूठ बोलता ही नही!!'। उपराज्यपाल दिल्ली की कालोनियों में व्याप्त अव्यवस्था से आहत अपनी भावना को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट के माध्यम से जाहिर कर रहे हैं। उप-राज्यपाल वीके सक्सेना ने एक्स हैंडल पर कहा, अखबारों में देखा कि इनके विकास के लिए सरकार ने 5500 करोड़ खर्च किये हैं।.. अकर्मण्यता और संवेदनहीनता का इससे अधिक ज्वलंत उदाहरण नहीं मिल सकता। उप-राज्यपाल ने ओखला क्षेत्र का दौरा किया। उप-राज्यपाल ने एक्स हैंडल पर समस्याओं से जुड़ी तस्वीरें साझा की। यह फोटो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नाम पर भी टैग करते हुए उपराज्यपाल ने कहा आपसे अनुरोध है कि इस गंभीर विषय का संज्ञान लें। आपकी सुविधा के लिए तस्वीरें संलग्न कर रहा हूं। शनिवार को अपने एक्स हैंडल पोस्ट पर उप-राज्यपाल ने कहा, दिल्ली के हर हिस्से से लगातार जनसुविधाओं के अभाव की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इसी संदर्भ में कल गोलाकुआं तेहखण्ड स्थित जेजे क्लस्टर तथा संजय कॉलोनी, ओखला जाकर वहां से जमीनी हकीकत को देखा। उपराज्यपाल ने एक अन्य पोस्ट में कहा, यहां के हजारों लोग गंदे बदबूदार नालों, जर्जर हालत में पड़े घरों में, कचरे के ढेर, नालों से निकले गाद और बीमारियों के बीच जीवन बसर करने को मजबूर हैं। यह शर्मनाक है कि देश की राजधानी में अपने नागरिकों की ऐसी दुर्दशा वर्षों से उपेक्षा की वजह से हो रही है। इसके साथ ही उप-राज्यपाल ने दिल्ली शहरी आश्रय विकास बोर्ड (डुसुब), दिल्ली राज्य औद्योगिक व संरचना विकास निगम (डीएसआईआईडीसी), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) सहित अन्य सभी संबंधित विभागों को बस्ती की साफ सफाई और जरूरी सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

# प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को 'सशक्त नारी-विकसित भारत' कार्यक्रम में भाग लेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को राजधानी दिल्ली में सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम में भाग लेंगे और इस दौरान 1,000 नमो ड्रोन दीदियों को ड्रोन सौंपेंगे तथा स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को रियायती ब्याज दर पर लगभग 8,000 करोड़ रुपये का बैंक ऋण भी वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। उसके मुताबिक प्रधानमंत्री स्वयं सहायता समूहों को लगभग 2,000 करोड़ रुपये का पूंजीकरण सहायता कोष भी वितरित करेंगे। पीएमओ ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 मार्च को सुबह 10 बजे भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली में सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम में भाग लेंगे और मो ड्रोन दीदियों द्वारा आयोजित कृषि ड्रोन प्रदर्शन के साक्षी बनेंगे।' देश भर के 11 अलग-अलग स्थानों से नमो ड्रोन दीदी भी एक साथ ड्रोन प्रदर्शन में भाग लेंगी। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री 1,000 नमो ड्रोन दीदियों को ड्रोन भी सौंपेंगे। पीएमओ ने कहा कि नमो ड्रोन दीदी और लखपति दीदी पहल विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के बीच आर्थिक सशक्तीकरण और वित्तीय स्वायत्तता को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का अभिन्न अंग है। उसने कहा, 'इस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री लखपति दीदियों को सम्मानित करेंगे, जिन्होंने दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सफलता हासिल की है और स्वयं सहायता समूह के अन्य सदस्यों को उनके उत्थान के लिए समर्थन और प्रेरित कर रही हैं।' प्रधानमंत्री प्रत्येक जिले में बैंकों द्वारा स्थापित बैंक लिंकेज शिविरों के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को रियायती ब्याज दर पर लगभग 8,000 करोड़ रुपये का बैंक ऋण भी वितरित करेंगे। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं सहायता समूहों को लगभग 2,000 करोड़ रुपये का पूंजीकरण सहायता कोष भी वितरित करेंगे।

# भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह कांग्रेस में शामिल



**नयी दिल्ली।** हरियाणा के हिसार से भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजेंद्र सिंह भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर रविवार को कांग्रेस में शामिल हो गए।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने आज यहाँ अपने निवास पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पुष्पगुच्छ भेंट कर श्री सिंह को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा हरियाणा के प्रभारी दीपक बावरिया भी मौजूद थे। पार्टी महासचिव मुकुल वासनिक ने श्री सिंह को कांग्रेस का पट्टा पहनकर उन्हें पार्टी में शामिल किया। सिंह ने इस मौके पर सांसद के रूप में पिछले पांच साल के दौरान हिसार की जनता की सेवा करने का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा किसानों के मुद्दे पहलवानों के साथ हुए बर्ताव जैसे कई मुद्दों पर उनकी भाजपा की विचारधारा से अस्मत रही है जिसकी कारण उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने का निर्णय लिया। इससे पहले उन्होंने खुद ट्वीट कर भाजपा की प्राथमिक सदस्यता इस्तीफा देने की जानकारी देते हुए बताया,÷मैंने राजनीतिक कारणों से कई मध्यकारी स्थितियों के कारण भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। मैं पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे हिसार की जनता की सेवा करने का मौका दिया।

# दिल्ली में बच्चा 40 फुट गहरे बोरवेल में गिरा, बचाव अभियान जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार देर रात एक बच्चा दिल्ली जल बोर्ड के जलशोधन संयंत्र में बने 40 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया, जिसे सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बच्चे को बचाने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) संयुक्त अभियान चला रहे हैं। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि देर रात करीब एक बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति पश्चिमी दिल्ली के केशोपुर मंडी इलाके में डीजेबी संयंत्र में बने एक बोरवेल में गिर गया है। उन्होंने बताया, सूचना मिलने पर पांच दमकल वाहनों को घटनास्थल पर भेजा गया। बाद में हमें अपने अधिकारियों से सूचना मिली कि एक बच्चा 40 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया है। उन्होंने बताया कि तत्काल बचाव अभियान प्रारंभ किया गया। एनडीआरएफ की टीम भी घटनास्थल पर है। गर्ग ने कहा कि एनडीआरएफ की टीम जल्द ही उस बोरवेल के समानांतर एक और बोरवेल खोदना शुरू करेगी जिसमें बच्चा गिरा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही एक टीम को मौके पर भेजा गया।

## NCR वालों के लिए गुड न्यूज

# एक्सप्रेसवे के किनारे 30 हजार वर्ग मीटर जमीन पर रेस्तरां स्ट्रीट बनाने की तैयारी

**नोएडा।** नोएडा और एनसीआर में रहने वालों के लिए खुशखबरी है। आने वाले दिनों में नोएडा में एक लाइन में रेस्तरां नजर आएंगे। नोएडा प्राधिकरण ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के किनारे रेस्तरां स्ट्रीट और बार खोलने की तैयारी शुरू कर दी है। यह रेस्तरां करीब 30 हजार वर्ग मीटर जमीन पर बनेंगे। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम के निर्देश पर अधिकारियों ने जमीन चिन्हित करने की कार्रवाई लगभग पूरी कर ली है। अधिकारियों ने बताया कि एक्सप्रेसवे किनारे सेक्टर-96, 97 और 98 एरिया में एक साथ लंबाई में प्राधिकरण के पास जमीन उपलब्ध है। इस जमीन का व्यावसायिक उपयोग भी किया जा सकता है। अब सीईओ मौके पर जाकर जमीन को देखेंगे।

**दिल्ली-आगरा हाईवे का सफर होगा जाम फ्री, यहां 150 करोड़ की लागत से बनेगा 7 लेन फ्लाईओवर**

अगर सीईओ सहमत हुए तो जल्द ही यह परियोजना आगे बढ़ जाएगी। दिल्ली-एनसीआर समेत देश के अलग-अलग हिस्सों से लोग नोएडा में आते हैं। यहां आने पर उनको खान-पान के लिए शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाना होता है। ऐसे में सीईओ डॉ. लोकेश एम का एक ही स्थान पर



सुप्रसिद्ध लोगों का व्यंजन उपलब्ध कराने का विचार है। सीईओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि कोई ऐसी रोड विकसित की जाए जिस पर बहुत सारे रेस्तरां व बार हों। यहां लोग दोस्त व परिवार के साथ सुबह का नाश्ता, दोपहर और शाम के खाने और पार्टी के लिए जा सकें। अभी शहर में ऐसी कोई जगह नहीं है। बाजार व मॉल की भीड़-भाड़ से बचकर काफी लोग दूसरे विकल्प तलाशते हैं, लेकिन वह नोएडा में नजर नहीं आता है। अब नोएडा में यह सुविधा लोगों को मिलेगी। रेस्तरां स्ट्रीट किस तरह से बनाई जाए इसके लिए प्राधिकरण एक मॉडल बनवाएगा। यह मॉडल तैयार करने के लिए प्राधिकरण की टीमें अलग-अलग शहरों में जाएंगी। प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम और नियोजन विभाग के महाप्रबंधक इश्तियाक अहमद भी गुरुगाम जाने की तैयारी में हैं। इसके अलावा कुछ और टीमें अलग-अलग जगह जाएंगी। टीमें सीईओ को रिपोर्ट सौंपेगी जिसके बाद कोई मॉडल तय कर उस पर प्राधिकरण काम शुरू करेगा।

# तानाशाही से लोकतंत्र को बदलने के विरुद्ध लड़ते रहेंगे लड़ाई : राहुल



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी का मकसद संकीर्ण तानाशाही करके लोकतंत्र को बदलना है लेकिन कांग्रेस इसके खिलाफ लड़ाई लड़ती रहेगी और उसके इन मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने देगी।

श्री गांधी ने ट्वीट किया,÷भाजपा सांसद का बयान कि उन्हें 400 सीट संविधान बदलने के लिए चाहिए, नरेंद्र मोदी और उनके 'संघ परिवार' के छिपे हुए मंसूबों का सार्वजनिक ऐलान है। श्री मोदी और भाजपा का अंतिम लक्ष्य बाबा साहेब के संविधान को ख़त्म करना है। उन्हें न्याय, बराबरी, नागरिक अधिकार और लोकतंत्र से नफ़रत है।÷

उन्होंने कहा,÷समाज को बांटना, मीडिया को गुलाम बनाना, अभिव्यक्ति की आज़ादी पर पहरा और स्वतंत्र संस्थाओं को पंगु बनाकर विपक्ष को मिटाने की साजिश से वो भारत के महान लोकतंत्र को संकीर्ण तानाशाही में बदलना चाहते हैं। हम आज़ादी के नायकों के सपनों के साथ ये षड्यंत्र सफल नहीं होने देंगे और अंतिम सांस तक संविधान से मिले लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा,÷संविधान का हर सिपाही, विशेष रूप से दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक जागें, अपनी आवाज़ उठाएं - इंडिया समूह आपके साथ है।÷

# द्वारका के 100 से ज्यादा अपार्टमेंट्स के पास नहीं है फायर एनओसी

**नई दिल्ली।** द्वारका इलाके में बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां 100 से ज्यादा ऐसे अपार्टमेंट्स पाये गए हैं, जिनके पास फायर एनओसी तक नहीं है। इसके बाद दिल्ली फायर सर्विस ने नोटिस भेजने शुरू कर दिए हैं।

दरअसल, द्वारका इलाके में घर में आग लगने की एक घटना इसी साल फरवरी में सामने आई थी। घटना में 83 साल की बुजुर्ग महिला व उनकी पोती ने जान बचाने के लिए अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से छलांग लगा दी थी। इस घटना में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। इस घटना के बाद दमकल विभाग ने एक अभियान चला कर इस बात को जानने की शुरुआत की कि कितने अपार्टमेंट है जहां या तो फायर एनओसी नहीं है या फिर एनओसी एक्सपायर हो चुकी है। जिस अपार्टमेंट में आग लगने की घटना हुई थी, वहां आग बुझाने के सुरक्षा उपकरण सही तरीके से काम नहीं कर रहे थे। दमकल विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जिन अपार्टमेंट्स की फायर एनओसी समाप्त हो चुकी है, उसमें सेक्टर 1,2, 4,5, 6, 7, 9 से 12, 15 से 17, 18, 19, 20,21, 22, 23, द्वारका मोड़ स्थित अपार्टमेंट शामिल है। दिल्ली फायर सर्विसेज की तरफ से इन सभी अपार्टमेंट के आरडब्ल्यूए को नोटिस भेजा जा चुका है। दमकल विभाग का कहना है कि जिन-जिन अपार्टमेंट में इस तरह की लापरवाही बरती गई है, उन्हें जल्द ही नोटिस भेजा जाएगा। दमकल विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा आग लगने की घटना या तो शॉर्ट सर्किट से होती है, (जिसमें बिजली के इक्विपमेंट के रखरखाव की लापरवाही होती है) या फिर गैस लीकेज की वजह से ऐसी घटनाएं सामने आती हैं। दिल्ली दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग का कहना है कि जो भी बिल्डिंग 15 मीटर से अधिक ऊंची है, उसे फायर की एनओसी लेने की जरूरत है। यह एनओसी पांच साल के लिए मान्य रहती है और इसे देने से पहले बिल्डिंग प्लान

**द्वारका इलाके में घर में आग लगने की एक घटना इसी साल फरवरी में सामने आई थी। घटना में 83 साल की बुजुर्ग महिला व उनकी पोती ने जान बचाने के लिए अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से छलांग लगा दी थी। इस घटना में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। इस घटना के बाद दमकल विभाग ने एक अभियान चला कर इस बात को जानने की शुरुआत की कि कितने अपार्टमेंट है जहां या तो फायर एनओसी नहीं है या फिर एनओसी एक्सपायर हो चुकी है। जिस अपार्टमेंट में आग लगने की घटना हुई थी, वहां आग बुझाने के सुरक्षा उपकरण सही तरीके से काम नहीं कर रहे थे।**

और अन्य दस्तावेज जमा कराए जाते हैं और अपार्टमेंट का निरीक्षण भी किया जाता है। आग लगने की घटनाओं से जुड़ी सबसे अधिक कॉल रिहायशी इलाकों से ही आती है। इसलिए इन इलाकों में सुरक्षा मानकों को पूरा करना बेहद जरूरी है। दमकल विभाग के अनुसार पिछले साल आग लगने की कुल 15,610 कॉल मिलीं। इनमें से करीब पांच हजार रिहायशी इलाके से आई थीं। इन घटनाओं में 59 लोगों ने अपनी जान गंवाई। दमकल विभाग की तरफ से इन आग की घटनाओं के दौरान करीब 700 लोगों को दमकल कर्मियों ने रेस्क्यू किया।

# 10 हजार रुपए लो और फोन वापस करो, पीड़ित ने लुटेरों से की अनोखी डील

**नई दिल्ली।** क्या आपने कभी सुना है कि कोई चोरी पहले सामान चोरी करके जाए फिर उसे लौटाने भी आए। फिल्मों के अलावा शायद ही आपने ऐसा कोई नजारा देखा हो, लेकिन इस बार दिल्ली में एक ऐसी घटना सामने आई है जहां लुटेरे पहले पहले आईस क्रीम वेंडर का फोन ले उड़ा और बाद में वो उसे फोन को लौटाने भी आए लेकिन इसी चक्कर में पुलिस के हत्थे चढ़ गए। मामला मयुर विहार का है। लुटेरों ने जिस शख्स का फोन छीना था उसने उन्हें 10 हजार रुपए का ऑफर दिया था। दरअसल आईसक्रीम वेंडर शानू खान ने फोन लूटने वाले एक शख्स को कहा था कि अगर वो उसे फोन लौटा देता है तो वो उसे 10 हजार रुपए देंगे। चोर इस डील के लिए तैयार हो गया और तय की गई जगह पर फोन लौटाने के लिए पहुंच भी गया। लेकिन इसी दौरान कुछ ऐसा हो गया कि शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक शानू खान की तरफ से दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक वह शुक्रवार को सुबह 9 बजे मयुर विहार फेज 3 मार्केट की तरफ जा रहा था। उसने अपना फोन हाथ में पकड़ा हुआ था। इस दौरान चोर आए और उसका फोन छीन लिया। शानू खान ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की लेकिन चोर उसे चाकू से डराकर वहां से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि इसके बाद शानू खान ने पास से गुजर रहे शख्स से फोन लेकर लुटेरों को फोन किया और कहा कि वह पैसों के बदले फोन वापस दे दें। लुटेरों ने उसे मिलने के लिए कई जगहों पर बुलाया, लेकिन वे से बुलाकर खुद कभी नहीं आए क्योंकि वह शायद यह जांचना चाहते थे कि पीड़ित के साथ पुलिस भी तो नहीं है। बाद में लुटेरों और पीड़ित के बीच फिर डील तय हो हुई और और खान को मयूर विहार फ़ेज़ 3 में एक मंदिर के पास आने के लिए कहा गया। इस बार आरोपी भी वहां पहुंचे। मौके पर आरोपी और



पीड़ित के बीच बहस शुरू हो गई। जब शानू खान ने चिल्लाना शुरू किया तो आरोपी जाने लगे। डिप्टीकमिश्नर (ईस्ट) अपूर्व गुप्ता ने कहा कि महा शिवरात्रि की तैयारी के लिए इलाके में पुलिस तैनात की गई है। उन्होंने चीखें सुनीं और आरोपियों को भागते देखा। कुछ देर पीछा करने के बाद उन्होंने लुटेरों को पकड़ लिया और फोन बरामद कर लिया।

# दिल्ली जल बोर्ड के बोरवेल में गिरे शख्स को मरी हालत निकाला गया, पहचान अब भी बाकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के केशोपुर इलाके में बोरवेल में गिरे शख्स की मौत हो गई है। इस शख्स की डेड बॉडी करीब 3 बजे बोरवेल से निकाली गई है। शनिवार को यह शख्स बोरवेल में गिर गया था। जिसके बाद उसे निकालने की लगातार कोशिशें चल रही थीं। न्यूज एजेंसी-द्दद्ध ने बताया है कि दिल्ली जल बोर्ड के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के बोरवेल में जो युवक गिरा था उसकी डेड बॉडी करीब 3 बजे निकाली गई है। अभी मरे हुए युवक की पहचान नहीं हो पाई है। दिल्ली पुलिस की तरफ से कहा गया है कि मरे हुए युवक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। केजरीवाल सरकार की मंत्री आतिशी ने एक्स पर कहा, %बहुत दुख के साथ यह ख़बर साझा कर रही हूँ कि जो पुरुष बोरवेल में गिरे थे, उन्हें रेस्क्यू टीम ने मृत पाया है। ईश्वर अपने श्री चरणों में उन्हें स्थान दे। प्रथम सूचना के मुताबिक़ मृत व्यक्ति 30 साल के आस पास की उम्र के पुरुष थे। वे बोरेवेल के कमरे में कैसे घुसे, बोरेवेल के अंदर कैसे गिरे - इसकी जाँच पुलिस द्वारा की जाएगी। मैं NDRF की टीम का धन्यवाद करती हूँ, जिन्होंने कई घण्टों से रेस्क्यू ऑपरेशन में हर संभव प्रयास किया। एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में नजर आ रहा है कि राहत टीमें मौके पर मौजूद हैं। एक एंबुलेंस भी वहां नजर आ रहा है। वहां कुछ लोगों की भीड़



नजर आ रही है। जानकारी दी गई है कि युवक की उम्र करीब 30 साल है। हालांकि, पहले यह जानकारी आई थी कि इस बोरवेल में एक बच्चा गिर गया था। लेकिन बाद में पता चला था कि 40 फीट गहरे बोरवेल में युवक गिरा था।

इधर DJB के बोरवेल में युवक के गिरने की घटना को दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने बेहद गंभीरता से लिया है। इस मामले में दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने बताया है कि दिल्ली के मुख्य सचिव को निर्देश दिया गया है कि 48 घंटे के अंदर वो दिल्ली के सभी खुले हुए बोरवेल को बंद किया जाए।

इसके अलावा आतिशी ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को यह भी निर्देश दिया है कि वो इस घटना के संबंध में निश्चित समय के अंदर जांच-पड़ताल कर कड़ा ऐक्शन लें और बोरवेल खुला रहने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों का पता लगा कर उनपर कड़ा ऐक्शन लें।

# विकसित भारत ब्रांड एंबेसडर वर्कशॉप में पुराना किला पर देश भर से जुटे कलाकार



**नई दिल्ली,।** विकसित भारत ब्रांड एंबेसडर के तहत रविवार को देश भर में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पुराना किला पर आर्टिस्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया, इसमें अलग-अलग राज्यों से कलाकारों ने हिस्सा लिया। बुजुर्ग, युवा और बच्चे भी इस वर्कशॉप का हिस्सा बने।

हरियाणा, उत्तर प्रदेश, असम और पश्चिम बंगाल से कलाकार यहां आए हैं। उनका कहना है कि केंद्र सरकार की तरफ से यह अच्छी पहल है। इतने बड़े मंच पर छोटे-बड़े सभी कलाकारों को एक साथ लाया गया है।

उनका कहना है कि 2047 तक देश को विकसित बनाने में कला की अहम भूमिक होगी। पहले कलाकारों को इस तरह का मौका नहीं मिलता था, लेकिन आज एक सरकारी आयोजन किसी भी निजी आयोजन से बड़ा होता है।पुराना किला पर सुबह से ही बड़ी संख्या में कलाकार पहुंच रहे हैं। छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए विकसित भारत ब्रांड एंबेसडर आर्टिस्ट वर्कशॉप में पहुंचे हैं।

# बंगाल में कांग्रेस को झटका, तृणमूल ने सभी 42 सीटों पर उम्मीदवार उतारे

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल की सभी 42 सीटों के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। इससे राज्य में सीट शेयरिंग की काँग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन की उम्मीदें पूरी तरह समाप्त हो गई हैं। तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी ने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। कृष्णा नगर से महुआ मोइत्रा को प्रत्याशी बनाया है। कूच बिहार सीट से जगदीश चंद्र बसुनिया को टिकट मिला है। इस सूची में हैरान करने वाले कई नाम है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर यूसुफ पठान को बहरामपुर से टिकट दिया गया है। यहाँ से काँग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी मौजूदा सांसद हैं। आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा को प्रत्याशी बनाया गया है। तीन सांसदों के टिकट काटे गए हैं जिनमें नुसरत जहां, मिमी चक्रवर्ती और अपरूपा पोद्दार शामिल हैं। बर्धमान-दुर्गापुर से कीर्ति झा आजाद, डायमंड हार्बर से अभिषेक बनर्जी, जलपाईगुड़ी से निर्मल चंद्र रॉय, दार्जिलिंग से गोपाल लामा, रायगंज से कृष्णा कल्याणी, बालुरघाट से बिप्लब मित्रा, मालदह उत्तर से प्रसून बनर्जी, मालदा दक्षिण से शाहनवाज अली रहमान, जंगीपुर से खलीलुर्रहमान, मुर्शिदाबाद से अबू ताहिर खान, रानाघाट से मुकुटधारी, बनगांव से विश्वजीत दास, बैरकपुर से पार्थ भौमिक, दमदम से सौगत रॉय, बारासात से काकली घोष दस्तीदार, बशीरहाट से हाजी नुरुल इस्लाम, जयनगर से प्रतिमा मंडल, मथुरापुर से बापी हलदर, जादवपुर से सयानी घोष, कोलकाता दक्षिण से माला रॉय, कोलकाता उत्तर से सुदीप बनर्जी, हावड़ा से प्रसून बनर्जी, उलूबेरिया से साजदा अहमद, श्रीरामपुर से कल्याण बनर्जी, हुगली से रचना बनर्जी, आरामबाग से मिताली बाग, तमलुक से देवांशु भट्टाचार्य, कांथी से उत्तम बारिक, घाटल से देव, झारग्राम से कालीपद सोरेन, मेदिनीपुर से जून मालिया, पुरुलिया से शांतिराम महत, बांकुरा से अरूप चक्रवर्ती, बर्दवान पूर्व से डॉ. शर्मिला सरकार, बोलपुर से असित मल और बीरभूम से शताब्दी रॉय को टिकट दिया है। ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी हैं कि असम और मेघालय में भी टीएमसी चुनाव लड़ेगी। वहीं उत्तर प्रदेश में एक सीट पर चुनाव लड़ने के लिए समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव से बात चल रही है। अब तृणमूल की तरफ से उम्मीदवारों की सूची जारी करने के बाद कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर लिखा, ÷कांग्रेस ने बार-बार पश्चिम बंगाल में टीएमसी के साथ सम्मानजनक सीट-बंटवारा समझौता करने की अपनी इच्छा व्यक्त की है। कांग्रेस ने हमेशा कहा है कि इस तरह के समझौते को बातचीत के माध्यम से अंतिम रूप दिया जाना चाहिए, न कि एकतरफा घोषणाओं से। कांग्रेस हमेशा से चाहती थी कि 'इंडिया' गठबंधन एक साथ मिलकर भाजपा से लड़े।÷

# भारत की 18 प्रतिशत आबादी को सहायक उपकरणों की आवश्यकता है : स्वास्थ्य सेवा के पूर्व महानिदेशक

**नई दिल्ली ।** स्वास्थ्य सेवाओं के विशेषज्ञों ने शारीरिक अक्षमता या पुरानी बीमारियों से उबरने में सहायक उपकरणों के लिए भारत की बढ़ती आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि देश की 18 प्रतिशत आबादी को सहायक उपकरण जैसे कि चश्मे, सुनने वाली मशीन, व्हीलचेयर, संचार उपकरण और कृत्रिम अंगों की जरूरत है। उन्होंने हाल में एक कार्यक्रम में इन उत्पादों और इनके उपभोक्ताओं के बीच के अंतर को कम करने के लिए साक्ष्य आधारित अनुसंधान और भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में हुए 8वें नेशनल हेल्थ राइटर्स एंड इन्फ्लूएंसर्स कन्वेंशन में सहायक प्रौद्योगिकियों के लिए बढ़ती आवश्यकता पर एक सत्र में विशेषज्ञों ने कहा कि भारत में करीब 25 करोड़ लोगों की मदद करने के लिए सहायक उपकरणों की बड़ी मांग है। इन लोगों को शारीरिक अक्षमता, बढ़ती उम्र या पुरानी बीमारियों से निपटने के लिए इन उपकरणों की आवश्यकता है। इस

**नवीन उत्पादों और उनके उपयोगकर्ताओं के बीच अंतर को पाटने के लिए साक्ष्य आधारित अनुसंधान महत्वपूर्ण है। ग्रोवर ने सहायक उपकरणों की प्रभावशीलता, उनके किफायती होने तथा सुगमता सुनिश्चित करने के लिए पक्षकारों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।**

मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में स्वास्थ्य सेवाओं के पूर्व महानिदेशक डॉ. आर के श्रीवास्तव ने बताया कि भारत की 18 प्रतिशत आबादी को सहायक उपकरण जैसे कि चश्मे, कान की मशीन (हियरिंग ऐड्स), व्हीलचेयर, संचार उपकरण और कृत्रिम अंगों की जरूरत है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की उप महानिदेशक और वैज्ञानिक डॉ. आशु ग्रोवर ने कहा कि आईसीएमआर और अन्य साझेदारों ने भारत के लिए प्राथमिकता के आधार पर कुछ सहायक उपकरणों की पहचान की है और वे देश में उनके विनिर्माण व आपूर्ति पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवीन उत्पादों और उनके उपयोगकर्ताओं के बीच अंतर को पाटने के लिए साक्ष्य आधारित अनुसंधान महत्वपूर्ण है। ग्रोवर ने सहायक उपकरणों की प्रभावशीलता, उनके किफायती होने तथा सुगमता सुनिश्चित करने के लिए पक्षकारों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने और बुजुर्ग, लंबे समय से अस्पताल में भर्ती मरीजों और जन्मजात या बाद में विकलांग होने वाले लोगों के सामाजिक समावेश के लिए ये उपकरण बहुत महत्वपूर्ण हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नेशनल गार्ड के सदस्यों और सीमा गश्ती एजेंटों को ले जा रहा हेलीकॉप्टर टेक्सस में दुर्घटनाग्रस्त, 3 की मौत



**टेक्सास , एजेंसी।** टेक्सस में अमेरिकी-मेक्सिको सीमा पर 8 मार्च को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में तीन नेशनल गार्ड के सदस्य और एक सीमा गश्ती एजेंट सवार थे। टेक्सस के अधिकारी ने बताया कि विमान में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, चौथे यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है। काउंटी के शीर्ष स्थानीय अधिकारी, स्टार काउंटी न्यायाधीश एलॉय वेरा ने बताया कि यह दुर्घटना ला ग्रुल्ला के पास हुई, जो स्टार काउंटी में है। बता दें कि ला ग्रुल्ला टेक्सास की रियो ग्रांडे घाटी में है। स्टार काउंटी शेरिफ कार्यालय ने शुक्रवार को फेसबुक पर पोस्ट किया कि वह काउंटी के पूर्वी हिस्से में हेलीकॉप्टर गिराए जाने की घटना को लेकर मदद कर रहा है। इससे पहले, जनवरी में मेक्सिको के साथ राज्य की सीमा पर गश्त कर रहे टेक्सस के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हालांकि, सह-पायलट के हाथ में मामूली चोट थी और हेलीकॉप्टर काफी क्षतिग्रस्त हो गया था। यह हेलीकॉप्टर टेक्सस सरकार के ऑपरेशन लोन स्टार के हिस्से के रूप में उड़ान भर रहा था।

### पाकिस्तान में ईशानिंदा के आरोप में 22 साल के छात्र को मौत की सजा

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** ईशानिंदा के आरोप में पाकिस्तान में 22 साल के एक छात्र को मौत की सजा सुनाई गई है। छात्र पर वाट्सएप के जरिए पैगंबर मोहम्मद के बारे में अपमानजनक शब्द कहने, तस्वीर और वीडियो को बनाने का आरोप हैं। इसमें अन्य 17 वर्षीय छात्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है क्योंकि वह नाबालिग है। बता दें कि पाकिस्तान में ईशनिंदा की सजा मौत है। हालांकि, इसके लिए राज्य द्वारा अब तक किसी को भी फांसी नहीं दी गई है, लेकिन कई आरोपियों को आक्रोशित भीड़ द्वारा पीट-पीट कर मारने का मामला सामने आया है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, छात्र के खिलाफ 2022 में पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) की साइबर अपराध इकाई द्वारा शिकायत दर्ज की गई थी। जिसके बाद ये कार्रवाई की गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसे तीन अलग-अलग मोबाइल फोन नंबरों से वीडियो और तस्वीरें मिलीं जो की काफी अपमानजनक थी। एफआईए ने कहा कि उसने शिकायतकर्ता के फोन की जांच की और पाया कि उसे अश्लील सामग्री भेजी गई थी। हालांकि, दोनों छात्रों के वकीलों ने कहा है कि उन्हें झूठे मामले में फंसाया गया है। बीबीसी ने बताया कि मौत की सजा पाने वाले दोषी के पिता लाहौर उच्च न्यायालय में अपील दायर करेंगे।

### कनाडा में छात्र ने परिवार के लोगों पर चाकू से किया हमला, छह की मौत, श्रीलंका के मूल निवासी

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा की राजधानी ओटावा में चाकूबाजी की घटना में छह लोग मारे गए। ओटावा पुलिस ने श्रीलंका के 19 वर्षीय छात्र को अपने साथ रहने वाले छह लोगों की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मृतकों में श्रीलंकाई परिवार के चार बच्चे भी शामिल हैं। ओटावा के पुलिस प्रमुख एरिक स्टब्स ने कहा कि आरोपी ने धारदार हथियार से लोगों पर हमला किया, जिसकी पहचान फेब्रियो डी-ज़ोयसा के रूप में की गई थी। उस पर फर्स्ट-डिग्री हत्या के छह मामले और हत्या के प्रयास का एक आरोप लगाया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मृतक श्रीलंकाई नागरिक हैं जो हाल ही में कनाडा आए थे। इनमें 35 साल की मां, सात साल का बेटा, चार साल की बेटी, दो साल की बेटी और ढाई महीने की बच्ची भी शामिल है। साथ ही 40 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हुई है, जो परिवार का परिचित था।

# शीर्ष भारतीय राजनयिक ने की तालिबान के विदेश मंत्री से अहम मुलाकात

**काबुल, एजेंसी।**
विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव जेपी सिंह ने गुरुवार को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी से मुलाकात की है। सिंह के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल भी वहां गया है। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। जेपी सिंह विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं और पाकिस्तान-अफगानिस्तान-ईरान विभाग के प्रभारी हैं।

अन्य देशों की तरह भारत भी अफगानिस्तान में तालिबान शासन को औपचारिक रूप से मान्यता नहीं देता है। बावजूद इसके दो साल के अंदर तालिबान नेता के साथ जेपी सिंह और भारतीय दल की यह दूसरी और नवीनतम मुलाकात है। इससे पहले जून 2022 में भी सिंह ने काबुल में वहां के विदेश मंत्री से मुलाकात की थी।

इस बैठक के बारे में विदेश मंत्रालय की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। अगस्त 2021, यानी जब से तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा किया है, तब से भारतीय राजनयिक



अफगानिस्तानी पक्ष से दोहा जैसे स्थानों पर मुलाकात करते रहे हैं। इनमें से अधिकांश प्रयासों का नेतृत्व सिंह ने ही किया है, जो विदेश मंत्री के कार्यालय में संयुक्त सचिव भी हैं।

तालिबान के एक प्रवक्ता ने दावा किया है कि मुत्ताकी और सिंह की बैठक के दौरान अफगानिस्तान-भारत संबंधों, आर्थिक मामलों, इस्लामिक स्टेट से लड़ने और भ्रष्टाचार से निपटने पर चर्चा की गई। इस दौरान अफगानिस्तान ने मानवीय सहायता के लिए भारत को धन्यवाद दिया है। तालिबानी विदेश मंत्री मुत्ताकी ने कहा कि तालिबान संतुलित विदेश नीति के तहत क्षेत्र में भारत को एक अहम साझीदार के रूप में देखता है और भारत के साथ राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करना चाहता है।

मुत्ताकी ने अफगान व्यवसायियों, चिकित्सा रोगियों और छात्रों को वीजा जारी करने की सुविधा देने करने के लिए जेपी सिंह को अधिकृत किया है। तालिबान के प्रवक्ता ने सिंह को कोट करते हुए कहा कि भारत अफगानिस्तान के साथ राजनीतिक और आर्थिक सहयोग बढ़ाने और ईरान के चाबहार बंदरगाह के माध्यम से व्यापार बढ़ाने में रुचि रखता है।

बता दें कि भारत ने हाल के महीनों में अफगानिस्तान को करीब 50,000 टन गेहूं, दवाएं, कोविड-19 की वैक्सीन और अन्य राहत सामग्री की आपूर्ति की है। हालाँकि, भारत ने अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे से पहले शुरू की गई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर फिर से काम शुरू नहीं किया है। 2021 में अशरफ गनी सरकार के पतन से पहले, भारत ने अफगानिस्तान के लिए 3 अरब डॉलर से अधिक की मदद का वादा किया था लेकिन तालिबान शासन आने के बाद भारत ने उस मदद को रोक दिया। हालांकि, पिछले महीने पेश 2024-25 के बजट में विदेशों के लिए आवंटित परिव्यय में अफगानिस्तान के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### भारत जैसे सहयोगियों के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उनका देश अनुचित आर्थिक व्यवहार, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए चीन के खिलाफ खड़ा है और भारत जैसे सहयोगियों के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहा है। नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले अपने आखिरी स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में बाइडन ने कहा कि अमेरिका, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहता है न कि टकराव। उन्होंने गुरुवार को अमेरिकियों को बताया कि देश बीजिंग के खिलाफ 21वीं सदी में प्रतिस्पर्धा जीतने के लिए मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा, हम चीन के अनुचित आर्थिक कदमों और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए उसके खिलाफ खड़े हैं और साथ ही सहयोगियों और प्रशांत क्षेत्र के देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान तथा दक्षिण कोरिया के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बना रहे हैं।

## खाली अपार्टमेंट में कांच की बोतलों में मिली 2 बच्चों की लाश, सफाई कर्मचारी के उड़े होश

**हांगकांग , एजेंसी।**
हांगकांग से बेहद ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां शनिवार को एक खाली अपार्टमेंट के लिविंग रूम में कांच की बोतलों में दो मृत बच्चे पाए गए। पुलिस ने बताया कि मृत बच्चों पर सफाई कर्मचारी की नजर पड़ी और उसने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। इस गंभीर मामले में माता-पिता को हिरासत में लिया गया। न्यू टेरिटरीज नॉर्थ डिवीजन के मुख्य निरीक्षक औ येंग टाक ने संवाददाताओं को बताया कि बोतलें 30 सेंटीमीटर (1 फुट) लंबी थीं और शवों पर चोट के कोई स्पष्ट निशान नहीं थे। उन्होंने कहा कि बच्चों की उम्र और क्या वे जन्म के समय मृत थे, इसका पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

शवों के अवैध निपटान के संदेह में एक 24 वर्षीय पुरुष और 22 वर्षीय महिला को हिरासत में लिया गया। औ युंग ने कहा कि दोनों अपार्टमेंट में रहते थे और माना जाता है कि दोनों कपल है। दरअसल, दोनों के बाहर चले जाने के बाद मकान मालिक ने शुक्रवारक को सफाईकर्मी को कपल के अपार्टमेंट भेजा था। हांगकांग के प्रसारक आरटीएचके ने बताया कि बच्चों के शवों को तरल पदार्थ में भिगोया गया था और बोतलों में रखा गया था।

## ग्रीस में समलैंगिक विवाह वैध होने के बाद हुई पहली शादी, लेस्बियन जोड़ा बोले- प्यार जीत गया

**एथेंस , एजेंसी।**
दक्षिणी यूरोप में बसे ग्रीस में हाली ही में समलैंगिक विवाह को कानूनी वैधता दी है। ग्रीस में अब पुरुष से पुरुष और स्त्री से स्त्री शादी कर सकते हैं। कट्टर ईसाई मुल्क होने और वहां के चर्च के विरोध के बावजूद वहां की संसद ने इससे जुड़े बिल को पास किया है। इस बीच अब एक लेस्बियन जोड़े ने शादी कर ली है। यह उस देश में पहला मामला है, जब दो लड़कों ने शादी की हो।

एक ग्रीक उपन्यासकार और उसके पार्टनर जो पेशे से एक वकील हैं, दोनों ने एथेंस के सिटी हॉल में शादी की। दोनों ग्रीस के पहले समलैंगिक जोड़े बन गए, जिन्होंने शादी की। बता दें कि रूढ़िवादी ईसाई राष्ट्र ग्रीस में तीन सप्ताह पहले ही एक बड़े बदलाव में समलैंगिक विवाह को वैध माना



गया है।

ऑगस्टे कॉर्टेउ के नाम से जाने वाले पेट्रोस हडजोपोलोस और वकील अनास्तासियोस सैमौलीडिस की शादी का जश्न एथेंस के मेयर ने भी मनाया। ग्रीक राजधानी के सिटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में दो दर्जन मेहमान ही शामिल हुए।

हडजोपोलोस ने इस घटना को एक सपना सच होने जैसा बताया, जिसे वो किशोरावस्था में देखने की हिम्मत नहीं करते थे।

एथेंस के मेयर हारिस डौकास ने समारोह को एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि एथेंस के प्रत्येक नागरिक को अपनी पसंद के अनुसार जीने और प्यार करने में सक्षम होना चाहिए और यही इसका उदाहरण है।

सामाजिक रूप रूढ़िवादी चर्च के कड़े विरोध के बावजूद ग्रीक संसद ने 15 फरवरी को एक वोट के साथ समलैंगिक विवाह को वैध बनाया है। मंगलवार को कोर्फू द्वीप पर चर्च के अधिकारियों ने इस बदलाव के लिए मतदान करने वाले दो स्थानीय सांसदों पर धार्मिक प्रतिबंध लगा दिया था।

बता दें कि यूरोपीय संघ के अधिकांश हिस्सों में समलैंगिक विवाह अभी भी वैध होने से बहुत दूर है। बुल्गारिया, क्रोएशिया, हंगरी, लातविया, लिथुआनिया, पोलैंड और स्लोवाकिया सहित कई सदस्य देशों में वर्तमान में इसके खिलाफ संवैधानिक प्रावधान हैं।



## विवाद के बाद भारतीय पर्यटकों का मालदीव से हुआ मोहभंग! टूरिज्म का हाल बेहाल; 33 फीसदी की गिरावट

**माले , एजेंसी।** भारत के साथ विवाद ने मालदीव का हाल बेहाल कर दिया है। दरअसल, पर्यटकों की कमी के कारण मालदीव का पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मालदीव पर्यटन मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में पिछले साल की तुलना में 33 प्रतिशत की गिरावट आई है। पर्यटन मंत्रालय के 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 4 मार्च तक 41,054 भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का दौरा किया था। वहीं, इस वर्ष 2 मार्च तक भारतीय पर्यटकों की संख्या 27,224 दर्ज की गई। मालदीव स्थित अधाधू ने बताया कि यह पिछले साल की तुलना में 13,830 कम था। पिछले वर्ष की समान अवधि में, भारत 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ मालदीव में पर्यटकों के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बाजार था। हालांकि, भारत अब छह प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ सूची में छठे स्थान पर है। दरअसल, मालदीव के तीन उपमंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा की तस्वीरों पर उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की, जिसके बाद दोनों देशों के बीच यह विवाद बढ़ गया। इसके बाद पीएम मोदी ने भारतीय द्वीप समूह को समुद्र तट पर्यटन और घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक गंतव्य के रूप में विकसित करने का आह्वान किया था। यह मामला एक बड़े राजनयिक विवाद में बदल गया। नई दिल्ली ने मालदीव के दूत को तलब किया और वायरल पोस्ट के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया।

## दो गाड़ियां और छह हमलावर... सामने आया हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का वीडियो

**ओटावा, एजेंसी।**
भारत द्वारा नामित आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का एक वीडियो फुटेज सामने आया है, जिसमें निज्जर को हथियारबंद लोगों द्वारा गोली मारते हुए दिखाया गया है। कनाडा स्थिति सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, इसे कॉन्ट्रैक्ट किलिंग बताया गया है।

निज्जर को 18 जून, 2023 की शाम को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे से बाहर निकलते ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसे 2020 में राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा आतंकवादी नामित किया गया था।

सीबीसी न्यूज के अनुसार, वीडियो द फिफ्थ एस्टेट द्वारा प्राप्त किया गया है और एक से अधिक स्रोतों द्वारा स्वतंत्र रूप से वेरीफाई भी किया गया है। इस हमले में छह लोग और दो वाहन शामिल थे।

गुरु नानक सिख गुरुद्वारे के अध्यक्ष की स्पष्ट लक्षित हत्या के कारण कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया कि हत्या में भारत सरकार का हाथ था। इस दावे का भारत की ओर से खंडन किया गया और इसके बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों में गिरावट आ गई।

वीडियो में निज्जर को अपने ग्रे डॉज राम पिकअप ट्रक में गुरुद्वारे की पार्किंग से निकलते हुए दिखाया गया है। जैसे ही वह बाहर निकले, एक सफेद सेडान उसके सामने आई, जिससे



उसका ट्रक रुक जाता है। इसके बाद दो लोग दौड़ते हैं और निज्जर को गोली मारकर भाग जाते हैं। दो गवाह, जो घटना के समय पास के एक मैदान में फुटबॉल खेल रहे थे, उन्होंने खुलासा किया कि गोली की आवाज सुनकर वे घटनास्थल की ओर भागे और आरोपियों का पीछा करने की कोशिश भी की।

समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, एक गवाह भूपिंदरजीत सिंह सिद्धू ने द फिफ्थ एस्टेट को बताया, हमने उन दो लोगों को भागते हुए देखा। हम उस ओर भागने लगे, जिधर से आवाज आई थी। सिद्धू ने अपने दोस्त मलकीत सिंह से कहा कि वह पैदल चल रहे दो लोगों का पीछा करे, जबकि वह निज्जर की मदद करने की कोशिश कर रहे थे।

उन्होंने कहा, मैंने उसकी छाती को दबाने की कोशिश की और उसे हिलाने की कोशिश की, ताकि देख सके कि वह सांस ले रहा है या नहीं, लेकिन वह पूरी तरह से बेहोश था और सांस नहीं ले पा रहा था। मलकीत सिंह ने कहा कि उन्होंने उन दोनों लोगों का तब तक पीछा किया, जब तक वे टोयोटा कैमरी में नहीं चढ़ गए। सिंह ने कहा, गली के पास से एक कार आई और वे दोनों उसमें सवार हो गए। उस कार में तीन अन्य लोग बैठे थे।

### अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं

वहीं, दूसरी ओर लगभग नौ महीने बाद भी रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने अभी तक निज्जर की हत्या के संबंध में संदिग्धों का नाम नहीं लिया है या गिरफ्तारी नहीं की है।

### भारत-कनाडा के संबंध बिगड़े

निज्जर की हत्या ने भारत और कनाडा के बीच एक बड़े राजनयिक विवाद को भी जन्म दिया। पिछले साल सितंबर में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा की धरती पर निज्जर की हत्या में भारत के शामिल होने के आरोप लगाए थे। हालांकि, भारत ने आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताते हुए खारिज कर दिया था। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, कनाडा इस हत्या पर अपने दावे को साबित करने के लिए कोई सबूत पेश नहीं कर पाया है।

## भारत में 15 साल से अधिक समय तक रहेगी स्थिर सरकार, जापान में जयशंकर बोले- संसद में बहुमत होना जरूरी

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत में सरकार को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि भारत में एक या दो दशक से भी अधिक समय तक स्थिर सरकार रहेगी। भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी पर निक्केई फोरम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित सुधारवादी और दूरदर्शी नेतृत्व के पास संसद में बहुमत होने के कारण साहसिक निर्णय लिए जा सकते हैं। जयशंकर ने निक्केई फोरम में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी बयान दिया। सौ प्रतिशत हमारे यहां 15 साल तक स्थिर सरकार होगी। यह 20 साल या उससे अधिक समय तक भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि हर देश, हर समाज अलग-अलग होता है। इसलिए जो बात भारत पर लागू हो सकती है, जरूरी नहीं कि वह दूसरे देशों के लिए भी हमेशा एक जैसी हो, लेकिन हमारा अपना अनुभव यह है कि राजनीति में स्थिरता की कमी या संसद में साहसिक निर्णय लेने के लिए बहुमत न होना एक बड़ी चुनौती है।

## चीन की सरकार सख्ती से मुसलमानों का चीनीकरण करने जा रही है

**बीजिंग, एजेंसी।**
चीन के एक सीनियर कम्युनिस्ट नेता मा शिनग्रुई ने कहा है कि देश में अब मुस्लिमों का चीनीकरण अनिवार्य हो गया है। मुसलमानों के खिलाफ पहले से ही अत्याचार और मानवाधिकार उल्लंघन के आरोपों में घिरे चीन ने एक और खतरनाक प्लान तैयार कर लिया है। चीन की सरकार सख्ती से मुसलमानों का चीनीकरण करने जा रही है। शिनजियांग में मुसलमान बहुल इलाकों में चीन अभियान चलाएगा। अभी 6 महीने पहले ही राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी शिनजियांग पहुंचे थे और उन्होंने अधिकारियों से कहा था कि इस्लाम का सिनिसिजेशन शुरू किया जाए। इसका मतलब है कि वहां रहने वाले अल्पसंख्यक समुदाय को चीनी सभ्यता,



संस्कृति और कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति वफादार बनाने का काम शुरू किया जाए। जाहिर तौर पर यह काम बिना अत्याचार के नहीं किया जाएगा। ऐसे में जानकारों का कहना है कि चीन का यह नया प्लान बेहद खतरनाक है और चीन के अल्पसंख्यकों पर खतरा मंडरा रहा है।

चीन के सालाना संसदीय सत्र के दौरान मा ने यह बयान दिया। वह गुआंगदोंग प्रांत के गवर्नर भी रह चुके हैं। बता दें कि हा के सालों में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग कई बार इस्लाम, बौद्ध और ईसाइयों के सिनिसिजेशन की बात कर चुके हैं। उनका कहना है कि लोगों को केवल कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति वफादार रहना चाहिए। इसके अलावा चीन की सरकार ने उत्तरपश्चिम के प्रांतों में एक साल तक इस्लाम के खिलाफ अभियान चलाया। आतंकवाद को खत्म करने के नाम पर यह अभियान चलाया जा रहा था। हालांकि इसका उद्देश्य उइगर मुसलमानों पर जुल्म ढाना और फिर उन्हें धर्मपरिवर्तन पर विवश करना था।

साल 2022 में यूएन की एजेंसी ने कहा था कि चीन में मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चीन की खूब आलोचना हुई। बावजूद इसके चीन में क्षेत्रीय अधिकारी सांस्कृतिक नरसंहार और बंधुआ मजदूरी करवाने से बाज नहीं आए। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया था कि शिजियांग में सबसे ज्यादा सोलर सेल का उत्पादन होता है। इन फैक्ट्रियों में मुसलमानों से जबरन काम लिया जाता है। दुनियाभर में इस बात का विरोध हुआ था। नवंबर 2023 की रिपोर्ट में कहा गया था कि चीन अपने कई प्रांतों में मस्जिदों को बंद करवा रहा है और मुसलमानों के चीनीकरण के लिए हर प्रयास कर रहा है। लोगों को नमाज पढ़ने तक से रोक दिया गया है। सार्वजनिक दस्तावेजों, सैटलाइट इमेज और गवाहों के जरिए इस बात के सबूत भी दिए गए थे।

THE PHOTON NEWS






## अश्विन और कुलदीप ने धर्मशाला टेस्ट में अहम भूमिका निभाई : सचिन

**मुम्बई ।** मास्टर ब्लास्टर के नाम से लोकप्रिय सचिन तेंदुलकर ने धर्मशाला में मिली जीत का श्रेय अनुभवी स्पिनर आर अश्विन और कुलदीप यादव को दिया है। सचिन तेंदुलकर ने अश्विन और कुलदीप की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन दौनों के सामने मेहमान टीम रन नहीं बना पायी। तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर लिखा, पहला टेस्ट हारने के बावजूद टीम इंडिया ने शानदार वापसी करते हुए 4-1 के स्कोर के साथ सीरीज जीत ली है। पूरी सीरीज के दौरान टीम ने हर अवसर का लाभ लाभ उठाया है। विशेष रुप से कुलदीप और अश्विन ने इंग्लैंड पर इस शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई है। इंग्लैंड की टीम इस मैच की दूसरी पारी में जब बल्लेबाजी करने उतरी तो अश्विन ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए दूसरी पारी में कुल 5 विकेट लिए। वहीं, पहली पारी में उन्होंने 4 विकेट लिए थे। वहीं कुलदीप यादव ने पहली पारी में 5 विकेट, वहीं दूसरी पारी में 2 विकेट लिए थे। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेजी से 50 विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गये हैं। वहीं इस मैच के बाद सहवाग ने ट्वीट करते हुए लिखा था कि आक्रामक रणनीति फ्लाप रही। इंग्लैंड का खेल बराबरी के लायक भी नहीं था। इस मैच में टीम और कप्तान दोनो ही विफल रहे हैं।

# इंग्लैंड को रौंदकर नंबर-1 बना भारत, तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया टॉप पर



**दुबई।**

इंग्लैंड से 4-1 से सीरीज जीतने के बाद भारत ने आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। रैंकिंग तालिका में भारत के अब 122 रेटिंग अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया 117 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड 111 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत ने धर्मशाला में पांचवें और अंतिम टेस्ट में पारी और 64 रनों से बड़ी जीत हासिल की। भारत ने इस जीत के साथ ही 4-1 से सीरीज पर कब्जा जमाया। हैदराबाद में पहला टेस्ट 28 रनों से हारने के बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए शेष चारों टेस्ट जीत लिए। विजाग, राजकोट, रांची और अब धर्मशाला में जीत ने टीम को ऑस्ट्रेलिया से आगे निकलने और आईसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने में मदद की। इस जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1-1 से ड्रा सीरीज के बाद भारत टेस्ट टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गया था। जबकि ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में जीत के बाद रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया था। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे टेस्ट के नतीजे चाहे जो भी हों, भारत शीर्ष पर रहेगा। आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023 की विजेता ऑस्ट्रेलिया वेलिंगटन में 172 रनों की जीत के बाद वर्तमान में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर लौटने के बाद भारत अब तीनों प्रारूपों में रैंकिंग के शिखर पर है। वनडे रैंकिंग में उसके 121 रेटिंग अंक हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया 118 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। टी-20 में भारत के 266 रेटिंग अंक हैं, जबकि इंग्लैंड 256 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

# जोकोविच को पांच साल बाद इंडियन वेल्स में जीत मिली

### नडाल के बाद 400 मैच जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बने

**इंडियन वेल्स ।**



सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नमेंट में जीत के साथ शुरुआत की है। जोकोविच ने अलेक्जेंडर वुकिच को 6-2, 5-7, 6-3 से हराकर इस टेनिस टूर्नामेंट में पांच साल बाद जीत हासिल की है। जोकोविच इस मुकाबले में जीत के साथ ही स्पेन के राफेल नडाल के बाद एटीपी मास्टर्स 1000 सीरीज में 400 मैच जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी भी बने हैं। साल 2019 के बाद इंडियन वेल्स में पहली बार खेल रहे जोकोविच ने इससे पहले पांच बार ये टूर्नामेंट जीता है। वहीं महिला वर्ग में कोको गॉफ ने भी क्लारा बुरेल को 2-6, 6-3, 7-6 (4) से हराकर अगले दौर में जगह बनायी। तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ़ अब तीसरे दौर में लूसिया ब्रोंज़ेटी से खेलेंगी। गॉफ ने एक अन्य मुकाबले में एन्हेलिना कलिनिना को 6-3, 6-4 से हराया। वहीं जेसिका पेगुला दूसरे दौर में हार के साथ ही बाहर हो गयीं। उन्हें रूस की अन्ना ब्लिंकोवा ने 6-2, 3-6, 6-3 से हराया। एक अन्य मुकाबले में जापान की नाओमी ओसाका ने रूस की ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 7-5, 6-3 से हरा दिया। ओसाका अब अगले दौर में एलिस मर्टेंस का सामना करेंगी। वहीं एक अन्य मुकाबले में विक्टोरिया अजारेंका को अमेरिका की कैरोलिन डोलेहाइड ने 7-5, 2-6, 6-3 से हरा दिया।

## पेरिस ओलंपिक की तैयारी में लगे हैं नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली ।**



देश के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा आजकल आगामी पेरिस ओलंपिक की तैयारी में लगे हैं। इसी को देखते हुए नीरज ने अपनी फिटनेस को लेकर कहा कि कहा कि में काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं। विश्व चैंपियनशिप और टोक्यों ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा इस सप्ताह से तुर्की में भी अभ्यास करेंगे। चोपड़ा ने कहा,''मैं इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिला करना चाहता हूं। साथ ही कहा कि आजकल वह शारीरिक तौर पर बहुत अच्छी स्थिति में हैं और उन्हें इससे पहले कभी इतना अच्छा महसूस नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि अभी तक मेरे अभ्यास सत्र भी बहुत अच्छे रहे हैं। मैं हमेशा ताकत और तकनीक के अलावा फिटनेस पर भी पूरा ध्यान देता हूं क्योंकि ये सफलता के लिए जरुरी है। साथ ही कहा,''मैं लंबे समय बाद अभी बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं लेकिन मैं यह साफ करना चाहता हूं कि अभ्यास और प्रतियोगिता एक जैसी नहीं होती हैं। जब आप देश की ओर से खेलते हो तो आपकी भावनाएं अलग तरह की होती हैं और आपका जोश हुआ बढ़ा होता है।

# फ्रेंच ओपन : सात्विक-चिराग की जोड़ी फाइनल में पहुंची, लक्ष्य बाहर हुए

**पेरिस ।**



भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गयी है। विश्व में नंबर एक रही इस भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया के सियो सेउंग जे और कांग मिन ह्युक की जोड़ी को सीधे गेम में 21-13, 21-16 से हराकर पुरुष युगल के फाइनल में जगह बनायी। इस भारतीय जोड़ी ने इस साल लगातार तीसरी बार फाइनल में प्रवेश किया है। फ्रेंच ओपन में भी यह जोड़ी तीसरी बार फाइनल में पहुंची है। अब फाइनल में इस भारतीय जोड़ी का सामना चीनी ताइपे के ली झे हुई और यांग पो ह्वान से होगा। पुरुष एकल में हालांकि भारत के लक्ष्य सेन थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न से 20-22, 21-13, 21-11 से हारने के कारण शुरुआत में ही बाहर हो गये। कुनलावुत ने सेमीफाइनल में एक घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में जीत हासिल की। वहीं सात्विक और चिराग ने शुरूआत से ही मुकाबले में अपनी बढ़त बनाये रखी। पहला गेम आसानी से जीतने के बाद सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में भी कोरियाई जोड़ी को वापसी का अवसर नहीं दिया। सात्विक और चिराग ने ये मुकाबला 40 मिनट में जीत लिया।

### संक्षिप्त समाचार



## जब लगेगा आगे नहीं खेल सकता तो संन्यास ले लूंगा : रोहित

**धर्मशाला ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि जब उन्हें लगेगा कि वह अब आगे खेल नहीं सकते तो वह संन्यास ले लेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज सीरीज में जीत से रोहित की कप्तानी क्षमता भी सामने आई है। इस सीरीज में अनुभवी खिलाड़ियों के बिना ही भारतीय टीम ने युवाओं के सहारे जीत दर्ज की है। रोहित ने इस सीरीज में बल्ले से भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। रोहित ने अपने संन्यास को लेकर कहा कि जब उन्हें लगेगा कि वह खेल खेलने के लिए अच्छे नहीं हैं तो वह खेल को अलविदा कह देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले दो-तीन साल से वह अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहे हैं। रोहित ने कहा, मुझे लगता है कि अगर किसी दिन मैं जागूं और मुझे महसूस हो कि मैं अच्छा नहीं हूं, मैं खेल खेलने के लिए अच्छा महसूस नहीं कर रहा हूं, तो मैं बस इस बारे में बात करूंगा और उन्हें इसके बारे में बता दूंगा पर अभी में महसूस करता हूं दो या तीन साल में मेरा क्रिकेट वास्तव में ऊपर चला गया है और मैं सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहा हूं। रोहित की बल्लेबाजी हाल में अच्छी रही है। उन्होंने 9 पारियों में 44.44 के औसत, दो शतक और एक अर्धशतक की मदद से 400 रन बनाए जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 131 रन रहा। वह डब्ल्यूटीसी इतिहास में सातवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और भारत के शीर्ष स्कोरर हैं, उन्होंने 32 टेस्ट मैचों में 50.03 की औसत और 58.39 की स्ट्राइक रेट से 2,552 रन बनाए हैं।

## बशीर और हार्टली ने बनाये रिकार्ड

**धर्मशाला ।** इंग्लैंड के शोएब बशीर ने भारतीय टीम के खिलाफ हुई सीरीज में जहां एक अनौखा रिकार्ड अपने नाम किया है। वहीं टॉम हार्टली के नाम एक शर्मनाक रिकार्ड दर्ज हुआ है। इस टेस्ट सीरीज में बशीर ने अच्छी गेंदबाजी की थी। इसी के साथ ही वह इंग्लैंड की ओर से 21 साल की उम्र में एक पारी में पांच विकेट लेने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बन गए हैं। बशीर ने धर्मशाला में आखिरी टेस्ट के तीसरे दिन के पहले सत्र के दौरान अपना अर्धशतक लगाया। उन्होंने कुल 46.1 ओवर के अपने स्पेल में 173 रन दिए और पांच विकेट लिए। बशीर के अलावा, 21 साल की उम्र में एक पारी में पांच विकेट लेने वाले खिलाड़ी हैं। बिल वोस (1), जेम्स एंडरसन (1) और रेहान अहमद (1) हैं। वहीं इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले ने पांचवें और अंतिम टेस्ट के दौरान सबसे अधिक रन दिये। भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में किसी मेहमान गेंदबाज द्वारा दूसरे सबसे ज्यादा रन दिए। हार्टले ने भारत के खिलाफ सीरीज में अब तक खेले पांच मैचों में 795 रन दिए हैं। वह टीम के साथी आदिल राशिद से पीछे हैं, जिन्होंने 2016 में सीरीज में 861 रन दिए थे। हालांकि हार्टली का बल्ले के साथ प्रदर्शन काफी अच्छा रहा।

# रोहित की कप्तानी में खिलाड़ियों को निखरते देखकर खुशी हुई : द्रविड़

### किसी के लिए भी टीम के दरवाजे बंद नहीं हुए

**धर्मशाला ।**



भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने इंग्लैंड के खिलाफ टीम के प्रदर्शन पर खुशी जताई है। द्रविड़ ने कहा कि रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति को विफल कर दिया। द्रविड़ ने कहा कि ऐसी शानदार टीम के साथ काम करना सौभाग्य की बात है। मैं उनसे सीखता रहता हूं। रोहित शानदार कप्तान है और खिलाड़ियों को उसकी कप्तानी में निखरते देखकर अच्छा लगा। द्रविड़ ने कहा कि इस श्रृंखला में कई शानदार पल आए। इस दौरान पर निजी आपात स्थिति से आर अश्विन का वापसी करना खेलना इस टीम का जुनून दिखाता है। उन्होंने कहा कि अश्विन उन हालात में लौटकर आया और खेला। वह टीम की जीत में योगदान देना चाहता था। यह इस टीम का जज्बा बयां करता है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए वह श्रृंखला का सबसे बड़ा पल था। एक कोच के रूप में इस तरह का माहौल देखकर खुशी होती है। अश्विन को राजकोट टेस्ट के दूसरे दिन पारिवारिक आपात स्थिति के कारण चेन्नई लौटना पड़ा था लेकिन वह तीसरे टेस्ट के चौथे दिन लौट आए थे।

वहीं रणजी ट्रॉफी खेलने से इंकार करन वाले ईशान किशन और श्रेयस अय्यर के लिए दरवाजे बंद होने की अशंकाओ को खारिज करते हुए द्रविड़ ने कहा कि रोहित और मैं अंतिम एकादश चुनते हैं। कई बार पता भी नहीं होता कि कौन अनुबंधित है और कौन नहीं। किसी के लिए भी दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। कुलदीप यादव के शानदार फॉर्म के बाद द्रविड़ ने कहा कि उसके लिए पिछला समय कठिन रहा है। वह ऐसे समय में गेंदबाजी कर रहा था जब टीम में आर अश्विन और रविंद्र जडेजा जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं।

## स्पोर्ट्स हर्निया के लिए मेरी सर्जरी हुई : सूर्यकुमार

**नई दिल्ली ।**



भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि स्पोर्ट्स हर्निया के लिए उनकी सर्जरी हुई है। वहीं इससे पहले ये अटकलें लगायी जा रहीं थीं कि दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान लगी टखने की चोट के लिए उनकी सर्जरी हुई है। सूर्यकुमार दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद से ही टीम से बाहर हैं। उनके आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस (एमआई) फ्रेंचाइजी की ओर से खेलने की उम्मीदें हैं। वह जनवरी में सर्जरी के लिए जर्मनी गए थे। सूर्यकुमार ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी सर्जरी को लेकर लगी आशंकाओं को दूर कर दिया है। अपने संदेश में, उन्होंने मिले समर्थन और प्यार के लिए आभार व्यक्त करते हुए अपने प्रशंसकों को आश्वस्त किया कि उनकी रिकवरी सही रही है। साथ ही कहा कि वह शीघ्र ही मैदान पर वापसी करेंगे। सूर्या ने कहा कि जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दूं कि कुछ सप्ताह पहले मेरे टखने का नहीं बल्कि स्पोर्ट्स हर्निया का ऑपरेशन हुआ था। इससे तेजी से सुधार हो रहा है। आप सभी के प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद, जल्द ही आप सभी से मुलाकात होगी। दक्षिण अफ्रीका में उनके टखने में चोट लग गई थी, इसलिए उनकी सर्जरी को लेकर कुछ भ्रम था क्योंकि कुछ लोगों को लगा कि उनके टखने की सर्जर हुई है। इससे पहले, जनवरी में अपनी सर्जरी के बाद, सूर्यकुमार ने लिखा- मैं अपने स्वास्थ्य के लिए आपकी चिंताओं और शुभकामनाओं के लिए सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं, और मुझे आप सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैं बहुत जल्द वापस आऊंगा।

## अब सीधे टी20 विश्वकप में खेलेगी भारतीय टीम

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम अब तीन महीने बाद ही मैदान पर नजर आयेगी। भारतीय टीम अब सीधे जून में वेस्टइंडीज ओर अमेरिका में होने वाले टी20 विश्वकप में खेलेगी। इसमें भारतीय टीम को अपना पहला मैच आयरलैंड के खिलाफ 5 जून को खेलना है। वहीं मार्च से माई के बीच खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलते हुए दिखेंगे। इसमें ये खिलाड़ी अलग अलग फ्रेंचाइजी टीम की ओर से खेलेंगे। भारतीय टीम अब आईसीसी टी20 विश्व कप के बाद ही कोई दिपक्षीय सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम को जिम्बाब्वे के खिलाफ जुलाई में 5 मैचों की सीरीज भी खेलनी है। भारतीय टीम को 6 जुलाई से 14 जुलाई के बीच इन सभी मुकाबलों में खेलना है। भारतीय टीम जिम्बाब्वे के दौरे पर 6 और 7 जुलाई को पहला और दूसरा टी20 मुकाबला खेलेगी। वहीं 10 तारीख को तीसरा जबकि 13 जुलाई को चौथा टी20 मैच होगा। इस सीरीज का अंतिम मैच 14 जुलाई को खेला जाएगा। यह सारे ही मैच हरारे में खेले जाएंगे।

# हरमनप्रीत की शानदार पारी से मुंबई इंडियंस महिला प्रीमियर लीग मुकाबले में जीती

**बेंगलुरु ।**



कप्तान हरमनप्रीत कौर की शानदार बल्लेबाजी से महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट(डब्ल्यूपीएल) 2024 के 16वें मैच में मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को सात विकेट से हरा दिया। इस मैच में हरमनप्रीत ने नाबाद 95 रन बनाये। इस मैच में जीत के साथ ही मुंबई इंडियंस की टीम के सात मैचों में पांच जीत और दो हार के साथ ही 10 अंक हो गये हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। इसी के साथ मुम्बई ने प्लेऑफ के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। वहीं छह मैचों में पांच हार के साथ ही गुजरात जायंट्स की टीम के केवल दो अंक हैं और वह अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर खिसक गयी है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात जायंट्स ने कप्तान बेथ मूनी के 66 और दयालन हेमलता के 74 रनों की सहायता से 20 ओवरों में सात विकेट पर 190 रन बनाये। इसके बाद ये लक्ष्य मुम्बई ने एक गेंद शेष रहते तीन विकेट के नुकसान पर 191 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 14वें ओवर में ही उसके 98 रनों पर ही तीन विकेट गिर गये। इसके बाद हरमनप्रीत और अमेलिया केर ने चौथे विकेट के लिए 93 रन बनाकर पारी को संभाला। हरमनप्रीत ने 75 रन बनाए।

मुंबई की ओर से यास्तिका भाटिया ने 49 और हेले मैथ्यूज ने 18 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। नैट साइवर-ब्रंट 57 रन बनाकर आउट हो गयीं। इसके बाद यास्तिका और हरमनप्रीत ने स्कोर को 98 रन तक पहुंचाया। यास्तिका 49 रन बनाकर एशले गार्डनर की गेंद पर आउट हुईं। इसके बाद हरमनप्रीत ने कप्तानी पारी खेलते हुए तेजी से रन बनाये।

हरमनप्रीत ने छह चौके और एक छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। हरमनप्रीत और अमेलिया ने चौथे विकेट के लिए केवल 22 गेंदों में ही 50 रन बन लिए। अंतिम छह गेंदों पर टीम को जीत के लिए 13 रनों की जरूरत थी,। हरमनप्रीत ने एशले गार्डनर की शुरुआती दो गेंदों पर छक्का मारा। इसके बाद अंतिम चार गेंदों में तीन रन बटोर कर अपनी टीम को जीत दिला दी।

## बेहतर टीम के खिलाफ मिली हार : स्टोक्स



**धर्मशाला ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है उन्हें बेहतर टीम के खिलाफ हार मिली है। ये पहली बार है जब इंग्लैंड की टीम को अपनी आक्रामक रणनीति से सीरीज में हार मिली है। कोच ब्रेंडन मैकुलम ओर स्टोक्स ने इससे पहले इस रणनीति से काफी सफलता हासिल की थी पर भारतीय टीम के खिलाफ वह विफल रहे। इस रणनीत के बाद से ही इंग्लैंड के खिलाड़ियों का खेलने का तरीका बदल गया। सीरीज 1-4 से गंवाने के बाद जब इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स से इसका कारण पूछा गया तो उन्होंने मैच के बाद कहा कि हम सीरीज की बेहतर टीम से हार गए हैं। हमें बहुत सारा क्रिकेट मिलने वाला है, इसलिए हम इसका इंतजार कर रहे हैं। स्टोक्स ने कहा कि जब आप सीरीज को कुल मिलाकर देखते हैं तो अपनी कमी समझ में आती है। जब भारत गेंद के साथ शीर्ष पर पहुंच गया तो बहुत सारे खिलाड़ी बल्लेबाजी के साथ भी आगे आ गए। आपको इन्हें रोकने के लिए प्रभावी तरीके तलाशने की जरूरत होती है। आपको उन खतरों को लेने के लिए पर्याप्त सकारात्मक माहौल चाहिए होता है। स्टोक्स ने कहा कि क्रॉली और डकेट ने शीर्ष पर अपनी साझेदारी जारी रखी है और बशीर और हार्टले पूरी सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते रहे हैं। रूट का अंत में फॉर्म में आना अच्छा है। जिमी एंडरसन के साथ मैदान पर होना शानदार रहा है। एक तेज गेंदबाज के लिए 700 विकेट लेना काफी अहम है, जिस दिन से उसने पहली बार क्रिकेटर बनना शुरू किया था तब से आज तक, इच्छा और प्रतिबद्धता अभी भी कायम है और वह सबसे फिट क्रिकेटर है जिसे मैंने कभी देखा है।

THE PHOTON NEWS





# आदित्य धर बनाएंगे नई एक्शन थ्रिलर फिल्म, रणवीर सिंह से मिलाया है हाथ

**फिल्म 'उड़ीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के डायरेक्टर आदित्य धर कुछ खास बनाने की योजना बना रहे हैं। ऐसे में उनकी पहली चॉइस कोई एक्शन थ्रिलर फिल्म बनाने की है। रिपोर्ट्स की मानें, तो इस फिल्म के लिए उन्हें हीरो मिल गया है। अब देखना यह बाकी है कि इस हीरो के साथ मिलकर आदित्य की फिल्म दर्शकों के लिए क्या नया लेकर आती है।**

## रणवीर दिखेंगे नए अवतार में

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो आदित्य धर की इस एक्शन थ्रिलर में रणवीर सिंह मुख्य किरदार निभाने वाले हैं। इसे लेकर आदित्य और रणवीर के बीच बातचीत चल रही है। इस फिल्म की पृष्ठभूमि भारतीय खुफिया एजेंसियों पर आधारित होगी। कहा जा रहा है कि फिल्म में रणवीर का एकदम अलग अवतार नजर आएगा। इस फिल्म पर साथ काम करने के सिलसिले में रणवीर और आदित्य की चार-पांच बार मुलाकात भी हो चुकी है। ये मुलाकातें पिछले 3 हफ्तों में हुई हैं। बस फिल्म साइन करने को लेकर कागजी कार्रवाई की जानी बाकी है।

## रणवीर को पसंद आई स्क्रिप्ट

ऐसा लगता है कि रणवीर भी पिछले कई दिनों से एक अच्छी फिल्म हाथ लगने का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में जब यह प्रस्ताव उन्हें मिला, तो उन्होंने तुरंत हां कह दिया। रिपोर्ट्स की मानें, तो आदित्य के कहने पर उन्होंने एक बार में हां कह दिया। पहली मीटिंग में आदित्य ने उन्हें फिल्म की सारी कहानी बता दी थी, जिसे सुनकर रणवीर को यह बहुत पसंद आई। रणवीर ने तो अपनी टीम को आदित्य की इस फिल्म के लिए अपनी तारीखें बुक करने को भी कह दिया है।

## आगे खिसकेंगी रणवीर की दूसरी फिल्में!

रणवीर आदित्य की इस फिल्म पर आगामी मई से काम शुरू कर पाएंगे। ऐसे में रणवीर की फिल्म 'डॉन 3' की शूटिंग आगे खिसक सकती है। ऐसा हुआ, तो वह इसे अगस्त 2024 तक ही शुरू कर पाएंगे। इसके बाद अगले साल वह शक्तिमान की शूटिंग भी शुरू करेंगे। गौरतलब है कि रणवीर सिंह की पिछली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी थी, जिसमें वह आलिया भट्ट के साथ नजर आए थे। उनकी अगली फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही सिंघम अगेन है।





# मैं खुद को पॉजिटिव रखने पर विश्वास करती हूं

**रसिका दुग्गल ने अपनी एक्टिंग और प्रतिभा से फिल्म इंडस्ट्री में एक अलग मुकाम हासिल किया है। उन्होंने फिल्मों और ओटीटी दोनों ही प्लेटफॉर्म पर कमाल का काम किया है। रसिका को मिर्जापुर के बीना त्रिपाठी के किरदार के लिए खूब प्रशंसा मिली। रसिका ने हामिद, ह्यूमरसली योर्स, मंटो, किस्सा-किस्सा, दिल्ली क्राइम जैसे प्रोजेक्ट्स में भी बेहतरीन काम किया है। रोल चाहे कॉमिक हो या सीरियस, रसिका हमेशा खरी उतरी हैं।**

रसिका ने कहा- हर वक्त आप कुछ बेहतर चाहते हैं। ये चाह भी बहुत जरूरी है। जिंदगी का वसूल है कि हम जिस समय जो चाहते हैं, वो नहीं मिलता है। एक गैप हमेशा रहता है। आप पर निर्भर करता है कि आप उस गैप को कैसे देखते हैं। हम सब काफी मीटिंग और ऑडिशन दिया करते थे। कई दफा लोग बहुत इज्जत देते थे और कई बार लोग दोबारा मिलते ही नहीं थे। ऐसा भी होता था कि 3 घंटे तक हम अंधेरी के श्रीजी रेस्टोरेंट के बाहर लाइन लगा कर खड़े रहते थे। हां, कई बार मायूसी भी होती थी। लेकिन उस समय खुद को यही याद दिलाती थी कि मैं अकेली नहीं हूं। मुझे याद है कि एक फिल्म के लिए मैंने काफी कोशिश की थी। लेकिन मुझे वो फिल्म नहीं मिली थी। उस दौरान मैं काफी मायूस हो गई थी। हालांकि मेरी दोस्त एडिटर थी, वो भी काफी परेशान थी। हम दोनों एक-दूसरे को चीयर अप किया करते थे।

## रियल लाइफ में मैं बहुत इमोशनल हूं

रसिका ने अपना इमोशनल साइड बताते हुए कहा- मैं फिल्में देखकर रोने लगती हूं। मैं उस तरह की ऑडियंस हूं जो फिल्में देखकर बहुत हंसती है, या बहुत रोती है। सच कहूं तो स्ट्रगल के समय मैं बहुत रोई हूं। मुझे लगता है एक्स्प्रेसिव होना बहुत जरूरी भी है। मैं मानती हूं- कोई भी फीलिंग हो, उसे पूरी तरह से महसूस करना और जाहिर करना अच्छा होता है।

## मझे ऑडिशन देने में कोई प्रॉब्लेम नहीं है

रसिका ने थोड़ा टीवी भी किया है। उन्होंने यशराज का एक प्रोजेक्ट किया था, जिसमें उनके साथ पंकज त्रिपाठी थे। रसिका से ओटीटी के बारे में भी बात हुई। उन्होंने कहा- हालांकि जब ओटीटी आया और मिर्जापुर रिलीज हुई, तो मुझे उम्मीद नहीं थी कि इस कदर मुझे इस रोल के लिए तारीफ मिलेगी। रसिका ने ऑडिशन की अहमियत बताई। उन्होंने कहा- एक डायरेक्टर के लिए ये जानना बहुत जरूरी होता है कि एक्टर मेरे किरदार पर फिट हो पा रहा है या नहीं। एक्टर-डायरेक्टर के लिए ऑडिशन अच्छा रहता है।

## मैं दिल्ली क्राइम के किरदार में खुद को देखती हूं

रसिका ने अपने किरदारों को निभाने के बारे में कहा- आप अपनी उतनी ही छाप छोड़ सकते हैं, जितना स्क्रिप्ट में आपका किरदार लिखा गया हो। फिर चाहे मैं मिर्जापुर की बात करूं या फिर दिल्ली क्राइम की। दिल्ली क्राइम की नीति सिंह मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं खुद को उस किरदार में देखती हूं। रसिका ने किसी कॉमेडी फिल्म में लीड रोल करने की ख्वाहिश भी जताई। रसिका को हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे अच्छी चीज ये लगती है कि यहां सबके लिए काम है। उन्होंने कहा- हमारे देश में इतने बड़े लेवल पर फिल्में बनती हैं। कितने ऐसे भी देश हैं, जहां फिल्में बनती ही नहीं हैं। मुझे एक्सपेरिमेंट करना बहुत अच्छा लगता है। ओटीटी के आने से राइटिंग को वो अहमियत मिली, जो कहीं खो गई थी।



# नेपोटिज्म पर खुलकर बोलीं श्रिया सरन

बॉलीवुड में कई कलाकार पहले भी नेपोटिज्म पर अपनी बात रख चुके हैं। अब एक्ट्रेस श्रिया सरन ने अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान भी जब इंडस्ट्री में आए थे तो एक आउटसाइडर थे। इनसाइडर-आउटसाइडर बहस के बारे में बात करते हुए श्रिया ने कहा, एक समय हर कोई आउटसाइडर था। शाहरुख खान भी एक आउटसाइडर थे जब उन्होंने इंडस्ट्री में प्रवेश किया था। चीजें अब काफी बदल रही हैं और यह तब तक बदलती रहेंगी जब तक इस पर बहस जारी रहेगी। एक्ट्रेस ने सुझाव देते हुए कहा कि वास्तव में स्क्रीन टेस्ट पर काम करने की जरूरत है। प्रत्येक प्रोडक्शन में स्क्रीन परीक्षण का एक आसान और सरल तरीका होना चाहिए, ताकि यह सभी लोगों के लिए कई दरवाजे खोले। श्रिया अगली बार शोटाइम में दिखाई देंगी, जिसमें इमरान हाशमी, महिमा मकवाना के साथ मौनी रॉय, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह भी हैं।



# महाशिवरात्रि पर तमन्ना भाटिया ने साझा किया ओडेला 2 का फर्स्ट लुक

महाशिवरात्रि और महिला दिवस के अवसर पर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर फिल्म ओडेला 2 का फर्स्ट लुक फैंस के साथ साझा किया है। इसी महीने से अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग शुरू की है।

1 मार्च को तमन्ना भाटिया ने अपनी इस नई फिल्म की शूटिंग शुरू की। इसकी जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साझा की गई। ओडेला 2, क्राइम-थ्रिलर ओडेला रेलवे स्टेशन का सीक्वल है, जो 2022 में रिलीज हुई थी। ओडेला 2 कई भाषाओं में रिलीज होगी। तमन्ना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया है। इसमें वह हाथ में डमरू, मस्तक पर तिलक लगाए महादेव की भक्ति में लीन दिख रही हैं। इसके साथ तमन्ना ने कैप्शन लिखा है, मुझे महा शिवरात्रि के इस शुभ दिन पर अपनी फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर की झलक साझा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। हर हर महादेव! शुभ महा शिवरात्रि। अभिनेत्री की आगामी फिल्म की पहली झलक देख यूजर्स जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, हर हर महादेव! आपको नई फिल्म के लिए ढेरों बधाई। एक अन्य यूजर ने लिखा, पहली झलक काफी दमदार है। फिल्म और भी दमदार होगी, इंतजार है। एक यूजर ने लिखा, शानदर लुक! जबर्दस्त फिल्म।

# 5 साल बाद टीवी पर कमबैक को लेकर उत्साहित हैं दीपिका सिंह

एक्ट्रेस दीपिका सिंह ने हाल ही में सीरियल मंगल लक्ष्मी से टेलीविजन पर अपना कमबैक किया। शो में दीपिका एक मजबूत लेकिन रिजर्व्ड होममेकर के किरदार में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री की मानें तो ये किरदार उनके द्वारा निभाए गए अब तक के किरदारों से काफी अलग है।

## ये किरदार मुझे एक बेहतर इंसान बनने में मदद कर रहा है

बातचीत के दौरान, दीपिका कहती हैं, मैं चैनल को धन्यवाद करना चाहूंगी कि उन्होंने मुझ पर इस शो के लिए विश्वास किया। मैंने अब तक जो भी काम किया, उससे ये बहुत ही अलग है। अब तक मैंने स्क्रीन पर एक स्ट्रॉन्ग वीमेन के रोल निभाए हैं। इस शो में भी मेरा किरदार अपने तरीके से स्ट्रॉन्ग है। वह अपनी फैमिली की बैकबोन है। लेकिन, वह कभी अपने किए काम के क्रेडिट की डिमांड नहीं करती। मेरा ये किरदार पूरी तरह से सेल्फलेस है। वैसे, इस किरदार के लिए मैंने अपने ऊपर भी काम किया है। रियल लाइफ में मैं सेल्फलेस बनने की राह पर हूं। मुझे लगता है कि ये किरदार मुझे एक बेहतर इंसान बनने में मदद कर रहा है।

## मैं एक क्लासिकल डांसर भी हूं

5 साल बाद टीवी पर वापसी के सवाल पर, अभिनेत्री ने कहा कि इस दौरान वे अपने डांस के पैशन को एक्स्प्लोर कर रही थीं। उन्होंने कहा, दरअसल, एक्टर के अलावा मैं एक क्लासिकल डांसर भी हूं। इस ब्रेक के दौरान, मैंने अपनी क्लासिकल डांस की पढ़ाई पूरी की। मैंने क्लासिकल डांस की विद्या ली। इसकी भी बोर्ड एग्जाम की तरह परीक्षा होती है।

## मैंने टीवी के अलावा, फिल्म में भी काम किया

बता दें, साल 2022 में दीपिका ने फिल्म टीटू अंबानी से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। दोनों प्लेटफार्म पर काम करने के अनुभव को साझा करते हुए, अभिनेत्री ने आगे कहा, हर प्लेटफार्म का काम करने का तरीका अलग हो सकता है। मैंने टीवी के अलावा, फिल्म में भी काम किया है। फिल्म के बाद, मैंने वेब सीरीज का इंतजार भी किया उन्होंने आगे कहा, फिल्म में आपको कम दिन के लिए शूटिंग करनी होती है। लेकिन, उसकी तैयारी कई महीने पहले से शुरू हो जाती है। बैकएंड पर बहुत काम होता है। कई बार तो 6-7 महीने वर्कशॉप, रीडिंग में लग जाते हैं। फिल्म के बाद, मैंने वेब सीरीज का इंतजार भी किया। फाइनली मंगल लक्ष्मी जैसा शो आया। सोचा ये तो जरूर करना चाहिए क्योंकि ये बहुत सुंदर स्टोरी है। मेरी ऑडियंस मुझे इसमें बहुत पसंद करेगी।



# गायक शान रेडियो नशा के लोकप्रिय शो क्रेज़ी फ़ोर टीनशोर सीज़न 7 को होस्ट करेंगे

**बॉलीवुड के प्रशंसित पार्श्व गायक शान फीवर नेटवर्क द्वारा संचालित एक लोकप्रिय शो क्रेज़ी फ़ॉर किशोर के बहुप्रतीक्षित सातवें सीज़न के मेजबान के रूप में कार्यभार संभालने के लिए तैयार हैं, जो श्रोताओं को स्वर्ण युग का जश्न मनाने वाली उच्च गुणवत्ता वाली प्रोग्रामिंग की पेशकश करने की अपनी प्रतिबद्धता जारी रखता है। भारतीय सिनेमा के दिग्गज कलाकार किशोर कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अपने करिश्माई व्यक्तित्व और संगीत उद्योग में व्यापक अनुभव के साथ, शान महान पार्श्व गायक किशोर कुमार को समर्पित प्रिय श्रद्धांजलि श्रृंखला में एक नया दृष्टिकोण लाने के लिए तैयार हैं।**

किशोर कुमार, जिन्हें अक्सर भारत के महानतम मनोरंजनकर्ता के रूप में जाना जाता है, ने अपनी विशिष्ट आवाज़ और अद्वितीय प्रतिभा से संगीत उद्योग पर एक अमिट छाप छोड़ी। अपने शानदार करियर के दौरान, किशोर कुमार ने रोमांटिक गीतों से लेकर जोशीले गानों तक, कई शैलियों में अपने भावनात्मक प्रदर्शन और अविस्मरणीय गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। और यह तथ्य तो सभी जानते हैं कि शान ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और भावपूर्ण प्रस्तुतियों के कारण दशकों तक अपनी मधुर आवाज और गतिशील मंच उपस्थिति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है। व्यक्तिगत स्तर पर श्रोताओं से जुड़ने की उनकी क्षमता उन्हें उस शो का नेतृत्व करने के लिए एक आदर्श विकल्प बनाती है, जो किशोर कुमार के शाश्वत संगीत और पुरानी यादों का जश्न मनाता है। क्रेज़ी फ़ॉर किशोर किशोर कुमार के प्रतिष्ठित गीतों को प्रदर्शित करके और भारतीय संगीत पर उनके प्रभाव को उजागर करके उन्हें श्रद्धांजलि देता है। शो के प्रत्येक एपिसोड में किशोर कुमार के अनसुने उदाहरणों, गीतों, सामान्य ज्ञान और उनकी यादों की प्रस्तुति दी जाती है। शान के नेतृत्व में, क्रेज़ी फ़ॉर किशोर सीज़न 7 एक अविस्मरणीय संगीत अनुभव प्रदान करने का वादा करता है जो एक नए और रोमांचक तरीके से दर्शकों को आकर्षित करते हुए किशोर कुमार की विरासत का सम्मान करता है। शो की मेजबानी करने के अलावा, शान से किशोर कुमार के जीवन और करियर के बारे में अंतर्दृष्टि साझा करने की उम्मीद की जाती है। रेडियो पर क्रेजी फॉर किशोर एक ऐसा शो है जो हमेशा से मेरा पसंदीदा रहा है.. मैंने हमेशा गुप्त रूप से आशा और कामना की है कि मैं इस शो का हिस्सा बन सकूं.. इसलिए जब सीज़न की पेशकश मेरे पास आई.. तो मैंने इसे दोनों के साथ स्वीकार कर लिया। हाथ. रेडियो नशा में रोहिणी और उनकी टीम इस संपत्ति के प्रति बेहद अनुभवी और समर्पित है और बेहद उत्साहजनक भी है। इससे मुझे बहुत आत्मविश्वास मिला और वास्तव में मुझे जल्दी से आरजे टोपी पहनने में मदद मिली। और बिल्कुल, जब एकमात्र किशोर कुमार के बारे में बात करने की बात आती है.. मैं उनकी आवाज, उनके व्यक्तित्व, उनकी निजी कहानियों के बारे में बात करता रह सकता हूं, आज के संगीत और गायकों पर उनका प्रभाव है। कुल मिलाकर मैं क्रेज़ी फ़ॉर किशोर, का बिल्कुल नया होस्ट बनने के लिए बेहद उत्साहित हूं। यह शो फीवर पर भी प्रसारित किया जाएगा, जिसने हाल ही में खुद को नए लुक और पोजिशनिंग के साथ नया रूप दिया है। श्रोताओं को शो फीवर एफएम स्टेशन पर सोमवार से शुक्रवार शाम 4-5 बजे तक और रेडियो नशा पर सोमवार से शुक्रवार क्रमशः सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे और रात 10-11 बजे तक सुनने को मिलेगा।

